


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 362 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र शु.11 2083 रविवार, 29 मार्च-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रणाली लगाने की मांग : सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। चुनावी प्रक्रिया में धांधली को रोकने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में दोहरी वोटिंग, पहचान बदलकर वोट डालने और फर्जी मतदाताओं द्वारा वोट डालने के मामलों का जिक्र किया गया है। याचिकाकर्ता ने आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्रों पर फिंगरप्रिंट और आइरिस बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की है। यह जनहित याचिका अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर की गई है।

# 'नौजवानों को नई उड़ान देगा'

### पीएम मोदी ने बताए अपनी खुशी के दो कारण



नोएडा, 28 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इस एयरपोर्ट की नींव 25 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री ने ही रखी थी। लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, युवाओं को पता है कि यह जो काम हो रहा है, यह नौजवानों के भविष्य को नई उड़ान देने वाला काम है। आज हम विकसित यूपी, विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, देश का सबसे बड़ा प्रदेश आज सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक बन गया है। आज मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं। जिसमें पहला, इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है।

दूसरा, जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है। पीएम मोदी ने कहा, आज पूरा विश्व चिंतित है, पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई देशों में खाने-पीने का सामान, पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद जैसी कई जरूरी चीजों का चारों तरफ संकट पैदा हो गया है।

## पीएम ने सऊदी के क्राउन प्रिंस से की बात


> पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। मैंने क्षेत्रीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की भारत की निंदा को दोहराया। मोदी ने बताया, हम इस बात पर सहमत हुए कि नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और शिपिंग लाइनों को खुला और सुरक्षित रखना आवश्यक है। सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए उनके निरंतर समर्थन के लिए मैंने उन्हें (सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस) धन्यवाद दिया। बता दें कि यह बातचीत अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद हुई, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन और सऊदी अरब सहित कई अन्य पश्चिम एशियाई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों की ओर कई मिसाइलें दागीं।

# विधानसभा में अमरावती को स्थायी राजधानी बनाने का प्रस्ताव

> सीएम नायडू ने केंद्र से की कानूनी मान्यता की मांग



अमरावती, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य विधानसभा में अमरावती को स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से अमरावती को आधिकारिक तौर पर राजधानी का कानूनी दर्जा देने की भी मांग की। यह प्रस्ताव एक विशेष विधानसभा सत्र के दौरान लाया गया, जिसमें विपक्षी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधायक मौजूद नहीं रहे।

**इस प्रस्ताव के पीछे की कहानी :**

दरअसल, अमरावती की कहानी आंध्र प्रदेश के 2014 के विभाजन से जुड़ी है। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014के तहत राज्य दो हिस्सों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बंट गया था। उस समय तय किया गया था कि हैदराबाद 10 साल तक दोनों राज्यों की साझा राजधानी रहेगा और इस दौरान आंध्र प्रदेश को अपनी नई राजधानी विकसित करनी होगी। इसी पृष्ठभूमि में नायडू ने अमरावती को अपनी ड्रीम राजधानी परियोजना के रूप में आगे बढ़ाया। 2014 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने विशेषज्ञों की मदद से अमरावती को राजधानी के रूप में चुना और विकास की दिशा में कदम बढ़ाए। हालांकि, परियोजना को पर्यावरणीय और वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा, बावजूद इसके राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण से राहत मिलने के बाद इसके आगे बढ़ने की उम्मीद जगी थी।

लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़ा राजनीतिक बदलाव हुआ। वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में वाईएसआरसीपी ने भारी बहुमत हासिल किया और सत्ता में आने के बाद अमरावती परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। नई सरकार ने विदेशी बैंकों से लिए जाने वाले कर्ज को भी वापस कर दिया और तीन राजधानियों अमरावती (विधायी), विशाखापट्टनम (कार्यकारी) और कर्नूल (न्यायिक) का प्रस्ताव सामने रखा।

## मिशन पुड्डुचेरी : 'मेरा बूथ सबसे मजबूत'

### 30 मार्च को कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे पीएम

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। देश के पांच राज्यों में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। खासकर दक्षिण भारत के केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्वीट कर राज्य के कार्यकर्ताओं और जनता में नया उत्साह फूंक दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि वह 30 मार्च को शाम 5:30 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 'डबल इंजन' की सरकार ने पुदुचेरी की जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया है। इसीलिए पुड्डुचेरी की जनता एक बार फिर एनडीए को अपना आशीर्वाद देने जा रही है। 30 तारीख को शाम 5:30 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।

# ममता सरकार के खिलाफ जारी की 'चार्जशीट'

> अमित शाह ने कहा 6 मई को बंगाल में बीजेपी सरकार बनेगी > 45 दिन में बॉर्डर पर बाड़ के लिए देंगे जमीन

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में बंगाल की टीएमसी सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी की है।

कोलकाता में अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और उनके निशाने पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार रही। अमित शाह ने कहा कि बंगाल ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां से घुसपैठिए एंट्री करते हैं और पूरे देश में अशांति फैलाते हैं। अमित शाह ने कहा, बंगाल में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता हमारे प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने के लिए बड़े आत्मविश्वास के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। हमारे विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी जी ने भी चुनाव से पहले ही पूरे बंगाल का दौरा कर, बंगाल में फैली अव्यवस्था, अराजकता, आर्थिक बदहाली और विशेषकर घुसपैठ के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। बंगाल का चुनाव




बंगाल के साथ-साथ पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। पूरे देश की सुरक्षा एक प्रकार से बंगाल के चुनाव के साथ जुड़ी है। घुसपैठ को लेकर अमित शाह ने कहा, असम में भाजपा सरकार बनने के बाद असम से घुसपैठ लगभग समाप्त हो गई है। अब एक ही रास्ता बचा है, जहां से पूरे देश में घुसपैठिए फैलते हैं और देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं।

आज हम टीएमसी सरकार के 15 साल के शासन के खिलाफ चार्जशीट लेकर आए हैं। यह चार्जशीट बंगाल की जनता की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ लगाई हुई है, जिसे भाजपा एक आवाज दे रही है। एक प्रकार से आने वाले चुनाव में बंगाल की जनता को तय करना है कि भय को चुनना है या भरोसे को चुनना है। यह चार्जशीट, टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है। सोनार बांग्ला का स्वप्न दिखाकर सिंडिकेट राज स्थापित कर बंगाल की जनता का शोषण करने वाले शासन की कहानी है। टीएमसी के कुशासन में बंगाल भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। ऊपर से नीचे तक आपराधिक सिंडिकेट जनता को परेशान कर रहे हैं।

## एनसीईआरटी-यूजीसी : 'नए नियमों को लेकर हुए विवाद से बचा जा सकता था'

> धर्मेंद्र प्रधान बोले-कमेटी सुधारेगी पाठ्यक्रम



नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। देश की शिक्षा व्यवस्था और पाठ्यक्रम को लेकर चल रहे घमासान पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने स्वीकार किया कि यूजीसी के नए नियमों और एनसीईआरटी की किताबों में 'न्यायिक भ्रष्टाचार' जैसे विषयों को शामिल करने से जो विवाद पैदा हुए, उन्हें टाला जा सकता था। उन्होंने माना कि इन मुद्दों को जिस तरह से समाज के सामने पेश किया गया, उसमें कमी रह गई।

**'हम भेदभाव के खिलाफ हैं' :**

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार की मंशा किसी को भी प्रताड़ित करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा संवैधानिक कर्तव्य है कि समाज के किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव न हो। चाहे वह अनुसूचित जाति (एससी), जनजाति (एसटी) हो या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), हम समानता के पक्षधर हैं। एनसीईआरटी विवाद पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि अब चीजें अदालती दिशा-निर्देशों के तहत आगे बढ़ रही हैं। दरअसल, कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब में 'न्यायिक भ्रष्टाचार' और जजों की कमी जैसे मुद्दों को जिस तरह से लिखा गया था, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद एनसीईआरटी ने माफी मांगते हुए उस किताब को वापस ले लिया था। शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी है कि अब इस अध्याय को फिर से लिखने के लिए जस्टिस इंदु मल्होत्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में पूर्व अटार्नी जनरल और एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद भी शामिल हैं।

# सीएम ने मूसी पुनरुद्धार परियोजना के तहत 'दक्षिणा काशी' के विकास की घोषणा की

### कई बाधाओं के बावजूद मूसी परियोजना को पूरा करेंगे : रेवंत रेड्डी

> मूसी परियोजना में एक बड़ी मस्जिद और चर्च बनेगा



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी ने 'दक्षिणा काशी' के विकास का ऐलान किया है, जिसे मूसी पुनरुद्धार परियोजना के तहत तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मांचिरेवुला में ओंकारेश्वर स्वामी और वीरभद्र स्वामी मंदिरों के शिलान्यास के दौरान कहा कि यह ऐतिहासिक पहल 8 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र करीब 1400 साल पुरानी विरासत से जुड़ा हुआ है, जिसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विपक्ष की ओर से आने वाली बाधाओं के बावजूद मूसी परियोजना को हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कुछ नेताओं ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में केस दायर कर विकास कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश की है और उनसे इसे वापस लेने की अपील की। धार्मिक सौहार्द का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मूसी कैचमेंट क्षेत्र के नागोले में एक बड़ी मस्जिद और चर्च का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है, लेकिन उपेक्षा के कारण मूसी नदी और ईसा नदी आज प्रदूषण और कचरे के ढेर में बदल चुकी हैं। इस कारण खासकर नलगोंडा जिले के लोग गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि हैदराबाद की ऐतिहासिक विरासत खत्म होने के कगार पर है और हमें बड़े शहरों की तरह प्रदूषण की समस्याओं से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार गोदावरी नदी का पानी मोड़कर मूसी में लगातार जल प्रवाह सुनिश्चित करने की योजना बना रही है।

## ईरान जंग पर बात करने पाकिस्तान जाएंगे 3 देश के विदेश मंत्री

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी।

युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ यूएई भी अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95% को रोक दिया गया। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने शनिवार को यूएई पर 20 बैलिस्टिक मिसाइल और 37 ड्रोन से हमला किया। वहां के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सभी मिसाइल और ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट कर लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। मंत्रालय ने बताया कि यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में लगातार सैन्य गतिविधियां बढ़ रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक यूएई पर 398 बैलिस्टिक मिसाइल, 15 क्रूज मिसाइल और 1,872 ड्रोन दागे जा चुके हैं। इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी।

#### सिंधु जल संधि पर सरकार का बड़ा कदम

## जम्मू-कश्मीर में 46 प्रतिशत बढ़ेगी हाईड्रो पावर क्षमता, परियोजनाओं में आई तेजी



नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। सिंधु जल संधि के निलंबित होने से जम्मू-कश्मीर में हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट्स का निर्माण तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में, इस केंद्र शासित प्रदेश में मौजूदा साल के आखिर तक हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर की कुल क्षमता में कम से कम 46. प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दिए गए सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस केंद्र शासित प्रदेश की कुल हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर क्षमता अभी 3540.15 मेगावाट है। दिसंबर 2026 तक इसके बढ़कर 5164.15 मेगावाट हो जाने की उम्मीद है। उस समय दो हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स 1000 मेगावाट का पाकलदुल और 624 एमडब्ल्यू का किरू चालू हो जाएंगे। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर 78 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 12 मेगावाट के करनाह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर भी जून के आखिर तक काम पूरा होने की उम्मीद है। सरकार के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर की अनुमानित क्षमता लगभग 18000 मेगावाट है, जिसमें से लगभग 15000 मेगावाट की पहचान की जा चुकी है। आंकड़ों के अनुसार, इसमें से अब तक 3540.15 मेगावाट क्षमता का इस्तेमाल किया जा चुका है।

क्षमता के इन अनुमानों में 13 प्रोजेक्ट्स शामिल हैं जिनकी कुल क्षमता 1197.4 मेगावाट है। छह केंद्रीय क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स हैं जिनकी क्षमता 2250 मेगावाट है और 12 निजी क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स हैं जिनकी कुल क्षमता 92.75 मेगवाट है।

सरकार ने बताया कि सिंधु जल संधि के अब निलंबित होने के कारण, चल रहे प्रोजेक्ट्स का निर्माण कार्य तेज हो गया है।

## एआई से तैयार 'काल्पनिक' फैसलों का हवाले देने से चिंतित सुप्रीम कोर्ट

> तेजी से फैल रही ये समस्या खतरनाक

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने वादियों और वकीलों के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा तैयार ऐसे फैसलों का हवाला देने की बढ़ती 'समस्या' पर चिंता जताई, जो कभी दिए ही नहीं गए। जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि यह प्रवृत्ति भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर की अदालतों में तेजी से बढ़ रही है।

**एआई से तैयार फैसलों का हवाला देने के चलन बढ़ा :**

यह टिप्पणी शीर्ष अदालत ने एक कंपनी के निदेशक द्वारा दायर याचिका पर बॉम्बे हाई कोर्ट की टिप्पणी को हटाते हुए की। पीठ ने कहा, रियायत के तौर पर हम उक्त पैराग्राफ में की गई टिप्पणियों को हटाते हैं। हालांकि, सच्चाई यह है कि यह समस्या अब सभी अदालतों में व्यापक हो चुकी है सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में। इस पर सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। दरअसल, यह मामला पहले से ही न्यायिक स्तर पर इस अदालत के विचाराधीन है।

**वह टिप्पणी जिस पर सुप्रीम कोर्ट को बोलना पड़ा :**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अपीलकर्ता की दलीलें 'चैटजीपीटी' की मदद से तैयार की गई, जिनमें एक ऐसा निर्णय भी शामिल था जिसका वास्तविक दुनिया में कोई अस्तित्व नहीं है।

**कोर्ट ने एआई की भाषा पहचान ली :**

हाई कोर्ट ने कहा था, प्रतिवादी ने फरवरी 2025 और अप्रैल 2025 में लिखित दलीलें दाखिल कीं। इन दलीलों के समग्र स्वर और कुछ स्पष्ट संकेत जैसे हरे रंग के 'टिक-मार्क', 'बुलेट प्वॉइंट्स' और बार-बार दोहराई गई बातों से यह प्रतीत होता है कि इन्हें चैटजीपीटी जैसे एआई टूल से तैयार किया गया है।

# मंत्रियों के अनौपचारिक समूह के साथ रक्षा मंत्री की बैठक



नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को पश्चिम एशिया संकट पर मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब केंद्र सरकार इस संघर्ष को लेकर कई बैठकें कर चुकी है और लोगों को यह भरोसा दिला रही है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है। विदेश मंत्रालय हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है और पश्चिम एशिया में मौजूद भारतीय नागरिकों को हरसंभव मदद देने की कोशिश कर रहा है।

इससे पहले, शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उप-राज्यपालों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की थी। इस बैठक में पश्चिम एशिया की हालिया स्थिति और उसके देश पर संभावित प्रभाव को देखते हुए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों की ओर से दिए गए सुझावों की सराहना की और कहा कि ये सुझाव बदलते हालात से प्रभावी तरीके से निपटने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्कता, तैयारी और मिलकर कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया।

पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ऐसे वैश्विक संकटों से निपटने का पहले से अनुभव है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र और राज्यों की ओर से 'टीम इंडिया' के रूप में मिलकर किए गए प्रयासों को याद किया, जिससे आपूर्ति श्रृंखला, व्यापार और आम जीवन पर पड़े असर को कम किया गया था। उन्होंने कहा कि यही सहयोग और तालमेल आज भी भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट के जज से साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के एक जज को ही निशाना बनाया गया। इस मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई की खार पुलिस ने झारखंड के जामताड़ा से 25 वर्षीय मझहर आलम इस्राइल मियां को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने फर्जी कस्टमर केयर नंबर और एक फिशिंग ऐप के जरिए जज को अपने जाल में फंसाया। उसने क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट्स दिलाने का झांसा देकर करीब 6 लाख 2 हजार रुपये की ठगी को अंजाम दिया। आरोपी का नाम 10 अलग-अलग राज्यों में दर्ज 36 साइबर ठगी के मामलों में सामने आ चुका है।

# 'बंगाल की जनता भाजपा को जवाब देगी'

## ममता बनर्जी का भाजपा पर बड़ा हमला, कहा- पूरे देश की सत्ता गंवानी पड़ेगी

**कोलकाता, 28 मार्च (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में चुनावी गर्मी तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा बंगाल को कमजोर करने की कोशिश करेगी, तो उसे पूरे देश की सत्ता गंवानी पड़ेगी। रानीगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने साफ कहा कि बंगाल की जनता भाजपा को जवाब देगी। और बंगाल से भाजपा का अंत करेगी।

रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी लगातार चौथी बार विधानसभा चुनाव जीतकर सत्ता में आएगी। उन्होंने यह भी एलान किया कि जीत के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली की सत्ता को चुनौती देंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अगर राज्य में आई तो बुलडोजर राजनीति करेगी और लोगों को उनके घरों से बाहर कर देगी।

### क्या भाजपा को बंगाल से देश में नुकसान होगा?

ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल को निशाना बना रही है, लेकिन इसका असर उल्टा पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि बंगाल को कमजोर करने की कोशिश भाजपा के लिए पूरे देश में भारी पड़ेगी। उनके मुताबिक, जनता भाजपा की नीतियों से नाराज है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी।

### चुनाव आयोग पर क्या आरोप लगाए?

ममता ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान नाम हटाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि यह काम भाजपा के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसकी एक सीमा होती है, लेकिन भाजपा हर सीमा पार कर रही है।

### राम नवमी हिंसा पर भी बोलीं ममता



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज इलाके में राम नवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर भी ममता ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने वादा किया कि सत्ता में लौटने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। राम नवमी के दौरान कई जगह पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। इसके बाद पुलिस ने जंगीपुर और रघुनाथगंज इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। चुनावी माहौल में इन घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दिल्ली की कुर्सी पर भी ममता की नजर

ममता बनर्जी ने साफ संकेत दिया कि उनका लक्ष्य सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि वह विपक्षी दलों को एकजुट कर दिल्ली में भी भाजपा को चुनौती देंगी। इससे साफ है कि आने वाले समय में राष्ट्रीय राजनीति में भी टकराव और तेज हो सकता है।

# डीआईजी भुल्लर रिश्वत प्रकरण

## भ्रष्टाचार के खेल में पंजाब के कई अफसर शामिल, सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की



चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई को कुछ नए और अहम सबूत मिले हैं। सीबीआई का दावा है कि भ्रष्टाचार के इस बड़े खेल में पंजाब के कई और अफसरों की भी भूमिका है। सीबीआई ने अब अज्ञात अफसरों के खिलाफ प्रिलिमनरी इन्क्वायर(प्राथमिकी) दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीबीआई की विशेष अदालत में अर्जी दायर कर यह जानकारी दी। बताया कि जांच के दौरान पंजाब के कई अधिकारियों और निजी व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आई है। इसलिए अर्जी दाखिल कर मोबाइल फोन, मूल दस्तावेज और नकदी अपने कब्जे में लेने की अनुमति मांगी है। सीबीआई के अनुसार, यह जांच पिछले वर्ष दर्ज भ्रष्टाचार केस से ही जुड़ी है। जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फारेंसिक जांच, व्हॉट्सएप चैट, पूछताछ और दस्तावेजों से कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क के सबूत मिले हैं।

सीबीआई का दावा है कि आरोपित सरकारी तंत्र तक अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर निजी लोगों को अवैध लाभ दिलाने के बदले रिश्वत लेते थे। सीबीआई ने 16 अक्टूबर को बिचौलिए कृष्णु शारदा को गिरफ्तार किया था। वह भुल्लर के नाम पर मंडी गोबिंदगढ़ के एक व्यापारी से आठ लाख रुपये रिश्वत मांग रहा था। सीबीआई को जांच के दौरान भुल्लर की भूमिका का भी पता चला। इसके बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया।

## टैक्स और बिजली बिल के खिलाफ श्रीनगर में पीडीपी का प्रदर्शन




श्रीनगर, 28 मार्च (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने शनिवार को श्रीनगर में बढ़ते टैक्स, बिजली शुल्क और पावर एमनेस्टी से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और आम लोगों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उमर अब्दुल्ला सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। पीडीपी नेताओं का कहना है कि टैक्स और यूटिलिटी चार्ज में बढ़ोतरी से आम आदमी की मुश्किलें बढ़ रही हैं। उन्होंने सरकार से जल्द राहत देने और लंबित पावर एमनेस्टी जैसे मुद्दों का समाधान करने की मांग की।

# 'पिनराई विजयन का आत्मविश्वास फर्जी'

## कांग्रेस नेता बोले- राज्य में सीएम के खिलाफ एंटी-इंकंबेंसी

**कोच्चि, 28 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने शनिवार को केरल की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजय के सत्ता में वापसी के दावे को फर्जी आत्मविश्वास करार देते हुए कहा कि राज्य में सरकार के खिलाफ मजबूत एंटी-इंकंबेंसी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चेन्निथला ने दावा किया कि राज्य में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के पक्ष में स्पष्ट राजनीतिक माहौल बन चुका है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाला है। उनके मुताबिक, बिजली दरों में चार बार वृद्धि हुई, बस किराए पांच बार बढ़ाए गए, जबकि पानी के शुल्क और जमीन रजिस्ट्रेशन की लागत भी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से आम लोगों पर सीधा असर पड़ा है।



नेता रमेश चेन्निथला

### 100 सीटों का लक्ष्य, यूडीएफ को भरोसा

चेन्निथला ने कहा कि यूडीएफ इस बार विधानसभा चुनाव में 100 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है और सभी सहयोगी दल मिलकर इसे हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा और सीपीआई(एम) पर मिलीभगत का आरोप

कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के बीच गुप्त समझौते का आरोप भी लगाया। उन्होंने दावा किया कि 2021 से दोनों दलों के बीच तालमेल बढ़ा है, जिससे चुनावी समीकरण प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विजयन के राजनीतिक हित एक-दूसरे से मेल खाते हैं, एक कांग्रेस मुक्त भारत चाहता है।

### 700 करोड़ के घोटाले का आरोप

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केरल में प्राइमरी कोऑपरेटिव सोसाइटी के लिए सॉफ्टवेयर खरीद में 700 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। चेन्निथला ने कहा कि अगर यूडीएफ सत्ता में आती है, तो इस मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्यार का वादा कर लड़की से रेप

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई के नेहरूनगर इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करना का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पहले युवती से दोस्ती की और धीरे-धीरे उससे नजदीकियां बढ़ाईं। उसने युवती को शादी का भरोसा दिलाकर उसका विश्वास जीता। इसी विश्वास का फायदा उठाते हुए, आरोपी ने कथित तौर पर कई बार युवती के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए।

जब युवती ने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया, तो उसने साफ तौर पर इंकार कर दिया और उससे दूरी बनाने लगा। उन्होंने बताया कि जब लड़की बार-बार शादी का दबाव बनाने लगी तो आरोपी ने लड़की से बात कर बंद कर दिया और दूर चला गया। इसके बाद पीड़ित लड़की ने नेहरूनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया।

# विशाखापत्तनम से आ रही इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल

## आईजीआई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित




नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी नुकसान की खबर नहीं है। फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की जानकारी मिलने के बाद मौके पर तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भेजी गई। फायर सर्विस डिपार्टमेंट ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी नुकसान की खबर नहीं है।

फायर डिपार्टमेंट को सुबह 10:53 बजे इमरजेंसी लैंडिंग की जानकारी मिली थी और तुरंत फायर टेंडर भेज गए। फ्लाइट सुरक्षित लैंड हुई। जानकारी के मुताबिक, इंडिगो की यह फ्लाइट विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रही थी।

फ्लाइट में टेक्निकल फॉल्ट होने की कॉल मिली थी। बताया जा रहा है कि विमान का एक इंजन फेल हो गया था, जिस कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 161 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। फिलहाल सभी एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है।

## लड़कियों से अश्लील हरकत करने वाला 'बाबा' गिरफ्तार

शिमला, 28 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के मॉल रोड पर लड़कियों के साथ शर्मनाक हरकत करने वाले कथित 'साधु बाबा' की पहचान हो गई है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस और प्रशासन बाबा को ढूंढने के लिए तेजी से सक्रिय हुआ था, जिसके बाद जांच टीम ने 'पाखंडी बाबा की खोजबीन शुरु की जिसमें आरोपी की पूरी कुंडली सामने आ गई है। ढोंगी बाबा की पहचान राजस्थान के टोंक जिले के निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में शिमला के बेदह पॉश इलाके मॉल रोड का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें एक बाबा वहां से गुजर रही लड़कियों के साथ बैड टच करता दिखाई दे रहा था।

बाबा ने वीडियो में सफेद रंग का चोला पहना हुआ था और माथे पर चंदन लगाया हुआ था। इस वीडियो के सामने आने के बाद से लोगों में बेहद गुस्सा था साथ ही पुलिस से इस मामले में जल्द कार्रवाई की मांग कर रही थी, वही पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में तेजी लाई।

# टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस में आक्रोश

## ज्योतिमणि बोलीं- सीटों के चयन में पारदर्शिता नहीं




चेन्नई, 28 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद एस ज्योतिमणि (करूर) ने तमिलनाडु में अप्रैल 23 को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए डीएमके गठबंधन में सीट चयन प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और पार्टी के हित पूरी तरह से समझौते का शिकार हो गए हैं।

ज्योतिमणि ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सीटों के चयन में कोई पारदर्शिता नहीं है। हमारा सुझाव कि सीटों का चयन विस्तृत चर्चा और पारदर्शिता के साथ किया जाए, उसे जिम्मेदार अधिकारियों ने खारिज कर दिया। कांग्रेस को इस गठबंधन में कुल 28 सीटें दी गई हैं।

सांसद के यह बयान ऐसे समय में आया है जब तमिलनाडु की प्रमुख राजनीतिक पार्टियां जैसे डीएमके और एआईएडीएमके आगामी चुनाव की रणनीतियां अंतिम रूप दे रही हैं। इसके साथ ही विजय की तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) जैसी नई पार्टियां भी ध्यान खींच रही हैं। ज्योतिमणि ने राज्य नेतृत्व पर सीट-साझा और चयन प्रक्रिया को गुप्त तरीके से करने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं के वर्षों के योगदान की अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने कहा यह देखना दुखद है कि पार्टी में योगदान न देने वाले लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत को बेच रहे हैं। सांसद ने चेतावनी दी कि अगर यह 'मर्चेंट या बिक्री आधारित दृष्टिकोण' जारी रहा, तो तमिलनाडु में कांग्रेस पार्टी को कोई नहीं बचा सकता। ज्योतिमणि ने संकेत दिया कि वह इस मामले पर चुप नहीं रहेंगी और सीटों व उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची सार्वजनिक होने पर और विस्तृत बयान देंगी। तमिलनाडु विधानसभा में कुल 234 सीटें हैं और चुनाव 23 अप्रैल को एक चरण में होंगे।



## नयागढ़ में पलटी तेज रफ्तार बस, ड्राइवर समेत 5 की मौत; 10 घायल

भुवनेश्वर, 28 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के नयागढ़ जिले में एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-57 पर तकरा घाटी के पास रात करीब एक बजे हुई, जब यात्रियों से भरी एक पर्यटक बस अनियंत्रित होकर चट्टान से टकराने के बाद पलट गई।

मिली जानकारी के अनुसार, बरहमपुर से हरिशंकर जा रही इस बस में करीब 60 यात्री सवार थे। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही चालक समेत पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान हरि पात्रा, लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, सुमति साहू और बस चालक प्रबीन साहू के रूप में हुई है। हादसे में घायल हुए यात्रियों में 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें नयागढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# हरीश राणा के निधन के बाद

## बीएमसी को मुंबई में इच्छामृत्यु के लिए 75 आवेदन मिले



मेयर रितु तावड़े

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई में इच्छामृत्यु (यूथेनेशिया) को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को 75 लोगों ने इच्छामृत्यु के लिए आवेदन दिए हैं। यह घटनाक्रम देश के पहले कोर्ट से मंजूर इच्छामृत्यु मामले के बाद सामने आया है, जिसने लोगों को इस दिशा में सोचने पर मजबूर किया है। इन आवेदनों में लोगों ने साफ तौर पर लिखा है कि अगर वे किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाएं या किसी हादसे के बाद कोमा जैसी स्थिति में पहुंच जाएं, जहां ठीक होने की कोई उम्मीद न हो, तो उन्हें इच्छामृत्यु का विकल्प दिया जाए।

इसके लिए उन्होंने 'लिविंग विल' भी तैयार कर नोटरी करवाई है और संबंधित अधिकारियों को जमा किया है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने इस मुद्दे पर स्पष्ट किया कि बीएमसी इन आवेदनों को सिर्फ सुरक्षित रख रही है। उन्होंने कहा, जो भी मरीज इच्छामृत्यु के लिए पत्र देता है, हम उसे सुरक्षित रखते हैं, लेकिन उसे लागू करने का अधिकार हमारे पास नहीं है।

यह जिम्मेदारी परिवार की होती है। कोर्ट ने हमें इन दस्तावेजों को रखने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें लागू करने का अधिकार नहीं दिया है।

## एसएचओ सिकंदर सिंह चौहान पर हमला



### वाहन रोककर की गई मारपीट जांच में जुटी पुलिस

जम्मू-कश्मीर पुलिस के एसएचओ सिकंदर सिंह चौहान पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा कथित रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने उनका वाहन रोककर उनके साथ मारपीट की। घटना के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि हमले में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 10 विदेशी पिस्तौल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस सीमा पार से हो रही ड्रग और हथियारों की तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में अमृतसर की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सीमा पार अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए इनके कब्जे से 10 विदेशी अत्याधुनिक पिस्तौलें और मैगज़ीन बरामद की हैं। यह जानकारी पंजाब के डीजीपी की ओर से सोशल मीडिया पर दी गई है। पंजाब डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी एक विदेशी गैंगस्टर के इशारे पर काम कर रहे थे।

पाकिस्तान स्थित तस्करों के साथ समन्वय स्थापित करके भारत में अवैध हथियारों की तस्करी कर रहे थे। यह खेप पंजाब भर के आपराधिक तत्वों में वितरित की जानी थी। अमृतसर पुलिस स्टेशन एसएसओसी में शस्त्र अधिनियम और बीएनएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# पूर्व सीएम और डिप्टी सीएम को होगी सजा

## केजरीवाल की टिप्पणी पर कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिरसा का पलटवार



अरविंद केजरीवाल



मंत्री कपिल मिश्रा

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और गृह मंत्री रमेश लेखक के गिरफ्तार होने के बाद दिल्ली में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने एक-दूसरे से वार पलटवार किया है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को नेपाल के पूर्व पीएम की गिरफ्तारी को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, नेपाल के पूर्व प्रधान मंत्री और गृह मंत्री अपने पुराने कुकर्मों की वजह से गिरफ्तार। इसके कुछ देर बाद दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने अरविंद केजरीवाल के पोस्ट पर जवाब दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, दिल्ली का भी पूर्व मुख्यमंत्री अपने कुकर्मों की वजह से जेल गया था, फिर जाएगा।

दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी केजरीवाल के पोस्ट पर जवाब दिया। उन्होंने लिखा, दिल्ली का भी पूर्व मुख्यमंत्री, एक उपमुख्यमंत्री और उसके मंत्री दिल्ली को लूटने के इल्जाम के चलते जेल गए थे और अब सजा भी होगी। मनजिंदर सिंह सिरसा का यह पोस्ट उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने दिल्ली विधानसभा के अंदर कहा कि मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल ने 'अंडर द टेबल' खूब पैसे कमाए।

सिरसा ने अपने बयान में कहा, आम आदमी पार्टी के पहले शराब की बोतल पर सरकार एक्साइज लेती थी। ये लोग आए और नई व्यवस्था में इस सिस्टम को बदल दिया गया ताकि 'बाय वन गेट वन फ्री' जैसे ऑफर्स के जरिए ये लोग खुले तौर पर मुनाफा कमाएं और अपनी जेब भरें। इन सब में मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल ने 'अंडर द टेबल' खूब पैसे कमाए।

उन्होंने आगे कहा, दिल्ली की जनता के खून-पसीने की कमाई को अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अपने करीबियों की जेब भरने में बर्बाद कर दिया। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यह पैसा इनकी बपौती थी? दिल्लीवासियों की गाढ़ी कमाई को इस तरह लुटाने का हक इन्हें किसने दिया था?

## हिमंता बोले- 99% हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं

### रिजल्ट बाद बस एक समुदाय की पार्टी बन जाएगी; शिवराज ने कहा- असम में बीजेपी की लहर

गुवाहाटी, 28 मार्च (एजेंसियां)। असम के असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि लगभग 99 प्रतिशत हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं। राज्य में इसके टूटने का प्रोसेस पहले ही शुरू हो चुका है। नतीजों के बाद, कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुवाहाटी में कहा कि हर जगह बीजेपी के पक्ष में जोरदार लहर है। मैं यह सिर्फ कहने के लिए नहीं कह रहा हूं।

हमें सेंचुरी (100 सीटें जीतना) लगाने का भरोसा है। असम में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में चुनाव हैं। 30 मार्च को पीएम मोदी नमो ऐप के जरिए एक रैली को वर्चुअली संबोधित करेंगे। राज्य बीजेपी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से इस अनोखी और इंटरैक्टिव पहल में हिस्सा लेने के लिए ऐप डाउनलोड करके रजिस्टर करने की बात कही है। असम में 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए मौजूदा बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा।

# कोलकाता बंधक कांड का मास्टरमाइंड है सुनील केजरीवाल

## पुलिस ने पांच आरोपियों को लाया जम्मू

जम्मू, 28 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू के दो युवकों को कोलकाता में बंधक बनाने के मामले का मास्टर माइंड सुनील केजरीबाल निकाला है। हरियाणा के हिसार जेल में पकड़े गए पांच आरोपियों में से एक की मुलाकात केजरीबाल से हुई थी। यहां से विदेश जाने और नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को फंसाने की साजिश रची गई। पूरी योजना को अंजाम मुख्य सरगना ने जम्मू में दो एजेंटों की संलिप्ता से किया। फिलहाल, मुख्य आरोपी केजरीबाल और एक अन्य समीर फरार है।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जम्मू से युवकों को कोलकत्ता तक पहुंचाया। यहां आरोपियों ने होटल लेक ब्यू रायल में बंधक बनाया। पैसों की डिमांड के लिए वीडियो बनाकर परिजनों को भेजा गया और 35 लाख रुपये की मांग की गई।

आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकत्ता से जम्मू लाया था। अब पुलिस ने पुलिस रिमांड लिया है। यह जानकारी प्रेस वार्ता में एसपी अजय शर्मा ने प्रेस वार्ता में दी। मामले में दो युवकों को बचाया गया है जबकि पांच आरोपियों को जम्मू लाया गया। पहले आरोपी ट्रांजिट रिमांड पर थे। अब उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों को कुल 34 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। पुलिस ने पैसों को रिकवर कर लिया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन गांधी नगर में जगमोहन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बेटे मनिंदर सिंह और उनके साथी तुषार चिब को कोलकाता में बंधक बनाकर रखा गया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जो कोलकाता पहुंची और तकनीकी निगरानी तथा स्थानीय पुलिस के समन्वय से आरोपियों का पता एक होटल में लगाया।

21 मार्च 2026 को दोनों पीड़ितों को सुरक्षित बचा लिया गया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ितों को बांधने के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री भी बरामद की गई। जांच के दौरान जम्मू स्थित दो एजेंटों की संलिप्तता सामने आई।

जिन्होंने पीड़ितों को विदेश में वर्क वीजा दिलाने के बहाने लुभाया था।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
मेरा हैदराबाद
रविवार, 29 मार्च, 2026 3

सुविचार
तूफ़ान का आना भी जरुरी होता है ज़िंदगी में तभी पता चलता है कौन हाथ पकड़ता है और कौन हाथ छोड़ जाता है!

# बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : रेवंत रेड्डी

## आंगनवाड़ी बच्चों के लिए नाश्ता योजना का शुभारंभ



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि केवल खाद्य सुरक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना तेलंगाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आज 'तोली मुद्दा' नाश्ता योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौष्टिक भोजन की कमी एक गंभीर चिंता का विषय है और बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का यह एक बड़ा कारण है। उन्होंने बताया कि छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के मानसिक विकास के लिए उचित पोषण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सरकार ने बचपन से ही बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए इस नाश्ता योजना की शुरूआत की है।

उन्होंने यह भी बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भधारण के समय से ही माताओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अशिक्षा दूर करने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और सिंचाई को प्राथमिकता दी थी। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार आंगनवाड़ी कर्मचारियों की सभी लंबित समस्याओं का समाधान करेगी और उनसे अपील की कि वे नाश्ता योजना को पूर्ण समर्पण के साथ लागू करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों की देखभाल अपने परिवार के सदस्यों की तरह करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए स्थायी भवनों के निर्माण की योजना तैयार की जाए और निजी भवनों में संचालित हो रहे केंद्रों को समाप्त किया जाए।

# उत्पीड़न से परेशान युवती ने की आत्महत्या, आरोपी पर मामला दर्ज

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मलकपेट इलाके में एक 24 वर्षीय युवती ने कथित तौर पर उत्पीड़न से परेशान होकर शुक्रवार रात आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, युवती अपने माता-पिता के साथ मूसारामबाग क्षेत्र में रहती थी।

मलकपेट के सब-इंस्पेक्टर संजीव रेड्डी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से राजू नाम का एक व्यक्ति अलग-अलग फोन नंबरों से युवती को लगातार परेशान कर रहा था। शुक्रवार को युवती अपने घर के एक कमरे में गई और छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे देखा और तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी राजू के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# राज्यपाल ने श्रीराम राज्याभिषेक समारोह में भाग लिया



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और तेलंगाना की प्रथम महिला जानकी शुक्ला ने शनिवार को सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर, भद्राचलम में श्रीराम राज्याभिषेक समारोह में भाग लिया। भगवान श्रीराम के दिव्य राज्याभिषेक के अवसर पर, राज्यपाल ने मंदिर की परंपरा के अनुसार भगवान को पट्टु वस्त्र अर्पित किए। आध्यात्मिक आनंद व्यक्त करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि इस ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण मंदिर में इस पवित्र अनुष्ठान का साक्षी बनने का अनुभव अत्यंत पुण्यकारी है। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों की शाश्वत प्रासंगिकता पर बल दिया और सभी से मर्यादा पुरुषोत्तम द्वारा प्रदर्शित धार्मिकता, करुणा और सत्यनिष्ठा के गुणों का पालन करने का आग्रह किया। दिन की शुरूआत में, राज्यपाल ने भद्राद्री मंदिर में मुख्य देवताओं के दर्शन किए और विशेष प्रार्थनाएं अर्पित कीं। मंदिर के पुरोहितों ने विस्तृत वैदिक मंत्रोच्चारण और भव्य अनुष्ठान के साथ पदाभिषेक समारोह संपन्न किया। उन्होंने गवर्नर को आशीर्वचन दिया और प्रसाद प्रदान किया। कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वरराव, राज्यपाल के विशेष मुख्य सचिव एम. दानकिशोर, एंडोमेंट्स के कमिश्नर, भद्राद्री कोत्तागुड़ेम के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, तथा वरिष्ठ मंदिर अधिकारी राज्यपाल के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी के परियोजना अधिकारी बी. राहुल और सहायक परियोजना अधिकारी (सामान्य) डेविड द्वारा स्थापित भद्रागिरी मार्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शित आदिवासी उत्पादों का निरीक्षण किया और कई वस्तुएं खरीदीं, जिससे उन्होंने आदिवासी कारीगरों और स्थानीय उद्यमों के समर्थन को उजागर किया।

# बीआरएस के वॉकआउट पर मंत्री श्रीधर बाबू का पलटवार

## बीआरएस को बीस कल्याण के मुद्दों पर बोलने का अधिकार नहीं

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार में मंत्री श्रीधर बाबू ने विधानसभा में बीआरएस सदस्यों के वॉकआउट पर कड़ा जवाब देते हुए कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपने दस वर्षों के शासन में पिछड़े वर्गों के साथ व्यवस्थित अन्याय किया है और उन्हें कोई ठोस लाभ नहीं पहुंचाया। ऐसे में पार्टी को बीस कल्याण के मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। मंत्री ने कहा कि बीआरएस नेताओं ने हर मुद्दे पर गंभीरता की कमी दिखाई है, इसी कारण वे महत्वपूर्ण चर्चाओं के दौरान भी बार-बार वॉकआउट करते हैं।



उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर वॉकआउट करना ही है तो निरंतरता और प्रतिबद्धता के साथ करें, बीच-बीच में सदन में आना-जाना राजनीतिक अवसरवाद को दर्शाता है, जिसे जनता देख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा बीसी कल्याण के लिए किए जा रहे ईमानदार प्रयासों को विपक्ष पचा नहीं पा रहा है और अनावश्यक आलोचना कर रहा है। मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में सरकार ने बीसी आरक्षण के मुद्दे पर प्रगतिशील कदम उठाए हैं, जबकि विपक्ष इसे पीछे ले जाने की कोशिश कर रहा है। पुलिस कल्याण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केवल भत्ते देना ही पर्याप्त नहीं है।

सरकार समग्र रूप से पुलिस कल्याण के लिए काम कर रही है, ऐसे में निष्क्रियता के आरोप निराधार हैं। परिवहन विभाग में किए गए सुधारों का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने तकनीक आधारित बदलाव शुरू किए हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और जनता को तेज व बेहतर सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस सरकार के दौरान तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम व्यवस्था कमजोर हुई, लेकिन अब वही लोग सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। मंत्री ने याद दिलाया कि बीआरएस शासन में जब आरटीसी कर्मचारी हड़ताल पर थे, तब कोई नेता उनसे बातचीत करने आगे नहीं आया। अब उसी मुद्दे पर बयान देना उनकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है।

# बीआरएस का विधानसभा से वॉकआउट, सरकार पर वादे पूरे न करने का आरोप

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं और दिव्यांगों को पेंशन व सहायता देने तथा बीसी आत्म गौरव भवन और बीसी उप योजना के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित न करने के विरोध में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों ने शनिवार को विधानसभा से वॉकआउट किया। विधानसभा में बीसी कल्याण, परिवहन, पंचायत राज और गृह विभाग से जुड़ी मांगों पर मतदान के दौरान बीआरएस विधायकों ने बीसी कल्याण निगम को कम बजट दिए जाने पर सरकार की आलोचना की।

बीआरएस विधायक गंगुला कमलाकर ने सवाल उठाया कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद बीसी समुदाय के ठेकेदारों को कितने ठेके दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय निकायों में बीसी को 42 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

# बीआरएओयू ने छात्रों की रोजगार योग्यता बढ़ाने के लिए कौशल पाठ्यक्रम शुरू किए

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ.बी.आर. अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी (बीआरएओयू) ने शनिवार को तेलंगाना में अपने लर्नर सर्विस सेंटरों में प्रथम और द्वितीय वर्ष के स्नातक छात्रों के लिए नौकरी-उन्मुख और कौशल-वर्धन पाठ्यक्रमों पर राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। टीसीएस रिटेलर्स एसोसिएशन के स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और श्री रामानंद तीर्थ ग्रामीण संस्थान के सहयोग से, विश्वविद्यालय कंप्यूटर कौशल, अंग्रेज़ी संचार, व्यवसाय प्रबंधन और आईटी में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, ताकि छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ सके। छात्रों को प्रोत्साहित किया गया कि वे इन पाठ्यक्रमों में अपने नियमित डिग्री कार्यक्रमों के साथ नामांकन करें। टीसीएसी आईओएन के साथ प्रवेश वर्तमान में खुले हैं, जिसमें बी.ए., बी.कॉम और बी.एससी के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र कंप्यूटर दक्षता, अंग्रेज़ी संचार, व्यवसाय प्रबंधन और आईटी जैसे उद्योग-संबंधित कौशल सीख सकते हैं। श्री रामानंद तीर्थ ग्रामीण संस्थान के माध्यम से छात्र बुनियादी कंप्यूटर संचालन, मोबाइल मरम्मत, सौर ऊर्जा प्रणालियों और सीसीटीवी कैमरा प्रबंधन जैसे व्यावहारिक कौशल प्राप्त कर सकते हैं।

# खनन विभाग की आय कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बढ़ी : विवेक

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक हरीश राव द्वारा लगाए गए आरोपों के जवाब में, श्रम एवं खनन मंत्री डॉ.जी. विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि खनन विभाग की आय कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। संसद में विस्तृत तथ्यों और आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए, मंत्री ने बताया कि विभाग में लागू की गई संरचनात्मक सुधारों की एक श्रृंखला ने सीधे राज्य की आय में वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों का दृढ़ता से खंडन किया और कहा कि सभी कार्य विधिवत नियमों और कानूनों के अनुसार किए जा रहे हैं। मंत्री ने आगे कहा कि पिछली बीआरएस सरकार के कार्यकाल में कथित अनियमितताओं के बावजूद उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। उन्होंने याद दिलाया कि 2022 में प्रवर्तन निदेशालय ने इसी मामले में एक पूर्व मंत्री और उनके परिवार पर छापेमारी की थी, फिर भी उस समय हाउस कमेटी गठित करने की कोई मांग नहीं हुई थी। बीजेपी के आरोपों का खंडन करते हुए, विवेक वेंकटस्वामी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान मामले में कोई औपचारिक हाउस कमेटी की मांग नहीं की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जबकि पिछले शासन के दौरान हजारों करोड़ की कथित अनियमितताएं हुई थीं और उस समय हाउस कमेटी बनाने की कोई मांग नहीं हुई थी, अब बीआरएस नेता एक मामूली उल्लंघन पर हाउस कमेटी की मांग कर रहे हैं। हालांकि, मंत्री ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार किसी को भी अनियमितताओं में दोषी पाए जाने पर नहीं बख्शेगी और कानून के अनुसार कार्रवाई करेगी।

# डॉक्टर पर हमले की आईएमए ने की निंदा, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

मंचेरियल, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की मंचेरियल शाखा ने निर्मल में एक बाल रोग विशेषज्ञ पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। आईएमए मंचेरियल के जिला अध्यक्ष डॉ. रवि प्रसाद और सचिव डॉ. अनिल मुत्तिनेनी ने संयुक्त बयान में कहा कि यह हमला हिंसा और भीड़तंत्र के जरिए डॉक्टर को दबाव में लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पेशेवर ईमानदारी बनाए रखने वाले डॉक्टरों के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार से दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस बीच, तेलंगाना पब्लिक हेल्थ डॉक्टर्स एसोसिएशन (टीपीएचडीए) ने भी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष राज पर हुए हमले की निंदा की है। एसोसिएशन के राज्य समन्वयक डॉ. कोप्पुला बालाजी ने निजी अस्पतालों में डॉक्टरों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने जरूरी हैं।


## भारत सरकार टकसाल, नोएडा

डी-2, सेक्टर-1, नोएडा -201301, जनपद-गौतम बुद्धनगर (उ.प्र.)
वैबसाइट: https://igmnoida.spmcil.com

[फा. सं. आईजीएमएन-13013/4/2025-मा.सं. दिनांक 28 मार्च, 2026]

विज्ञापन संख्या: 01/2026

**भारत सरकार टकसाल, नोएडा,** भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली एक अनुसूची "ए" मिनी-रत्न श्रेणी-1 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) एवं आर्थिक कार्य विभाग, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन "सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल)" की एक इकाई है, एसपीएमसीआईएल की मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और नोएडा स्थित टकसालों के निम्नलिखित 94 रिक्तियों को भरने के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पदनाम, स्तर और आईडीए वेतनमान (₹) | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पर्यवेक्षक (धातुपरीक्षण), एस-1 लेवेल, 27600-95910 | 02 |
| 2. | पर्यवेक्षक (तकनीकी - यांत्रिकी), एस-1 लेवेल, 27600-95910 | 03 |
| 3. | पर्यवेक्षक (तकनीकी - इलेक्ट्रिकल), एस-1 लेवेल, 27600-95910 | 02 |
| 4. | पर्यवेक्षक (तकनीकी - मेटलर्जी), एस-1 लेवेल, 27600-95910 | 01 |
| 5. | एनग्रेवर (स्कल्पचर/मेटल वर्क), बी-4 लेवेल, 23910-85570 | 01 |
| 6. | कनिष्ठ कार्यालय सहायक, बी-3 लेवेल, 21540-77160 | 13 |
| 7. | कनिष्ठ बुलियन सहायक, बी-3 लेवेल, 21540-77160 | 05 |
| 8. | कनिष्ठ हिंदी टाइपिस्ट, बी-3 लेवेल, 21540-77160 | 01 |
| 9. | प्रयोगशाला सहायक, बी-3 लेवेल, 21540-77160 | 01 |
| 10. | कनिष्ठ तकनीशियन (फिटर), W-1 लेवेल, 18780-67390 | 47 |
| 11. | कनिष्ठ तकनीशियन (परिचर संचालक - रसायन संयंत्र), W-1 लेवेल, 18780-67390 | 03 |
| 12. | कनिष्ठ तकनीशियन (टर्नर), W-1 लेवेल, 18780-67390 | 09 |
| 13. | कनिष्ठ तकनीशियन (कारपेंटर), W-1 लेवेल, 18780-67390 | 01 |
| 14. | कनिष्ठ तकनीशियन (इलेक्ट्रीशियन), W-1 लेवेल, 18780-67390 | 02 |
| 15. | कनिष्ठ तकनीशियन (गोल्डस्मिथ), W-1 लेवेल, 18780-67390 | 01 |
| 16. | कनिष्ठ तकनीशियन (मेल्टर), W-1 लेवेल, 18780-67390 | 02 |

नोटः योग्यता, ऊपरी आयु सीमा में छूट, परीक्षा शुल्क, चयन प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन आदि के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://igmnoida.spmcil.com के करियर पेज देखें। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु लिंक दिनांक 28.03.2026 से 27.04.2026 तक खुले रहेंगे।

हस्ता./-
संयुक्त महाप्रबंधक (मा.सं.)/JOINT GENERAL MANAGER (HR)
कृते मुख्य महाप्रबंधक/FOR CHIEF GENERAL MANAGER



CLASSIFIEDS

SHOP FOR RENT

Shop @ Begum Bazar for Rent in Ground floor 265 sft and still floor 310 sft. opp. Kashmir house.
Ph.9396829958.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता जो दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।




# सीएम ने निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

## > नीतीश कुमार ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

पटना, 28 मार्च (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना शहर स्थित विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास निर्माण कराये जा रहे लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क, जो बिहार गौरव पार्क के नाम से भी जाना जाता है, के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। पटना में बांस घाट के पास लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का निर्माण लोकनायक के सम्मान में किया जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास इस पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जे०पी० गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा।

देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जे.पी. गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में बिहार गौरव पार्क का निर्माण कराया जा है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों- आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित नये मुक्ति धाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य कराया गया है। यहां दाह संस्कार की सुविधाओं के साथ-साथ नागरिक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुविधायें उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित पुराने शवदाह गृह परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसको भी और बेहतर ढंग से बनायें। जो नया मुक्ति धाम बना है उसके साथ-साथ इस पुराने शवदाह गृह परिसर में भी सारी सुविधायें उपलब्ध करायें।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान के निकट बनाये जा रहे पटना हाट के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक निर्माण कराये जा रहे सैरगाह का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैप के माध्यम से बताया कि सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक सैरगाह की सुविधा होगी जिसमें यहां आनेवाले लोगों के लिये पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, सिटिंग एरिया, छतरीनुमा स्तंभ सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें, ताकि शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। सभ्यता द्वार बहुत अच्छा बना है। लोग यहां आते हैं और पर्यटकीय सुविधाओं का आनंद उठाने के साथ-साथ बिहार के गौरवशाली अतीत को भी जानते समझते हैं। सभ्यता द्वार से सैरगाह के जुड़ जाने से लोग इसका और अच्छे ढंग से आनंद उठा सकेंगे।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम०, पटना नगर निगम के आयुक्त यशपाल मीणा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जेवर एयरपोर्ट से यूपी को मिलेगी नई पहचान और रफ्तार : सीएम योगी



जेवर, 28 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जेवर में आज देश के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट 'नए भारत' की बदलती तस्वीर का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई पहचान और रफ्तार मिलेगी।

उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को वैश्विक कनेक्टिविटी के साथ विकास की नई दिशा देगा और प्रदेश को निवेश के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में केंद्र सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर परिणाम भी दिए गए। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और आपूर्ति को लेकर केंद्र सरकार के फैसलों को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखना और सप्लाई चेन को सुचारु बनाए रखना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जिन हालातों में उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में पिछड़ गया था, आज वही प्रदेश तेजी से आगे बढ़ते हुए नई पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री के अनुसार, बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में सुधार ने राज्य को निवेश के लिए अनुकूल बनाया है। योगी ने यह भी बताया कि इस परियोजना का शिलान्यास नवंबर 2021 में हुआ था और अब पहले चरण का उद्घाटन हो चुका है, जो 'डबल इंजन' सरकार की तेज कार्यशैली को दर्शाता है—जहां योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी होती हैं। रामनवमी के उत्सव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश में जहां एक ओर सांस्कृतिक उल्लास है, वहीं वैश्विक स्तर पर कई देशों में आर्थिक चुनौतियां देखी जा रही हैं। इसके बावजूद भारत ने स्थिरता और संतुलन बनाए रखा है, जो केंद्र की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के विकास की धुरी साबित होगा और रोजगार व निवेश के नए अवसर पैदा करेगा।

# मैनाठेर कांड : तत्कालीन डीआईजी पर हमले के 16 दोषियों को आजीवन कारावास

### कोर्ट परिसर की बढ़ाई गई सुरक्षा

मुरादाबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)। मुरादाबाद के बहुचर्चित 15 साल पुराने मैनाठेर कांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तत्कालीन डीआईजी पर जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार दिए गए 16 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शनिवार को एडीजे-दो कृष्ण कुमार की अदालत ने सजा पर सुनवाई पूरी करने के बाद यह आदेश दिया। इससे पहले 23 मार्च को अदालत ने सभी 16 आरोपियों को दोषी ठहराया था। सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दोषियों को पुलिस हिरासत में कोर्ट में पेश किया गया। सजा सुनते ही परिजन सन्न रह गए। यह घटना छह जुलाई 2011 को मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में हुई थी। जब पुलिस एक आरोपी की तलाश में दबिश देने पहुंची थी। दबिश के दौरान धार्मिक पुस्तक के अपमान का आरोप लगाते हुए लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया।

गुस्साई भीड़ ने मुरादाबाद-संभल रोड पर तीन स्थानों पर जाम लगाते हुए मैनाठेर थाने और डींगरपुर पुलिस चौकी में आग लगा दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार और डीएम राजशेखर को भीड़ ने घेर लिया था। इस दौरान डीआईजी पर हमला किया गया और उनकी पिस्टल छीन ली गई थी। मामले में पीआरओ रवि कुमार की तहरीर पर 33 नामजद और करीब 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

# गाजियाबाद में हाउस टैक्स भरने में बस 4 दिन और

## मेयर और नगर निगम अफसरों के बीच 'पिस' रहे 5 लाख लोग

गाजियाबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के गाजियाबाद में करीब पांच लाख से अधिक हाउस टैक्स देने वाले लोग रहते हैं। बढ़े हुए हाउस टैक्स को जमा करने की लास्ट डेट 31 मार्च है, लेकिन लोग दुविधा में फंसे हैं। दरअसल, एक तरफ नगर निगम के प्रचार वाहन लोगों से छूट के साथ बढ़ा हुआ हाउस टैक्स जमा करने की अपील कर रहा है, दूसरी ओर महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि लोग तभी हाउस टैक्स जमा करें जब कम होने का आदेश आ जाए।

महापौर का स्पष्ट कहना है कि शासन स्तर से गाजियाबाद का हाउस टैक्स कम होने में समय लगेगा। दूसरी ओर, नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि छूट का लाभ लेने के लिए लोग 31 मार्च से पहले हाउस टैक्स जमा कर दें। यदि बढ़े हुए हाउस टैक्स का फैसला वापस होता है तो बढ़ी हुई धनराशि को आगे समायोजित कर दिया जाएगा। मेरी गाजियाबाद की जनता से अपील है कि वे शासन स्तर से हाउस टैक्स के कम होने के आदेश के आने का इंतजार करें। इसमें थोड़ा समय लगेगा। इसके बाद ही हाउस टैक्स जमा करें।






### 200 से 300 प्रतिशत तक हुई बढ़ोत्तरी

दरअसल, हाउस टैक्स विवाद की शुरुआत वर्ष 2024 में हुई थी। उस समय नगर निगम ने टैक्स निर्धारण की पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए शासन से नया टैक्स स्लैब पास करा लिया। इसके बाद मार्च 2025 से डीएम सर्किल रेट यानी जमीन की सरकारी कीमत को आधार बनाकर नई दरें लागू कर दी गईं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद हाउस टैक्स में 200 से 300 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई। जिस फ्लैट का वार्षिक टैक्स पहले तीन से साढ़े तीन हजार रुपये होता था, वह बढ़कर सीधे 20 से 30 हजार रुपये तक पहुंच गया। इससे खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ गया।

### शासन स्तर पर रद्द हो चुका है बढ़ा हुआ हाउस टैक्स

इसके बाद 10 मार्च, 2026 को मेयर सुनीता दयाल लखनऊ पहुंचीं और शासन के सामने शहर के लोगों की नाराजगी और आर्थिक बोझ का मुद्दा रखा। चर्चा के बाद शासन ने बढ़ी हुई हाउस टैक्स दरों को रद्द कर दिया और पुरानी दरों पर ही टैक्स वसूली का फैसला लिया।

# अयोध्या में मंत्री दयाशंकर सिंह के महायज्ञ में लगी भीषण आग

### नारियल फटने के बाद धधक उठे पंडाल

अयोध्या, 28 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां शनिवार को सरयू नदी के किनारे चल रहे महायज्ञ में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ही आग की लपटों ने पूरी यज्ञशाला को घेर लिया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और दमकल की 6 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि यज्ञ में महा-आहुति के तौर पर चढ़ाए गए नारियल के फटने से यह हादसा हुआ। हालांकि, पुख्ता तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

जानकारी के मुताबिक, अयोध्या में सरयू के किनारे माझा जमथरा में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ चल रहा है। रामनवमी के अवसर पर इस महायज्ञ का आयोजन यूपी सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की तरफ से कराया गया था। यह यज्ञशाला अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से महज 800 मीटर दूर है। शनिवार को महायज्ञ में गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह भी मौजूद थे।

बताया जा रहा है कि अचानक यज्ञशाला में चढ़ाया गया एक नारियल फटा और उसकी वजह से आग लग गई। आग की घटना बेहद भयावह थी और कुछ ही देर में पूरी यज्ञशाला धधक उठी। तुरंत मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मामले की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और दमकल की 6 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर किया दरिंदा

## बच्ची की गला काटकर की थी हत्या; आटे के ड्रम में छिपा दी थी लाश

आगरा, 28 मार्च (एजेंसियां)। आगरा में जूता कारखाना संचालक की आठ साल की बेटी की हत्या किराएदार सुनील ने बड़ी बेरहमी से की थी। हत्या करने के बाद उसने कमरे में जो खून बहा, उसे पानी से धोया।

इसके बाद लाश को आटे के ड्रम में ठूंस दिया। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने बमरौली कटारा क्षेत्र में आरोपी को घेर लिया। इस दौरान आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हो गए। कई राउंड गोलियां चलीं, जिसमें एक दरोगा भी गोली लगने से घायल हो गए। इस दौरान पुलिस ने आरोपी किराएदार सुनील को ढेर कर दिया।

### 25 हजार का इनाम किया गया था घोषित

पुलिस के अनुसार, 24 मार्च को थाना ताजगंज क्षेत्र से 8 वर्षीय बच्ची के लापता होने के बाद तत्काल अभियोग पंजीकृत कर उसकी बरामदगी के लिए टीमों का गठन किया गया था। खोजबीन के दौरान अगले ही दिन, यानी 25 मार्च को बच्ची का शव उसी मकान में किराए पर रह रहे सुनील के कमरे में आटे के ड्रम से बरामद हुआ। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी सुनील की गिरफ्तारी के लिए 12 टीमों का गठन किया था और उस पर 25,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

मुखबिर से सूचना के बाद पुलिस ने की थी घेराबंदी 27 मार्च की रात को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में पुलिस टीमों ने घेराबंदी की। जैसे ही सुनील ने खुद को घिरते हुए देखा, उसने पुलिस टीमों पर एक के बाद एक कई राउंड फायर किए। इस फायरिंग में एक दरोगा गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की गोली लगने से सुनील घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# मथुरा विवाद : इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई टली

### अब 10 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

प्रयागराज, 28 मार्च (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े मामलों की शनिवार को प्रस्तावित सुनवाई टाल दी गई है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। इस बहुचर्चित और संवेदनशील मामले पर देशभर की नजरें बनी हुई हैं। हाईकोर्ट में पिछले कई महीनों से इस विवाद से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। हिंदू पक्ष की ओर से दायर याचिकाओं में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने और विवादित भूमि पर अधिकार की मांग की गई है।

अदालत अब 10 अप्रैल को इन याचिकाओं पर आगे की प्रक्रिया तय कर सकती है। वर्तमान में हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की कुल 18 याचिकाएं लंबित हैं। वहीं, मस्जिद पक्ष ने 22 अगस्त को सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया था। इस आवेदन में सभी समेकित मुकदमों की आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है, जिस पर भी अदालत को विचार करना है। यह मामला केवल हाईकोर्ट तक सीमित नहीं है बल्कि सुप्रीम कोर्ट में भी इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सुनवाई जारी है।

# इसरो एक्सपोजर विजिट से लौटे खुशी और पीयूष

## विद्यालय में हुआ जोरदार स्वागत

आगरा, 28 मार्च (एजेंसियां)। परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए पहली बार हवाई यात्रा के साथ इसरो मुख्यालय देखने का अवसर यादगार बन गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय रैपुरा अहीर कंपोजिट विद्यालय अछनेरा की छात्रा खुशी और उच्च प्राथमिक विद्यालय कुकंडई खेरागढ़ के छात्र पीयूष चार दिवसीय एक्सपोजर विजिट पूरी कर बंगलूरू से शुक्रवार को लौटे। विद्यालय में उनका जोरदार स्वागत किया गया।





दोनों विद्यार्थियों का चयन बेसिक शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के आधार पर हुआ था। प्रतियोगिता में खुशी ने पंक्चर डिटेक्टर मॉडल से प्रथम और पीयूष ने इंसुलेटेड वाटर बोतल विद कांस्टेंट टेंपरेचर से द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। एक्सपोजर विजिट में विद्यार्थियों ने इसरो मुख्यालय सहित बंगलूरू के विभिन्न विज्ञान संस्थानों का भ्रमण किया। विशेषज्ञों से उपग्रह, प्रक्षेपण यान की असेंबली और अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां समझीं। नई दिल्ली से 24 मार्च को डोमेस्टिक फ्लाइट से रवाना हुए विद्यार्थी 27 मार्च को लौटे। इस एक्सपोजर विजिट से दोनों बच्चों के साथ-साथ अन्य सभी विद्यालयों के बच्चे भी प्रेरित हुए हैं।

# महज 35 दिनों में वेस्ट यूपी को मिल गए 4 बड़े प्रोजेक्ट

## सीएम योगी और पीएम मोदी ने मारा 'विकास का चौका'

नोएडा, 28 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को इनदिनों लगातार तोहफे मिल रहे हैं। पिछले 35 दिनों के भीतर चार बड़ी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को जेवर स्थित देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ किया। 5 हजार एकड़ से ज्यादा एरिया में फैले इस एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन जून से शुरू हो जाएगा। इससे पहले नोएडा में ही सेमी कंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ था। इसी तरह दिल्ली से मेरठ के बीच चलने वाली नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो की शुरुआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही की है।

जेवर में आयोजित विशाल जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र और यूपी की भाजपा सरकार ने पिछले 35 दिनों के भीतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को चार बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी है। इससे इलाके के युवाओं को रोजगार को बड़ा अवसर मिलेगा। नोएडा एयरपोर्ट से युवाओं के भविष्य को नई उड़ान मिलेगा। हम विकसित यूपी और विकसित भारत का नया अध्याय लिख रहे हैं। एक महीने के भीतर ही हमने वेस्ट यूपी को चार बड़े प्रोजेक्ट दिए। ग्रेटर नोएडा में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना हुई। इसके बाद दिल्ली से मेरठ तक नमो भारत ट्रेन का तोहफा दिया। तीसरे नंबर पर मेरठ को मेट्रो ट्रेन मिली और आज जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ है।



### नोएडा में सेमी कंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास

21 फरवरी, 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर ईकाई का शिलान्यास ग्रेटर नोएडा में किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। यह परियोजना 4 हजार करोड़ रुपये की लागत से 48 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही है। फॉक्सकॉन और एचसीएल कंपनी की तरफ से इस प्रोजेक्ट पर करीब 3700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### नमो भारत ट्रेन

एक दिन बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी, 2026 को देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर का शुभारंभ किया। इसे नमो भारत ट्रेन के नाम से भी जाना जाता है। पीएम मोदी ने दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ती है। इस ट्रेन से सराय काले खां से मेरठ के बीच 82 किमी की दूरी को मात्र 55 मिनट में तय किया जा सकता है।

### मेरठ मेट्रो

मेरठ दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 फरवरी को ही मेरठ मेट्रो का भी उद्घाटन किया। मेरठ दक्षिण से मोदीपुरम के बीच 12 मेट्रो स्टेशन हैं जिनकी लंबाई 23 किलोमीटर है। इसकी विशेषता ये है कि नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो एक ही इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करते हैं। पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाने के बाद शताब्दी नगर स्टेशन से मेरठ मेट्रो की सवारी भी की।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च, 2026 को जेवर पहुंचे और यहां एशिया के तीसरे सबसे बड़े एयरपोर्ट का शुभारंभ किया। इस एयरपोर्ट को बनाने में करीब 11200 करोड़ रुपये की लागत आई है। जून से यहां घरेलू और कार्गो विमानों का संचालन शुरू हो जाएगा। इंटरनेशनल उड़ान के लिए लोगों को अभी कुछ महीने और इंतजार करना पड़ेगा।

# पश्चिम बंगाल को मथने में जुटे पश्चिमी यूपी के सियासतबाज-सीख रहे लोकल टोन



मेरठ, 28 मार्च (एजेंसियां)। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का सबसे अधिक जोर इस समय पश्चिम बंगाल पर है। इस देखते हुए पार्टी ने प्रदेश के नेताओं को पश्चिम बंगाल में उतार दिया है। मेरठ के कई भाजपा नेता महीनों से पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार को धार दे रहे हैं। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल तो लोकल टोन बनाने के लिए वहां बांग्ला भाषा भी सीख रहे हैं। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव जीतने के लक्ष्य के साथ अपने विधायक, सांसद, मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव प्रचार में उता दिया है। इसमें पश्चिम क्षेत्र के जिलों के भाजपा नेता पश्चिम बंगाल को मथने में लगे हैं। बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं और मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मोड़ने के लिए पसीना बहा रहे हैं। स्थानीय लोगों की जिज्ञासा शांत करने के साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी जनता तक पहुंचा रहे हैं।

### मेरठ समेत पश्चिमी यूपी के कई नेता टीम बंगाल में शामिल

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, मुरादाबाद, सहारनपुर जिलों के विधायकों, मंत्रियों, पदाधिकारियों को भेजा है। मेरठ निवासी प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल, लोकेश प्रजापति, सहारनपुर विधायक राजीव गुंबर, गाजियाबाद के मान सिंह गोस्वामी पश्चिम बंगाल के चुनाव प्रचार में लगे हैं।

### विधानसभा क्षेत्र चिह्नित कर नेताओं को उतारा

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार को धार देने के लिए भाजपा ने प्रत्येक नेता को एक विधानसभा क्षेत्र आवंटित किया हुआ है। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल को बारासात जिले में मध्यम ग्राम विधान सभा में लगाया है।

## हिमांशु भाऊ गैंग के 2 नामी शूटर्स महाराष्ट्र से गिरफ्तार

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर-इंटेलिजेंस यूनिट ने हिमांशु भाऊ गैंग के 2 नामी शूटर्स को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। गैंग का सरगना भाऊ फिलहाल यूएसए में है और एनआईए को उसकी तलाश है। वहीं गिरफ्तार किए गए शूटर दिल्ली में हुई कई संगीन आपराधिक वारदातों में शामिल थे। हरियाणा में हुए एक बड़े हत्याकांड में भी शामिल थे। दिल्ली पुलिस को रंगदारी मामले में हुई गोलीबारी के सिलसिले में इनकी तलाश थी। गोलीबारी यूएसए से ऑपरेट करने वाले हिमांशु भाऊ के इशारे पर की गई थी। गिरफ्तार किए गए शूटरों की पहचान लक्ष्य और नीरज के रूप में हुई है;

## दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करने पर अदालत सख्त

# सभी हाईकोर्ट को दिए कड़े निर्देश

**नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए। न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2018 के निपुण सक्सेना बनाम यूनियन ऑफ इंडिया फैसले में स्पष्ट किया गया था कि किसी भी माध्यम (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया) में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती।



**कानून का पालन न होने पर जताई चिंता**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद निचली अदालतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके पीछे अदालतों की उदासीनता और इस तरह के अपराधों से जुड़े सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार बताया गया।

**कानूनी प्रावधानों पर जोर**

अदालत ने बताया कि 1983 में भारतीय दंड संहिता में संशोधन कर धारा 228ए जोड़ी गई थी, जिसका उद्देश्य दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान को सार्वजनिक होने से रोकना है। इससे पहले ऐसा कोई स्पष्ट कानूनी प्रतिबंध नहीं था, जिससे पीड़िताओं को सामाजिक बहिष्कार और मानसिक आघात का सामना करना पड़ता था।

**हाईकोर्ट को सख्त निर्देश**

पीठ ने अपने आदेश की प्रति सभी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भेजने का निर्देश दिया है, ताकि इस कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। यह टिप्पणी उस दौरान आई, जब अदालत हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले की समीक्षा कर रही थी, जिसमें नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को बरी कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में छोटे-छोटे विरोधाभासों को ज्यादा महत्व नहीं देना चाहिए।

## आईएसआई के इशारे पर पंजाब में ड्रोन से गिर रहे हथियार

### एजीटीएफ का बड़ा खुलासा

चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के डीआइजी गुरमीत सिंह चौहान ने कहा कि पंजाब में सीमापार से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर ड्रोन से भेजे जा रहे अत्याधुनिक हथियार चुनौती बनते रहे हैं। हाल ही में बरामद कई हथियारों की जांच में यह सामने आया है कि इनका संबंध पाकिस्तान आर्मी के स्रोतों से है।

इससे साफ है कि गैंगस्टर नेटवर्क को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन मिल रहा है। पुलिस ने 61 विदेशी ठिकानों से आपरेट कर रहे गैंगस्टरों की पहचान की है। इन्हें भारत लाने के लिए ओएफटीइसी (ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्राडिशन सेल) काम कर रहा है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि युवा गैंगस्टरों के निशाने पर हैं।

इसलिए पुलिस अब इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय युवाओं की पहचान कर उनकी काउंसलिंग और निगरानी की रणनीति पर भी काम कर रही है। पुलिस ऐसे युवाओं पर नजर रखेगी जो गैंगस्टर या आपराधिक पेज फालो करते हैं। उनके कमेंट, एक्टिविटी और आइपी यूआइडी ट्रैक की जाएगी।

# किसान ने बाघिन को यूरिया खिला कर मार डाला, 6 गिरफ्तार



भोपाल, 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां करीब 4 साल की एक बाघिन को यूरिया खिला कर मारा डाला और उसके शव को दफना दिया। जानकारी के अनुसार, बाघिन के गले में लगा रेडियो कॉलर दो दिन पहले से सिग्नल नहीं दे रहा था। इसके बाद वन विभाग की टीम आखिरी लोकेशन के आधार पर तलाश करते हुए देलाखेड़ी क्षेत्र के सांगा खेड़ा गांव (छिंदवाड़ा दक्षिण वन मंडल) पहुंची, जहां गड्ढे में हुआ शव बरामद किया गया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाघिन ने दो दिन पहले इस क्षेत्र में एक बैल का शिकार किया था। इसके बाद ही उसका रेडियो कॉलर अचानक बंद हो गया। उसकी लोकेशन कॉलर आईडी के आधार पर वन विभाग ने ट्रेस की। जांच में सामने आया कि बाघिन ने एक बैल का शिकार किया था और लगातार खेत में लौट रहा था, जिससे नाराज किसान ने बैल के बचे अंगों पर यूरिया डाल दिया। बाघिन ने वहीं मांस खां लिया और दम तोड़ दिया।

छिंदवाड़ा वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार खेत में बैल मृत मिला था और थोड़ी दूर गड्ढे में बाघिन मृत मिली। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें जहर की पुष्टि हुई। वहीं, मामले में किसान समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ओडिशा दौरे पर जगन्नाथ मंदिर में पूजा की

**भुवनेश्वर, 28 मार्च (एजेंसियां)।** जनरल उपेंद्र द्विवेदी अपने तीन दिवसीय ओडिशा दौरे के दौरान शनिवार सुबह श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी पत्नी सुनीता द्विवेदी के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और देश व सेना के लिए आशीर्वाद मांगा। उनका वीडियो भी सामने आया है। सुबह-सुबह सेना प्रमुख भुवनेश्वर स्थित 120 बटालियन कैंप से रवाना हुए। इसके बाद वे पुरी के सैनिक सदन पहुंचे और वहां से करीब 7 बजे मंदिर पहुंचे। मंदिर में उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और लगभग एक घंटे तक मंदिर परिसर में समय बिताया।

इस दौरान उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा यानी पवित्र त्रिमूर्ति के दर्शन कर श्रद्धा व्यक्त की। दर्शन के बाद जनरल द्विवेदी ने कहा कि उन्होंने भारतीय सेना की सफलता और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि मंदिर में उन्हें गहरी शांति और



आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि वे हर साल यहां आकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेने की कोशिश करेंगे।

**अगला दौरा गोपालपुर**

मंदिर दर्शन के बाद उनका अगला कार्यक्रम गोपालपुर का है, जहां वे विशेष विमान से रवाना होंगे। गोपालपुर में स्थित आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज का दौरा उनके कार्यक्रम का अहम हिस्सा है।

यहां वे प्रशिक्षण व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण करेंगे, ताकि सेना की तैयारियों को और मजबूत बनाया जा सके। इसके अलावा सेना प्रमुख वहां तैनात अधिकारियों और पूर्व सैनिकों से भी मुलाकात करेंगे। उनके कार्यक्रम में फील्ड फायरिंग रेंज में लाइव फायरिंग प्रदर्शन में शामिल होना भी तय है, जिससे वे सेना की कार्यक्षमता और आधुनिक तैयारियों का जायजा लेंगे। जनरल द्विवेदी का यह दौरा धार्मिक आस्था और सैन्य जिम्मेदारियों का संतुलन दर्शाता है।

दौरे के अंत में वे रविवार को नई दिल्ली लौटेंगे। यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि सेना की मजबूती और समन्वय को भी दर्शाती है।

# अदालत में पिस्तौल लेकर पहुंची महिला

### स्कैनिंग मशीन का अलार्म बजा सुरक्षाकर्मियों में मची भगदड़

चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)। सेक्टर-43 स्थित जिला अदालत में शनिवार को एक महिला पिस्तौल लेकर पहुंची। एंट्री गेट पर स्कैनिंग मशीन का रेड अलार्म बजते ही सुरक्षाकर्मियों में भगदड़ मच गई और महिला पकड़ी गई। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर पिस्तौल को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, खरड़ की रहने वाली लवप्रीत अपने दोस्त मोहाली निवासी बलकरण के साथ केस के सिलसिले में जिला अदालत में आई थी। दोनों ने अपनी गाड़ी बाहर पार्क की और पैदल अदालत परिसर में प्रवेश करने लगे।

महिला ने स्कैनिंग मशीन पर अपना पर्स जांच के लिए रखा तो रेड अलर्ट अलार्म बजने लगा। अलार्म बजते ही वहां तैनात पुलिसकर्मी सतर्क हो गए। पर्स की जांच करने पर पिस्तौल बरामद हुई। पुलिसकर्मी घबरा गए और तुरंत पर्स और पिस्तौल को कब्जे में लेकर महिला और उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया। सूचना मिलते ही डीएसपी धीरज कुमार मौके पर पहुंचे। बलकरण ने बताया कि पिस्तौल उसकी है, जिसका लाइसेंस भी है। पिस्तौल गाड़ी में रखनी थी, लेकिन गलती से महिला के पर्स में रह गई वहीं, महिला ने कहा कि उसे यह जानकारी नहीं थी कि उसके पर्स में पिस्तौल है। पुलिस को दोनों के बयानों पर शक हुआ, क्योंकि पिस्तौल मालिक के पास न होकर दूसरे के पास कैसे पहुंची।

जिला अदालत में पहले भी गोलियां चल चुकी हैं। 3 अगस्त 2024 को पंजाब पुलिस के निलंबित एआईजी मलविंदर सिंह सिद्धू ने चंडीगढ़ जिला अदालत में अपने दामाद आईएएस हरप्रीत सिंह को चार गोलियां मारी थी। अस्पताल ले जाते समय हरप्रीत की मौत हो गई थी। हरप्रीत का काफी समय से पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। तलाक से पहले समझौते का मामला चंडीगढ़ कोर्ट के मध्यस्थता केंद्र में चल रहा था। हरप्रीत की पत्नी विदेश में होने की वजह से उसकी जगह उनके पिता मलविंदर सिंह सिद्धू सुनवाई के लिए पहुंचे थे। शनिवार को उनके मामले की तीसरी सुनवाई थी।

# फर्जी खबरों पर लगेगी लगाम

### स्पीकर अब्दुल रहीम राथर ने दिए सख्त कानून बनाने के निर्देश

जम्मू, 28 मार्च (एजेंसियां)। स्पीकर अब्दुल रहीम राथर ने प्रदेश सरकार को फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं से निपटने के लिए एक व्यापक कानून बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अन्य राज्यों में लागू कानूनों का अध्ययन किया जाएगा और उसके आधार पर जम्मू-कश्मीर के लिए प्रभावी कानून तैयार होगा। विधानसभा में तथाकथित इंटरनेट मीडिया पर पोर्टल व अन्य मंचों पर फर्जी खबरों को फैलाए जाने के मुद्दे पर बहस हुई। जिसमें सत्ताधारी नेकां, कांग्रेस, पीडीपी, निर्दलीय व विपक्ष भाजपा के विधायक एकजुट नजर आए।

सभी ने एकमत से फर्जी खबरों की रोकथाम के लिए व्यापक नीति या कानून लाए जाने पर जोर दिया। भाजपा विधायक आरएस पठानिया ने फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के लिए



कानून बनाए जाने की मांग की। इसमें जवाबदेही व विश्वसनीयता बरकरार रखी जानी चाहिए।

इंटरनेट मीडिया पर पोर्टल व विभिन्न माध्यमों से झूठा वर्णन बनाया जाता है। तथ्यों की जांच व नियम बनाए जाएं। जम्मू-कश्मीर में बिना पंजीकरण के कई आनलाइन पोर्टल और पेज संचालित हो रहे हैं, जिन पर कोई नियंत्रण नहीं है। कांग्रेस विधायक इफ्तिखार अहमद ने कहा कि हाल यह है कि एक मोबाइल लेकर सभी रिपोर्टर बन रहे हैं। फर्जी व गुमराह करने वाली खबरों से अफरा-तफरी फैलाई जा रही है। नेकां से नजीर अहमद गुरेजी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर फर्जी खबरें फैला कर लोगों के बीच हमें बदनाम किया जाता है। इससे हमें अपने इलाकों के लोगों को जवाब देना मुश्किल हो रहा है।

आरोप लगाया कि इन खबरों को पीडीपी वालों ने अपने हैंडल से आगे भेज दिया। पीडीपी विधायक रफीक अहमद नाईक ने कहा कि कई न्यूज चैनलों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान गुमराह करने वाली खबरें फैलाई। विधायक रामेश्वर सिंह ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त नीति बनाई जाए। इस चर्चा में 14 विधायकों और एक मंत्री ने हिस्सा लिया।

## वर्दी की आड़ में अपहरण और लूटे 10,000 डॉलर

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के जूहू इलाके में दो पुलिस कांस्टेबल एक फॉरेक्स कंपनी के डिलीवरी एग्जीक्यूटिव का अपहरण कर उससे 10,000 अमेरिकी डॉलर लूटने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि लूटी गई रकम अभी तक बरामद नहीं हो सकी है। मुंबई पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में तीन अन्य आरोपी अब भी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप शिंदे उम्र 33 वर्ष और गजेंद्र राजपूत उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों क्रमशः बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन में तैनात थे। आरोप है कि उन्होंने अपनी वर्दी और पद का दुरुपयोग करते हुए इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार घटना 25 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे की है। पीड़ित बांद्रा स्थित एक फॉरेक्स कंपनी में डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत है और वह जूहू इलाके में विदेशी मुद्रा देने पहुंचा था।

# रूपाली चाकंकर ने एनसीपी महिला प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

### सुर्खियों में आया खरात मामला



अध्यक्ष रूपाली चाकंकर

मुंबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। घोटालेबाज अशोक खरात मामले में विवादों में घिरी एनसीपी की राज्य महिला अध्यक्ष रूपाली चाकंकर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनेत्रा पवार को सौंप दिया है। इससे पहले, रूपाली चाकंकर ने राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद विपक्ष ने उनसे राज्य अध्यक्ष पद से इस्तीफे की मांग की। अब उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

रुपाली चाकंकर ने सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि खरात मामले पर उन्होंने पहले ही दिन अपना रुख स्पष्ट कर दिया था। उनके वित्तीय लेन-देन या किसी भी प्रकार के कुकर्म में भाई-भतीजावाद का कोई नामोनिशान नहीं है, और उनका स्पष्ट और दृढ़ रुख आज भी वही है। ये सभी बातें जांच के दौरान सामने आएंगी। मीडिया में बिना किसी सबूत के लगाए जा रहे झूठे और असत्य आरोप बेहद दुखद हैं। सच्चाई को बलपूर्वक साबित किया जाएगा।

मैंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक से पहले ही यह मांग कर ली है कि इस जांच को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। आज सुबह फोन पर आदरणीय सुनेत्रवाहिनी पवार से हुई चर्चा के अनुसार, मैं राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रही हूं। अशोक खरात फिलहाल जांच एजेंसियों की हिरासत में है। उन पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप है। एसआईटी द्वारा उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

अशोक खरात का मामला सामने आने के बाद रूपाली चाकंकर की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इनमें वह अशोक खरात के पैर पूजने की मुद्रा में नजर आ रही थीं। इसी वजह से उनकी आलोचना हुई। इसी कारण उन्हें राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद भी उनकी आलोचना जारी रही। अब अंत में उन्होंने एनसीपी की महिला राज्य अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

## नैंसी ग्रेवाल हत्याकांड में खुलासा: खालिस्तान समर्थकों का हो सकता है हाथ



जालंधर, 28 मार्च (एजेंसियां)। पंजाबी मूल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नैंसी ग्रेवाल की हत्या में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है। कनाडाई जांच एजेंसियों ने पहली बार यह संकेत दिया है कि इस हत्याकांड के पीछे खालिस्तानी समर्थक तत्वों का हाथ हो सकता है। पुलिस का मानना है कि नैंसी का सोशल मीडिया पर खालिस्तान समर्थकों का लगातार और तीखा विरोध ही इस हत्या का मुख्य कारण बन सकता है। पंजाब के लुधियाना-जालंधर क्षेत्र की 45 वर्षीय नैंसी की 3 मार्च को ओंटारियो के लासाले में एक क्लाइंट के घर के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस इस वारदात को सुनियोजित टारगेट किलिंग मान रही है। परिवार के अनुसार, नैंसी को खालिस्तान विरोधी वीडियो पोस्ट करने के कारण 40 से अधिक बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी थीं। इस बारे में विंडसर पुलिस को सूचित किया गया था लेकिन सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पाई। जांच में एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आया है।

## केंद्र सरकार में बेंजामिन नेतन्याहू से सच बोलने और आवाज उठाने का साहस नहीं: जयराम रमेश

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि इजरायल अपने ग्रेटर इजरायल के विजन आगे बढ़ा रहा है और फिलिस्तीनी राज्य की किसी भी संभावना को समाप्त कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सच बोलने और इस पर आवाज उठाने का साहस नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज ईरान पर अमेरिका-इजरायल की हवाई बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई का 28वां दिन है। पिछले चार हफ्तों में, जब दुनिया की नजर होर्मुज स्ट्रेट और खाड़ी देशों के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर टिकी रही, तब इजरायल ने गाजा के लोगों पर अपनी क्रूर कार्रवाई जारी रखी, दक्षिणी लेबनान में अपने लिए एक बड़ा बफर जोन बनाने की कार्रवाई शुरू की और वेस्ट बैंक के अपने कब्जे को स्थायी नियंत्रण में बदलने के लिए निर्णायक कदम उठाए।

उन्होंने आगे लिखा, पश्चिम एशिया में चल रहा मौजूदा युद्ध इजरायल को अपने ग्रेटर इजरायल के विजन को आगे



बढ़ाने और फिलिस्तीनी राज्य की किसी भी संभावना को समाप्त करने का कवर दे रहा है। इसी बीच, जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले महीने की इजरायल यात्रा पर सवाल उठाए। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में कहा, ईरान पर अमेरिका-इजरायल की बमबारी पीएम मोदी के इजरायल से लौटने के ठीक दो दिन बाद शुरू हुई, लेकिन जिस बात पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है,

वह यह है कि उनके वहां पहुंचने से कुछ ही दिन पहले इजरायली कैबिनेट ने 1967 के बाद पहली बार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के लगभग आधे हिस्से में भूमि पंजीकरण को मंजूरी दी थी। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा, इससे लाखों फिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से बेदखल होना पड़ेगा। लेकिन पीएम मोदी में अपने मित्र बेंजामिन नेतन्याहू से सच बोलने और इस पर आवाज उठाने का साहस नहीं है।

## हेडमास्टर ने शादीशुदा छात्रा को भेजा आई लव यू का मैसेज

### पूछने पर बोला- मैं तो टेस्ट ले रहा था तुम्हारा

कटक, 28 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के कटक जिले में एक स्कूल हेडमास्टर ने शिक्षक और स्टूडेंट के बीच पवित्र रिश्ते को शर्मसार कर दिया है। आरोप है कि उसने छात्रा (अब शादीशुदा महिला) को प्रपोज कर दिया और परेशान करने लगा। इससे स्कूल के स्टूडेंट्स में आक्रोश का माहौल है और इलाके के लोग कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामला टक जिले के भद्रेश्वर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपी एक सेकेंडरी स्कूल का हेडमास्टर है, जिसने कथित तौर पर पुरानी स्टूडेंट को रोमांटिक रिश्ते का प्रपोजल दिया।

छात्रा अब शादीशुदा है। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि टीचर बार-बार उसके मोबाइल फोन पर मैसेज भेजता है, जिससे उसे परेशानी हो रही है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया, हेडमास्टर उसे गंदे मैसेज भेज रहा है। उसने एक बार 'आई लव यू' के मैसेज भी भेजा है। मैं एक शादीशुदा महिला हूं और आरोपी भी शादीशुदा है। फिर भी ऐसे गलत मैसेज भेज रहा है। महिला का कहना है कि वह कभी उसकी स्टूडेंट थी। जब मैंने उससे पूछा कि वह ऐसा क्यों कर रहा है तो उसने जवाब दिया कि वह बस मुझे टेस्ट कर रहा था।

# यूनिवर्सिटी छात्र को प्रोफेसर ने कहा आतंकवादी

बेंगलुरु, 28 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरु की पीईएस यूनिवर्सिटी में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर पर क्लास के दौरान एक मुस्लिम छात्र के खिलाफ अपमानजनक और सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। इससे छात्रों में भारी गुस्सा है। इस घटना का एक वीडियो दूसरे छात्र ने रिकॉर्ड भी कर लिया। बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब अफ्फान नाम के एक छात्र ने किसी से मिलने के लिए क्लास से बाहर जाने की इजाजत मांगी।

क्लास में मौजूद छात्रों की वीडियो रिकॉर्ड के मुताबिक, प्रोफेसर डॉ। मुरलीधर देशपांडे ने बहुत ही आक्रामक तरीके से प्रतिक्रिया दी और कथित तौर


### ट्रंप तुम्हें ले जाएंगे, वीडियो वायरल होने पर सस्पेंड




पर पूरी क्लास के सामने उस छात्र को 'आतंकवादी' कह दिया। हालात तब और बिगड़ गए जब प्रोफेसर ने कथित तौर पर कई बार अपमानजनक टिप्पणियां कीं। वीडियो के मुताबिक, प्रोफेसर ने कथित तौर पर उस मुस्लिम छात्र को ईरान युद्ध के लिए 'उस जैसे लोगों' को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही यह भी टिप्पणी की कि 'डोनाल्ड ट्रंप आकर उसे ले जाएंगे'। इतना ही नहीं, उन्होंने कथित तौर पर यह ही कहा कि वह छात्र 'नरक में जाएगा'। यह पूरा वाकया एक दूसरे छात्र ने वीडियो में रिकॉर्ड कर लिया। इस घटना के बाद छात्रों में गुस्सा है।

यूनिवर्सिटी ने जांच पूरी होने तक प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, एनएसयूआई ने पुलिस में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। एनएसयूआई ने प्रोफेसर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

# वेटलैंड्स में पक्षियों की संख्या घटी, प्रजातियां बढ़ी



चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के वेटलैंड्स से इस बार मिले आंकड़े मिश्रित तस्वीर पेश कर रहे हैं। जहां प्रवासी पक्षियों की कुल संख्या में गिरावट दर्ज की गई है, वहीं प्रजातियों (स्पीशीज) की विविधता बढ़ना पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव का संकेत दे रहा है। जनवरी 2026 में हुए बर्ड सेंसस के अनुसार, 2025 में 77,772 पक्षी दर्ज किए गए थे, जो 2026 में घटकर 71,129 रह गए।

वहीं प्रजातियों की संख्या 270 से बढ़कर 304 हो गई। यह सेंसस हरिके वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, नंगल वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, केशोपुर वेटलैंड्स, रंजीत सागर वेटलैंड्स, रोपड़ वेटलैंड्स और कंजली वेटलैंड्स में एशियन वाटरबर्ड सेंसस प्रोटोकॉल के तहत किया गया।

# ईरान जंग के बीच ट्रम्प बोले- अगला नंबर क्यूबा का

## कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल कर सकते हैं, पहले कह चुके हैं हासिल करके रहूंगा

वॉशिंगटन, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को मियामी में एक बिजनेस समिट के दौरान कही।

ट्रम्प ने हालांकि साफ तौर पर यह नहीं बताया कि क्यूबा के खिलाफ उनका अगला कदम क्या होगा, लेकिन उन्होंने इशारा दिया कि जरूरत पड़ी तो सैन्य ताकत का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

ट्रम्प ने कहा- मैंने अमेरिकी सेना को बहुत मजबूत बनाया है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसका इस्तेमाल करना पड़ेगा, लेकिन कभी-कभी ऐसा करना पड़ता है। वैसे क्यूबा का अगला नंबर है।

ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब क्यूबा गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वेनेजुएला से तेल सप्लाई बंद होने के बाद वहां ईंधन की भारी कमी हो गई है, जिससे हालात और खराब हो गए हैं।

अमेरिका की मदद से हुई कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को हटाया गया, जिससे क्यूबा की बड़ी ऊर्जा सप्लाई कट गई। ट्रम्प पहले भी



कह चुके हैं कि क्यूबा की सरकार गिरने के करीब है और उन्होंने 'फ्रेंडली टेकओवर' (दोस्ती के नाम पर कब्जा) की बात भी की है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि यह 'फ्रेंडली टेकओवर' हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें 'सम्मान' मिलेगा अगर वे किसी रूप में क्यूबा को अपने नियंत्रण में ले लें।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे क्यूबा को आजाद कर सकते हैं या अपने कब्जे में ले सकते हैं, और उनके पास कुछ भी करने की क्षमता है। हालांकि इतनी सख्त बातें कहने के बावजूद, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि बातचीत के रास्ते अभी भी खुले हैं और क्यूबा के नेताओं से बातचीत जारी है।

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनल ने भी माना है कि अमेरिका से बातचीत हो रही है। उन्होंने संकेत दिया कि टकराव से बचने के लिए क्यूबा बातचीत करना चाहता है, जबकि अमेरिका का दबाव बढ़ता जा रहा है।

कुल मिलाकर, ट्रंप का क्यूबा पर फोकस दिखाता है कि उनकी विदेश नीति अब ज्यादा आक्रामक और सीधे संदेश देने वाली हो गई है। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है।

दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया।

इसका असर क्यूबा में साफ दिख रहा है। 9 जनवरी के बाद से वहां कोई बड़ी तेल सप्लाई नहीं पहुंची है। वहां हालात तेजी से खराब हो रहे हैं। क्यूबा के ब्लैक मार्केट में पेट्रोल करीब 35 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गया है

रोजाना बिजली कट रही है, सोमवार को पूरे देश में ब्लैकआउट हुआ। अस्पतालों में सर्जरी टल रही हैं। दवाइयों की कमी हो रही है और खाने की समस्या बढ़ रही है। इन हालात में क्यूबा की सरकार पर दबाव बढ़ गया है।

ट्रम्प के बयान से यह भी साफ होता है कि वह क्यूबा को सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि कारोबारी नजरिए से भी देख रहे हैं। वह पहले से ही इस द्वीप में निवेश की संभावना देखते रहे हैं। 1998 में उनकी कंपनी ने चुपचाप क्यूबा का दौरा कराया था। 2011-12 में भी उनके संगठन के लोग वहां गोल्फ कोर्स बनाने की संभावनाएं देख चुके हैं।

2016 के चुनाव प्रचार के दौरान भी ट्रम्प ने कहा था कि क्यूबा निवेश के लिए अच्छा मौका हो सकता है।

अब उन्होंने फिर कहा, "वे हमसे बात कर रहे हैं। यह एक असफल देश है। उनके पास न पैसा है, न तेल, कुछ भी नहीं है।"

1898 में स्पेन-अमेरिका युद्ध के बाद क्यूबा स्पेन से आजाद हुआ, लेकिन असली कंट्रोल अमेरिका के हाथ में चला गया। अमेरिका ने क्यूबा की राजनीति, सेना और अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर रखा।

वहां की जमीन, चीनी उद्योग और कारोबार में अमेरिकी कंपनियों का दबदबा था।

# अमेरिकियों को अपनी जमीन से हटाना होगा, नहीं तो होंगे हमले

## सऊदी, कतर-यूएई को ईरानी राष्ट्रपति ने दी चेतावनी

तेहरान, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका और इजरायल से जंग के बीच ईरान ने खाड़ी देशों को कड़ा संदेश दिया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अमेरिका के सैनिकों को जगह देने वाले देशों को निशाना बनाया जाएगा। सऊदी अरब , कुवैत, कतर, यूएई जैसे देशों को हमलों से बचने के लिए अमेरिकियों को अपनी जमीन से निकालना होगा। पेजेश्कियान का बयान ऐसे समय आया है, जब सऊदी अरब और यूएई ने ईरान की ओर से हो रहे हमलों पर ना सिर्फ गुस्सा दिखाया है बल्कि जवाबी अटैक के संकेत दिए हैं।

मसूद पेजेश्कियान ने शनिवार को एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि ईरान पहले हमले नहीं करता है। हमने इस बात को बार-बार साफ किया है कि हमारी ओर से पहल नहीं होगी लेकिन अगर हमारे बुनियादी ढांचे या आर्थिक केंद्रों को निशाना बनाया जाएगा तो फिर हम इसका कड़ा जवाब देने में देर नहीं करेंगे।

हम क्षेत्रीय देशों को कहना चाहते हैं कि ईरान ने हमलों की शुरुआत नहीं की है लेकिन अपने बचाव में वह जवाबी अटैक जरूर



करेगा। ऐसे में क्षेत्र के देशों को चाहिए कि वह अमेरिकी सेना को अपनी जमीन के इस्तेमाल से रोकें।

मसूद पेजेश्कियान ने सऊदी अरब, कुवैत, कतर, बहरीन, यूएई जेशों को संदेश देते हुए लिखा, 'इस क्षेत्र के देशों से हम कहना चाहते हैं कि अगर आप विकास और सुरक्षा चाहते हैं तो हमारे दुश्मनों को अपनी जमीन से युद्ध न चलाने दें।' ईरान की ओर से बार-बार ये कहा गया है कि अगर किसी देश की जमीन का इस्तेमाल उनके देश पर हमले के लिए होगा तो उस पर अटैक किया जाएगा।

ईरान ने कहा है कि इजरायल ने शुक्रवार को उसकी दो स्टील फैक्ट्रियों, एक पावर प्लांट और नागरिक परमाणु स्थलों पर हमला किया है। इसके बाद ईरान की ओर से सऊदी अरब में अमेरिकी सैन्य बेस और कुछ दूसरे ठिकानों पर जवाबी हमले किए गए हैं। इन हमलों ने युद्ध में एक बार फिर तेजी ला दी है और सीजफायर की बातचीत पीछे चली गई है।

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी बात की है। शरीफ के ऑफिस की ओर से बताया गया है कि इस बातचीत में मसूद ने संघर्ष पर बातचीत और मध्यस्थता को आसान बनाने के लिए आपसी विश्वास की जरूरत पर जोर दिया है। दोनों नेताओं ने एक घंटे चली बातचीत में तनाव और संघर्ष को खत्म करने के प्रयासों पर चर्चा की। इजरायल और अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हवाई हमले शुरू किए थे। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल में मिसाइल दागने के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य बेसों को निशाना बनाया है।

# ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा- कोई भी सवाल पूछिए

## सेक्स पर भी बात कर सकते हैं



वाशिंगटन, 28 मार्च (एजेंसियां)। सऊदी अरब में एक बिजनेस समिट के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने बयानों को लेकर फिर चर्चा में आ गए। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा, "आप मुझसे कुछ भी पूछ सकते हैं। आप सेक्स पर भी बात कर सकते हैं, जो चाहें पूछ सकते हैं।" उनके इस बयान ने वहां मौजूद लोगों को चौंका दिया।

इसके बाद ट्रम्प ने माहौल को हल्का बनाने की कोशिश करते हुए दर्शकों में बैठे एक व्यक्ति की ओर इशारा किया और मजाकिया अंदाज में कहा कि चलिए अब सवाल-जवाब शुरू करते हैं। उन्होंने उस शख्स को बुलाते हुए उसकी तारीफ भी की।

ट्रम्प के ये बयान सोशल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में तेजी से वायरल हो गए। उनके बोलने के तरीके और सार्वजनिक मंच पर इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर बहस छिड़ गई है।

हाल ही में एक लाइव इंटरव्यू के दौरान भी ट्रम्प का व्यवहार चर्चा में रहा था।

एंकर ने उनसे पूछा था कि क्या लोगों के पास पीने का पानी और खाना है, लेकिन ट्रम्प ने सीधे जवाब देने के बजाय बातचीत का रुख बदल दिया। उन्होंने एंकर से कहा, "क्या आपको याद है, हम सालों पहले ट्रम्प टॉवर में साथ डिनर किए थे? आप बिल्कुल नहीं बदलीं, बल्कि अब और ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं।"

# रामनवमी पर झारखंड के कई जिलों में बवाल

## हजारीबाग में हत्या, धनबाद में पथराव, बोकारो-कोडरमा में हादसा, 1 की मौत, कई घायल

रांची, 28 मार्च (एजेंसियां)। रामनवमी के अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों में निकाले गए जुलूस के दौरान कई जगह हिंसा और हादसों की घटनाएं सामने आई हैं। अलग-अलग जिलों में हुई इन घटनाओं ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। हजारीबाग में जहां एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। वहीं धनबाद में पथराव के बाद पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। कोडरमा और बोकारो में भी हादसों में कई लोग घायल हुए हैं। घटनाओं के बाद संबंधित इलाकों में तनाव का माहौल है। पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है।

हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के गदोखर गांव में रामनवमी जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान गदोखर पंचायत के मुखिया के भाई राम कुमार साव उर्फ रामा साव (40) पर भुजाली से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक और तनाव का माहौल है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। धनबाद के बलियापुर थाना क्षेत्र के भिखराजपुर में रामनवमी जुलूस के दौरान अचानक पथराव शुरू हो गया। असामाजिक तत्वों की इस हरकत से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और जुलूस में शामिल लोग इधर-उधर भागने लगे।

# रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा

## 1 अप्रैल से बैन शुरू, भारत पर कम, चीन-तुर्किये और ब्राजील पर ज्यादा असर

मॉस्को, 28 मार्च (एजेंसियां)। रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है।

नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) पर निर्भर है। क्रूड ऑयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20% रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है।

भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल रिफाइन करता है। यह न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरत पूरी करता है, बल्कि तैयार ईंधन का निर्यात भी करता है।

हालांकि एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि रूस के फैसले से अगर वैश्विक सप्लाई पर असर



पड़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। पहले से ही जंग के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं।

मॉस्को में शुक्रवार को पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं। मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है।

रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं।

इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है।


# बॉयफ्रेंड ने एक ही मंडप में 2-गर्लफ्रेंड संग रचाई शादी

## पहली ने प्रपोजल ठुकराया, दूसरी ने एक्सेप्ट किया, बाद में पहली भी मान गई

कोंडागांव, 28 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक युवक ने दो लड़कियों से शादी की है। एक ही मंडप में उसने दोनों दुल्हन के साथ सात फेरे लिए और साथ जीने-मरने की कसमें खाईं। अब यह शादी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

वीडियो में दूल्हा दोनों दुल्हनों का हाथ थामकर अग्नि के फेरे लेते नजर आ रहा है। जश्न के दौरान दोस्तों और ग्रामीणों ने जमकर डांस करते दिखाई दिए। वीडियो वायरल होने के बाद इस शादी की पूरे प्रदेश में शादी की चर्चा हो रही है।

यह मामला फरसगांव ब्लॉक के ग्राम बैलगांव का है। जानकारी के मुताबिक, युवक का नाम हितेश यादव है, जो कि खेती किसानी करता है। हितेश की पहली पत्नी शंकरपुर की रहने वाली फुलबती और दूसरी पत्नी बनियागांव गांव की रहने वाली



यामिनी है। दूल्हे के मुताबिक, पहली लड़की ने मेरा प्रपोजल ठुकरा दिया था, जबकि दूसरी ने तुरंत हां कह दी। बाद में हालात ऐसे बने कि दोनों ही शादी के लिए राजी हो गईं।

विवाह खुले तौर पर गाजे-बाजे के साथ संपन्न हुआ, जिसमें 23 मार्च 2026 को मंडपाच्छादन और हरिद्रालेपन (हल्दी) की रस्में हुईं, जबकि 24 मार्च 2026 को पाणिग्रहण, लग्न और आशीर्वाद समारोह आयोजित किए गए। सभी रस्में पारंपरिक तरीके से पूरी की गईं।

ग्रामीणों के अनुसार तीनों परिवारों की रजामंदी, समाज के बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ यह विवाह हुआ ताकि भविष्य में विवाद न हो। दूल्हा हितेश यादव ने बताया कि उनका फूलबती नाग और यामिनी देहारी से प्रेम संबंध था दोनों आदिवासी हैं। पहले फूलबती ने शादी का प्रस्ताव ठुकराया, फिर यामिनी ने हां कर दी। बाद में फूलबती भी मान गई।

तीनों की सहमति और परिवारों की चर्चा के बाद एक ही मंडप में दोनों से शादी का फैसला हुआ। हालांकि दोनों की मां शादी में नहीं आई थी लेकिन परिवार के अन्य सदस्यों और गांव वालों का समर्थन मिला और शादी संपन्न हुई। इस मामले में अधिवक्ता निपेंद्र मिश्रा ने बताया कि हिन्दू मैरिज एक्ट के तहत कोई व्यक्ति दो विवाह नहीं कर सकता। दूसरा विवाह तभी संभव है, जब पहली पत्नी से विधिवत तलाक लिया गया हो। हालांकि, आदिवासी समाज में अक्सर एक से अधिक विवाह की परंपरा देखी जाती है।

# बालेन के प्रधानमंत्री बनते ही पूर्व पीएम ओली गिरफ्तार

काठमांडू, 28 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी पिछले साल हुए जेन-जेड प्रोटेस्ट के मामले में हुई है।

यह कार्रवाई उस समय हुई, जब कल ही बालेन शाह ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पुलिस के अनुसार, ओली को शनिवार सुबह भक्तपुर के गुंडु स्थित उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, रमेश लेखक को सुबह करीब 5 बजे सूर्यविनायक से गिरफ्तार किया गया।

यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के आधार पर की गई है। एक जांच आयोग ने सुझाव दिया था कि इन नेताओं पर लापरवाही का केस चलाया जाए। इस मामले में 10



साल तक की सजा हो सकती है। रिपोर्ट में कई बड़े अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही गई है। पिछले साल हुए इन प्रदर्शनों में 77 लोगों की मौत हो गई थी और अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। ओली और रमेश लेखक को पुलिस जल्द ही आर्म्ड पुलिस फोर्स की महाराजगंज स्थित बटालियन नंबर-2 में शिफ्ट करेगी। दोनों नेताओं को गिरफ्तारी के बाद मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मेडिकल जांच पूरी होते ही दोनों को बटालियन में रखने की व्यवस्था कर ली गई है। यह कदम जारी कस्टडी प्रक्रिया के तहत उठाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि महाराजगंज स्थित बटालियन नंबर-2 में दोनों नेताओं को रखने की पूरी तैयारी कर ली गई है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। इस मामले की जांच एक आयोग ने की थी, जिसकी अगुआई पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की ने की। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रदर्शन के दौरान हालात को संभालने में गंभीर लापरवाही हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने पहले से मिली चेतावनी (इंटेलिजेंस) के बावजूद सही कदम नहीं उठाए, जिससे हालात बिगड़ गए और कई लोगों की जान चली गई।

गिरफ्तारी से पहले प्रधानमंत्री बालेन शाह की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस रिपोर्ट को लागू करने का फैसला लिया गया था। इसके बाद ही पुलिस ने यह बड़ा कदम उठाया।

# ईरान के साथ जंग में जल्द कूद सकता है यूएई

दुबई, 28 मार्च (एजेंसियां)। ईरान और इजरायल-अमेरिका के युद्ध से खाड़ी देश सीधेतौर पर प्रभावित हैं। खासतौर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ईरान के निशाने पर दिखा है। पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2,200 से ज्यादा मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। यूएई लगातार इसके लिए ईरान पर गुस्सा निकालता रहा है। यूएई ने कई मौकों पर जवाबी हमले का अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही है। यूएई अब इससे आगे बढ़ते हुए ईरान पर जवाबी हमले कर सकता है। यानी यूएई भी ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इजरायल के साथ उतर सकता है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएई का सब्र जवाब दे रहा है और वह ईरान के खिलाफ लड़ाई में शामिल हो सकता है। यूएई अगर युद्ध में कूदता है तो इसका भारत पर सीधे असर होगा।

भारतीय समुदाय यूएई में सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। यूएई में भारत के करीब 42 लाख लोग रहते हैं, जो देश की कुल आबादी का करीब 35 फीसदी है। ऐसे में यूएई में जंग नई दिल्ली की टेंशन बढ़ाएगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई के युद्ध में शामिल होने की अटकलों को इसलिए भी बल मिला है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर जमीनी आक्रमण की योजना जोर पकड़ रही है।

ईरान का होर्मुज जलडमरूमध्य से नियंत्रण हटाने के लिए अमेरिका ऐसा कर सकता है। अमेरिकी फौज होर्मुज के पास के रणनीतिक द्वीपों पर कब्जा करने की कोशिश कर सकती है। ईरान को शक है कि उस पर जमीनी हमले की शुरुआत यूएई कर सकता है। ओर से शुरू किया जा सकता है। ईरानी अधिकारी यूएई की ओर से जमीनी हमला किया जाने की खुफिया जानकारी मिलने की बात कह रहे हैं। तेहरान को लगता है कि यूएई जमीनी हमले की शुरुआत करेगा और फिर उसकी जमीन से अमेरिकी सैनिक ईरान में प्रवेश करेंगे।

# जयशंकर का दलाल बयान तो हद हो गई

## भारतीय विदेश मंत्री पर भड़कीं हिना रब्बानी, पाकिस्तानी नेता ने निकाली खीज

इस्लामाबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार के बाद पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार की ओर से एस जयशंकर के 'दलाल' कमेंट पर एतराज जताया गया है। खार ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि यह गलत है और इस तरह की सोच पूरे क्षेत्र को प्रभावित करती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सर्वदलीय बैठक में पाकिस्तान की ईरान युद्ध में कथित मध्यस्थता से जुड़े सवाल पर कहा था कि भारत इसमें नहीं है क्योंकि हम 'दलाल देश' नहीं हैं। इसी पर पाकिस्तान एतराज जता रहा है। हिना ने एक पोस्ट को रीपोरस्ट किया गया है। इस पोस्ट में एस जयशंकर के बयान का जिक्र करते हुए उनकी आलोचना की गई है। इसी पर हिना ने बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि यह देखकर दुख होता है कि पूरा का पूरा इलाका ऐसे लोगों और उनके सियासी ड्रामेबाजी का बंधक बना हुआ है। हिना रब्बानी से पहले पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से इस पर बयान दिया था।

# अमेरिका-ईरान युद्ध में यमन के हूतियों की एंट्री

सना, 28 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध में अब यमन के हूती विद्रोहियों की एंट्री हो गई है। हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की है, जो ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद से इस तरह का पहला हमला है। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने शनिवार को विद्रोहियों की अल-मसीरा टीवी पर इसकी घोषणा की। सरी ने कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते और प्रतिरोध के सभी मोर्चों पर आक्रामकता बंद नहीं हो जाती।

एक बयान में हूतियों ने कहा, 'यमन के सशस्त्र बलों ने बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार का इस्तेमाल करके अपना पहला सैन्य अभियान चलाया है, जिसमें दक्षिणी कब्जे वाले फिलिस्तीन में इजरायल के संवेदनशील सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है।' इजरायली सेना ने कहा कि उसने यमन से दागी गई एक मिसाइल का पता लगाकर उसे इंटरसेप्ट कर लिया है।

हूतियों के युद्ध में एंट्री के बाद से बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य से होकर लाल सागर से गुजरने वाले जलमार्ग पर खतरा मंडराने लगा है। हूतियों ने 2024 से यमन की राजधानी सना पर कब्जा कर रखा है लेकिन अब तक वे अमेरिका इजरायल और ईरान के युद्ध से बाहर रहे थे। इसके पहले इजरायल-हमास युद्ध के दौरान हूतियों ने मालवाहक जहाजों पर हमला करके लाल सागर में वाणिज्यिक आवाजाही को ठप कर दिया है।

लाल सागर से गुजरने वाला मार्ग स्वेज नहर से होते हुए हिंद महासागर को भूमध्य सागर से होते हुए यूरोप से जोड़ता है। अगर इस जलमार्ग पर हूती हमला करते हैं तो इसका असर भारत पर भी बुरी तरह पड़ेगा।



# कामदा एकादशी? सही तिथि पूजा मुहूर्त और व्रत का समय

**चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि 28 मार्च 2026 को सुबह 8 बजकर 45 मिनट से शुरू होकर 29 मार्च 2026 को सुबह 7 बजकर 46 मिनट तक रहेगी। इस कारण उदया तिथि के अनुसार, साल 2026 में कामदा एकादशी का व्रत 29 मार्च को रखा जाएगा। 29 मार्च को सूर्योदय के समय एकादशी तिथि मौजूद रहेगी, इसलिए इसी दिन व्रत करना शास्त्रों के अनुसार सही माना गया है।**

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। खासतौर पर चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे कामदा एकादशी कहा जाता है, बहुत फलदायी मानी जाती है। इसे सभी मनोकामनाएं पूरी करने वाली एकादशी भी कहा जाता है।

ऐसे में हर साल की तरह इस बार भी लोगों को कंफ्यूजन है कि कामदा एकादशी 28 मार्च को है या 29 मार्च को है। ऐसा इस कारण है, क्योंकि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 28 मार्च से शुरू होकर 29 मार्च तक रहेगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि साल 2026 में एकादशी व्रत कब रखा जाएगा?

### कामदा एकादशी कब है

चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि 28 मार्च 2026 को सुबह 8 बजकर 45 मिनट से शुरू होकर 29 मार्च 2026 को सुबह 7 बजकर 46 मिनट तक रहेगी। इस कारण उदया तिथि के अनुसार, साल 2026 में कामदा एकादशी का व्रत 29 मार्च को रखा जाएगा। 29 मार्च को सूर्योदय के समय एकादशी तिथि मौजूद रहेगी, इसलिए इसी दिन व्रत करना शास्त्रों के अनुसार सही माना गया है।

### कामदा एकादशी पूजा मुहूर्त

कामदा एकादशी के दिन पूजा का शुभ समय सुबह 7 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा, मंत्र जाप और भजन करना बेहद शुभ माना जाता है। वहीं, एकादशी व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर किया जाता है। साल 2026 में पारण 30 मार्च को सुबह 6 बजकर 14 मिनट से 7 बजकर 9 मिनट के बीच करना शुभ रहेगा।

### कामदा एकादशी पूजा विधि

कामदा एकादशी का व्रत दशमी तिथि से ही शुरू माना जाता है। इस दिन से सात्विक भोजन करना चाहिए। एकादशी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। पूजा स्थान को शुद्ध कर भगवान विष्णु की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।

दीपक और धूप जलाएं और तुलसी दल, पीले फूल और फल अर्पित करें। "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जाप करें और विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें। दिनभर भजन-कीर्तन और भगवान का स्मरण करें। अगले दिन द्वादशी पर पूजा के बाद व्रत का पारण करें और दान-पुण्य करें।

### कामदा एकादशी का महत्व

कामदा एकादशी को सभी इच्छाओं को पूरा करने वाली एकादशी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत को करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है, यहां तक कि बड़े दोषों से भी छुटकारा मिल सकता है।

इसका उल्लेख वराह पुराण और भविष्य पुराण में भी मिलता है, जहां इसके प्रभाव और महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। एक कथा के अनुसार, एक गंधर्व ललित को श्राप के कारण राक्षस योनि में जाना पड़ा था। उसकी पत्नी ललिता ने कामदा एकादशी का व्रत रखा और भगवान विष्णु से प्रार्थना की। इस व्रत के प्रभाव से ललित का श्राप समाप्त हो गया और उसे मुक्ति मिल गई।

# किचन में इस जगह रखें पानी का गिलास, मां लक्ष्मी का होगा आगमन

वास्तु के अनुसार, जल तत्व का संबंध सीधे तौर पर सकारात्मक ऊर्जा और धन के प्रवाह से है। किचन में अग्नि और जल का सही दिशा में होना 'वास्तु दोष' को दूर करता है। यदि पानी गलत दिशा में रखा जाए, तो घर में कलह, बीमारी और आर्थिक तंगी पैर पसारने लगती है।

### पानी रखने की सबसे शुभ दिशाः उत्तर-पूर्व

किचन में पानी का गिलास, जग या पीने के पानी का मटका रखने के लिए उत्तर-पूर्व दिशा सबसे उत्तम मानी जाती है।

उत्तर-पूर्व दिशा से सुबह की सकारात्मक किरणें प्रवेश करती हैं, जो पानी को शुद्ध और ऊर्जावान बनाए रखती हैं।

ईशान कोण को देवताओं का स्थान माना जाता है। यहाँ जल रखने से घर में शांति बनी रहती है और मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

उत्तर दिशा



यदि ईशान कोण में जगह न हो, तो आप पानी का पात्र उत्तर दिशा में भी रख सकते हैं। उत्तर दिशा के स्वामी कुबेर देव हैं। इस दिशा में साफ पानी रखने से आय के नए स्रोत खुलते हैं और रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

### मां लक्ष्मी के आगमन के लिए विशेष उपाय

किचन में केवल पानी रखना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे रखने का तरीका भी मायने रखता हैः

**रात को भर कर रखें पानीः** सोने से पहले किचन में एक ताजे पानी का गिलास या लोटा भरकर जरूर रखें। माना जाता है कि खाली बर्तन नकारात्मकता लाते हैं। सुबह इस पानी को पौधों में डाल दें। यह उपाय घर की दरिद्रता को दूर करने में सहायक होता है।

**तांबे के पात्र का प्रयोगः** पानी के लिए तांबे के लोटे या गिलास का उपयोग करना अत्यंत शुभ है। तांबा सूर्य और मंगल का कारक है, जो किचन की अग्नि ऊर्जा के साथ सामंजस्य बिठाता है।

**उत्तर-पूर्व कोने में दीपकः** शाम के समय किचन में जहाँ पानी रखा हो, वहां एक छोटा सा घी का दीपक या मोमबत्ती जलाने से मां लक्ष्मी का मार्ग प्रशस्त होता है।

# जब धन से बड़ी दुआएं बन गईं !

## फ्रैंकलिन और उनके मित्र के बीच हुए गोपनीय समझौते का सच

बैंजामिन फ्रैंकलिन ने अपने एक धनी मित्र की मेज पर सोने की कुछ गिन्नियां रखते हुए कहा, "यह लीजिए अपनी रकम वापस। धनी मित्र ने पूछा यह क्या है ?

फ्रैंकलिन ने कहा, मैंने जो रकम आपसे ली थी, वह वापस कर रहा हूं और क्या ? धनी मित्र को कुछ याद नहीं था।

फ्रैंकलिन ने बताया, मैंने एक प्रैस में समाचार-पत्र छापने का काम प्रारंभ किया था, अचानक ही अस्वस्थ हो जाने से मेरा काम ठप्प हो गया था और उस समय मैंने आप से यह रकम ली थी। अब वह राशि लौटाने आया हूं। आप ने समय पर जो सहायता की, उसका परिणाम यह हुआ कि अखबार दोबारा प्रकाशित हो रहा है।

मैं ही उसका संपादकीय कार्य करता हूं। ग्राहकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। आर्थिक दृष्टि से मैं अब निश्चित हूं। अपनी इन गिन्नियों को आप संभाल लें।

बैंजामिन ने जब विस्तार से स्थिति स्पष्ट की तो उसे याद आ गया। लेकिन उसने कहा, "यह तो ठीक है कि आप मुझसे राशि ले गए थे, परंतु उसे वापस लौटाना तो तय नहीं हुआ था।

उस समय आप कठिनाई में थे, इसलिए आपकी सहायता करना मैंने अपना कर्त्तव्य समझा था। जब फ्रैंकलिन ने जोर दिया तो उनके मित्र ने कहा, "मेरी ओर से आप यह रकम आप अपने पास रखें। कभी कोई कष्ट में आपके पास आए तो यह उसे दे दें और उससे आप भी वापस न लें।

वह भी इसे आगे किसी जरूरतमंद की सहायता के लिए दे दे। यह क्रम चलता रहे तो कितना अच्छा हो। कुछ सोचकर फ्रैंकलिन ने वे गिन्नियां अपने पास रख लीं और वैसा ही किया जैसा उसके मित्र ने कहा था।

# सफलता से पहले क्यों मिलती है असफलता ?

## स्वामी विवेकानंद की कहानी से समझें इसका राज



स्वामी विवेकानंद अपने आश्रम में सुबह-सुबह टहल रहे थे। एक पालतू कुत्ता भी उनके साथ में पीछे-पीछे चल रहा था। उसी समय एक युवक उनके पास आया और अपनी परेशानी बताते हुए कहने लगा, "स्वामी जी, मैं बहुत परेशान हूं। खूब मेहनत करता हूं पर मुझे सफलता नहीं मिलती है। कृपया आप मेरी मदद करें।"

स्वामी जी उसकी परेशानी समझ गए। उन्होंने कहा, "भाई तुम इस कुत्ते को सैर करा दो, मैं तुम्हारे प्रश्नों का जवाब दे दूंगा।" लेकिन स्वामी जी की बात मानकर वह कुत्ते को लेकर टहलाने निकल गया। लगभग एक-डेढ़ घंटे तक कुत्ते को टहलाने के बाद युवक आश्रम में लौटा। आश्रम में स्वामी जी एक जगह बैठे थे। उन्होंने देखा कि युवक के चेहरे पर थकावट नहीं है, पर कुत्ता जोर-जोर से हांफ रहा है। स्वामी जी ने युवक से पूछा, "तुम्हारे चेहरे पर तो थकावट नहीं दिख रही है, पर यह कुत्ता इतना हांफ क्यों रहा है?"

युवक ने जवाब दिया, "स्वामी जी मैं तो इसके पीछे-पीछे चल रहा था। पर यह कभी इधर भागता था, कभी उधर। यह दौड़ते-दौड़ते थक गया। स्वामी जी ने युवक से कहा, "देखो, इसी में तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। दूसरों का पीछा करते हुए, इधर-उधर भागते हुए तुम थक गए हो। तुम्हें क्या करना है?

यह तुम्हें पता होना चाहिए। ज्यादा भागदौड़ से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। तुम्हारी सफलता तुम्हारे आसपास ही है। तुम्हें अपनी क्षमता पहचान कर लक्ष्य पर सारी ऊर्जा केंद्रित कर काम में लग जाना होगा। तुम्हें सफलता अवश्य मिलेगी।" युवक स्वामी जी के उत्तर से संतुष्ट हो गया।

# महाभारत और रामायण काल के वो व्यंजन और खाने जो आज भी हिट



बालकृष्ण और सरोज बाला जैसे शोधकर्ताओं के अनुसार महाभारत का समय करीब 3102 ईसा पूर्व माना जाता है. वहीं रामायण को खगोलीय गणना के आधार पर 5114 ईसा पूर्व मानते हैं. हालांकि पुरातत्वविद थोड़ा अलग विचार रखते हैं. प्रसिद्ध पुरातत्वविद बी.बी. लाल ने हस्तिनापुर और कुरुक्षेत्र में खुदाई के दौरान 'पेन टेड ग्रे वेयर' अवशेष पाए. इसके आधार पर महाभारत काल को 1000 ईसा पूर्व से 900 ईसा पूर्व के बीच रखा जाता है. वहीं कुछ इतिहासकार रामायण काल को 1500 से 2000 ईसा पूर्व के बीच रखते हैं, जबकि कुछ इसे और भी प्राचीन मानते हैं. तो अब हम आपको बताते हैं कि कौन से खाने रामायण काल में भी थे. फिर ये महाभारत काल में खूब पसंद किए गए. हम अब भी उन्हें मन से पसंद करके खाते हैं।

### खीर तब भी हिट और अब भी

रामायण और महाभारत दोनों में ही 'क्षीर' यानि खीर या दूध से बनी मीठी चीज़ों का वर्णन मिलता है. राजा दशरथ द्वारा पुत्रकामेष्टि यज्ञ के बाद रानियों को दिया गया 'चरा' यानि खीर जैसा प्रसाद इसका प्रमाण है. आज भी भारत के हर शुभ अवसर पर खीर बनाई और खाई जाती है।

तब चावल के साथ जौ की भी खीर बनाई जाती थी. ऋग्वेद और शुरुआती वैदिक काल में जौ ही मुख्य अनाज था. इसलिए सबसे प्राचीन खीर जौ को दूध में पकाकर बनाई जाती थी. जैसे-जैसे चावल की खेती बढ़ी, 'तण्डुल' यानि चावल की खीर लोकप्रिय हो गई. रामायण में जिस 'पायस' या 'क्षीर' का उल्लेख है, वह अक्सर दूध, चावल और गुड़ का मिश्रण होता था. स्वाद के लिए इसमें इलायची, केसर और सूखे मेवों का प्रयोग किया जाता था, जो आज भी हमारी विधि का हिस्सा हैं।

### अपूप यानि मालपुआ

ऋग्वेद काल से लेकर पौराणिक काल तक 'अपूप' का ज़िक्र आता है. यह घी में तला हुआ और शहद या गुड़ में डूबा हुआ एक मीठा पकवान था, जिसे आज हम मालपुआ के नाम से जानते हैं।

### सत्तू हमेशा साथ

महाभारत काल में यात्री और सैनिक अपने साथ 'सक्तु' यानि सत्तू रखते थे, क्योंकि यह खराब नहीं होता था. तुरंत ऊर्जा देता था. आज भी उत्तर भारत, विशेषकर बिहार और उत्तर प्रदेश में सत्तू एक लोकप्रिय 'सुपरफूड' है।

### दही-बड़ा यानि वटिका

प्राचीन ग्रंथों में दाल को पीसकर घी में तलने और फिर उसे दही में भिगोने का उल्लेख मिलता है, जिसे 'वटिका' कहा जाता था. यह आज के दही-बड़े का ही प्राचीन रूप है. इसे महाभारत और रामायण काल में खूब खाया जाता था।

### पंचामृत और चरणामृत

दूध, दही, घी, शहद और शक्कर का मिश्रण पंचामृत कहलाता है. उस काल में देवताओं के भोग और स्वास्थ्य वर्धक पेय के रूप में उपयोग होता था, जो आज भी हर हिंदू पूजा का अनिवार्य हिस्सा है।

### जो तब भी खाते थे और अब भी

**जौ और गेहूं** – उस समय जौ मुख्य अनाज था, जिसे आज हम जौ की रोटी या दलिया के रूप में खाते हैं।

**दालें** – मूंग, उड़द और मसूर की दालों का प्रयोग 'सूप' या 'दाल' के रूप में तब भी प्रचलित था।

**फल** – आम, केला और जामुन जैसे फलों का रामायण में 'पंचवटी' के प्रसंग में खूब विस्तार से बताया गया है।

**सब्जियां** – कद्दू, लौकी और अरबी जैसी सब्जियां उस काल से हमारे भोजन का हिस्सा हैं।

### क्या खाते थे रामायणकाल के लोग

आर्यों का खान -पान वानरों और राक्षसों से अलग था. आर्य मुख्य तौर पर शाकाहारी और कुछ हद तक मांसाहारी थे, वानर विशुद्ध शाकाहारी और राक्षस मुख्य तौर पर मांसाहारी थे. जब वन में भरद्वाज मुनि ने भरत के सैनिकों का स्वागत किया तो उनसे कहा आप अपनी इच्छानुसार सुरा-पान, मांस भक्षण और शाकाहार का सेवन करें. तब इस सेना को इतनी खीर दी गई कि इससे आश्रम के आसपास कीचड़ ही कीचड़ हो गया।

### दूध दही का इस्तेमाल

दूध, दही, मक्खन और घी का खूब इस्तेमाल होता था. चीनी और मसालों में मिली हुई दही को रसाल या रायता कहते थे. उस दौर में सौवर्चल नाम का विशेष नमक इस्तेमाल किया जाता था. खाने में मिर्च, चटनी और खटाई का प्रयोग भी होता था. चीनी, गुड़ और शहद से मिठाइयां बनाई जाती थीं. फल भरपूर होते थे।

रामायण में आम, गन्ना, केला, खजूर, जामुन, अनार, नारियल, कटहल और बेर जैसे फलों का उल्लेख हुआ है. फलों का रस भी निकाला जाता था. कुछ पशु मेध्य थे यानि खाने लायक।

### महाभारत दौर में वेज और नॉनवेज भी

शोध कहती हैं कि महाभारत दौर में लोग दोनों तरह का खाना खाते थे. जमकर दूध पीते थे. पांडव क्या खाते-पीते थे. उन्हें कौन से व्यंजन पसंद थे. खासकर तब जबकि वो निर्वासन में वनवास में रहने गए. मांसाहार को युधिष्ठर अपरिहार्य स्थितियों में उचित मानते थे।

पांडव पूरी तरह से शाकाहारी नहीं थे. उन्होंने निर्वासन के दौरान मांसाहारी भोजन किया और शाकाहारी खाना भी. ऐतिहासिक ग्रंथों से पता चलता है कि वे वनवास के दौरान हिरण और अन्य जानवरों का शिकार करते थे, जो उस दौर में क्षत्रियों के बीच आमबात थी. निर्वासन के दौरान उनके खाने में विविधता और बढ़ी. वो इस दौरान जिन क्षेत्रों से गुजरे, जहां रुके, वहां का खाना खाने लगे।

महाभारत में पांडवों के आहार के हिस्से के रूप में मुर्गी और मछली सहित विभिन्न मांसाहारी व्यंजनों का भी उल्लेख है. प्राचीन भारत में मिश्रित भोजन होता था यानि शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के. अनुष्ठानों और खास कार्यक्रमों में मांसाहारी खाना पकता था।

### हिरण भी शिकार करके खाया

पांडवों का भोजन मिश्रित था, जिसमें शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के खाद्य पदार्थ शामिल थे. वनवास में वो फलों, जड़ों से जुड़े खाद्य पदार्थ और अनाज भी खाते थे. ऐतिहासिक ग्रंथों से पता चलता है कि वे शिकार भी करते थे. मांस भी खाते थे. वनवास के दिनों में उन्होंने मुख्य रूप से हिरण का मांस खाया और मछलियों का सेवन किया. महाभारत में उल्लेख है कि पांडव कुशल शिकारी थे, जिसने उन्हें जंगल में रहने के दौरान शिकार से भोजन के लिए काफी आहार जुटाया।

### भीम को कौन सा खाना पसंद था

भीम को मांस बहुत पसंद था, खास तौर पर हिरण. ये मांस खाने की क्षत्रिय परंपरा से मेल खाता है. वह खीर खूब खाते थे.



महाभारत में ऐसे उदाहरण हैं जहाँ उन्होंने बहुत ज़्यादा मात्रा में खीर खा ली।

भीम को अवियल बनाने का श्रेय दिया जाता है, जो इमली और नारियल की ग्रेवी में कई तरह की सब्ज़ियों से बनी एक दक्षिण भारतीय सब्जी है. कहा जाता है कि इस व्यंजन की उत्पत्ति तब हुई जब उन्हें राजा विराट के वनवास के दौरान उनके अप्रत्याशित मेहमानों के लिए खाना बनाना पड़ा।

**भीम लड्डू** – उनसे जुड़ा एक और व्यंजन "भीम लड्डू" है, जो देसी घी और सूखे मेवों से बनी एक बड़ी मिठाई है, जिसे उनकी ताकत का स्रोत माना जाता है।

# तमिल साहित्य के गौरव : वैरामुथु

## ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता



अतुल कुमार

वर्ष 2025 का साहित्य का सर्वोच्च ज्ञानपीठ पुरस्कार तमिल के लोकप्रिय कवि , गीतकार और साहित्यकार वैरामुथु को देने की घोषणा की गयी है . तमिल साहित्य के तीसरे लेखक ,कवि हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुआ है इसके पूर्व तमिल के प्रख्यात रचनाकार अखिलन और जयकांतन को यह पुरस्कार मिल चुका है . वैरामुथु की इस यशस्वी उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए जयकांतन ने कहा कि " आकाश मेरे लिये एक बोधि वृक्ष है ,यह प्रतिदिन मुझे एक संदेश देता है , ये काव्यात्मक शब्द मेरे कानों में पडे ,और मेरे ह्रदय में समा गये और मित्रता में घुल मिल गये मैं अपने मित्र को बधाई देते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं " वैरामुथु ने सन 1972 में कविता संग्रह " वैगराई मेघंगल " के प्रकाशन के साथ अपने साहित्यिक सफर की शुरुआत की तब से उन्होंने कविता संग्रहों और कई उपन्यासों सहित 40 से अधिक पुस्तकें लिखीं तमिल साहित्य में उनकी लेखन शैली व कथ्य को उसकी गहराई सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव के लिये सराहा जाता है .

वैरामुथु को सात राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जो किसी भी भारतीय गीतकार द्वारा प्राप्त किये गये पुरस्कारों में सबसे अधिक है वह न केवल सिनेमा के लिये बल्कि अपनी गंभीर तमिल साहित्यिक कविताओं तथा उपन्यासों के लिये भी जाने जाते हैं .उनकी कविताएं और उपन्यास हाशिये पर पडे समुदायों पर लिखी गयी हैं . उनकी प्रसिद्ध कविताओं में कुछ हैं " तमिल मां को नमन " जिसका काव्यानुवाद है " हे !तमिल मां तुम मेरी आत्मा का संगीत हो ,संगम युग की तुम ही हो प्रतिध्वनी ;/ चोलो की तलवार और पांड्यों की कलम ,तुम्हारी ही आभा से है रौशन ! ओ मेरी मां तुम ही मेरी पहचान हो // और दूसरी कविता जो प्रकृति और जीवन पर आधारित है की पंक्तियां हैं " समय एक बहती नदी है ,यादें उस पर तैरते पत्ते ! जो ठहर गया ,वो बिखर गया ,जो बह गया वह निखर गया //

उनकी कविताएं" पुधु कवितई " ( आधुनिक कविता ) के अंतर्गत आती हैं जिसमें सरलता , रूपक और गहरी अनुभूतियों का प्रयोग होता है उनके गीतों में तमिल भाषा की मधुरता और भावुकता का बेहतरीन और श्रवणीय मिश्रण सुनने – पढने – और देखने को मिलता है . उदाहरण के लिये उनकी एक प्रेम कविता की कुछ लाइनों को पढिये ." जब तुम मुस्कुराती हो ,ऐसा लगता है जैसे कावेरी नदी में अचानक चांदनी बिखर गयी हो / तुम्हारी आंखों की खामोशी में मैं अपनी दुनिया तलाशता हूं // वो दिन आज भी उनको खूब याद है ,जैसे कल ही की बात हो सन 1980 में जब उन्होने पी भारती राजा की फिल्म " निझलगल "के लिये पहला फिल्मी गीत लिखा गीत है " पोन मालै पोझुथु " .भले ही फिल्म

टिकट खिडकी पर नहीं चली पर फिल्म के इस गीत ने लोगों के दिलों को छुआ . इसने उनकी ज़िंदगी बदल डाली तब से गीतकार वैरामुथु ने पीछे मुड कर नहीं देखा . अपने जीवन की शुरुआत तमिल अनुवादक के रूप में की लेकिन तमिल तथा उसके साहित्य के प्रति अगाध प्रेम को सिनेमा के माध्यम से फैलाने के लिये सदा प्रतिबद्ध रहे . अपने जीवन के पहले फिल्मी गीत जो हिट हुआ उसके बारे में बताया कि उस समय मेरी पत्नी अस्पताल में थी हम अपने पहले बच्चे के जन्म की प्रतीक्षा कर रहे थे यकायक एक साझा मित्र के माध्यम से संदेश आया कि फिल्मकार भारती राजा ने तुरंत बुलाया है . इसे सुन दौडा तो देखा वहां विश्व विख्यात संगीत उस्ताद इलैय राजा मेरे लिखे गीत को वाद्य यंत्रों में पिरो रहे हैं जिसे देख मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा .



तमिल फिल्मों में उनकी अपार लोकप्रियता को इसी से समझा जा सकता है कि उन्होंने 7500 से अधिक फिल्मी गाने लिखे जिनमें कई हिट रहे . उनका काव्य भावनाओं की तीव्रता और मूल तमिल की लय को बनाये रखने पर केंद्रित होता है . वर्षा " पर लिखी कविता में लिखा कि " वर्षा के आने का संकेत ,मिट्टी की सौंधी सुगंध है यह वह संगीत है ,जो सूखे दिलों को भिगो देता है " फिल्म " बांबे " के रोमांटिक गाने में लिखा कि " हे ! नयनों के स्वामी ,मेरे जीवन के राग में केवल तुम्हारा ही सुर गूंजता है " पारंपरिक तमिल कविता से हट आधुनिक विषयों का भाव चित्रण किया . फिल्मी गीतों में भी उच्च स्तर की तमिल भाषा का प्रयोग किया . अपनी पुस्तक " एल्ला नाधियुलम एन ओडीयम ' के माध्यम से काव्य और लेखन की नयी स्टाइल को प्रस्तुत किया .उनकी रचनाएं मानवतावादी भावनाओं तथा सामाजिक पहलुओं का स्वर लिये होती हैं .उनका लेखन समकालीन तमिल साहित्य में प्रमुख माना गया .

वैरामुथु ने चार दशकों से अधिक के लेखन जीवन में कविता ,गीत और गद्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया .उनके लिखे को पढने के लिये तमिल पाठक सदा उत्सुक रहते हैं . उनके उपन्यासों और कहानियों में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक यथार्थ का अद्भुत रूप मिलता है जो रीडर्स को बांधे रखता है और उन्हें उसमें आसपास बिखरी बातें व सच्चाइयों का चित्रण असरदार रूप में पढने मिलता है . अब तक तमिल साहित्य को दो ज्ञानपीठ पुरस्कार मिले थे जो गद्य लेखकों को दिये गये थे .लेकिन इस बार तमिल कविता को पुरस्कार मिला है इसी के साथ तमिल कविता को कभी ज्ञानपीठ पुरस्कार न मिलने की पुरानी धारणा समाप्त हो गयी .

तमिल शब्द " वैरम " का हिंदी में अर्थ " हीरा " और " मुथु " का मतलब "मोती " होता है .इन दो तमिल शब्दों के मेल से उनका नाम वैरामुथु पडा .पूरा नाम वैरामुथु रामासामी है . 13 जुलाई 1953 को जन्मे इस विख्यात कवि को उनके साहित्यक योगदान के लिये पद्मश्री ,और पद्मभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया .उनकी प्रमुख कृतियों में " कल्लिकुडु इतिहासम " " करुवाची काव्यम " " तन्नी देसम " " मौद्रम उलागा पोर " जैसी चर्चित कृतियां शामिल हैं .किसी शायर ने खूब लिखा " मैं लिखता हूं वो सिर्फ अल्फाज़ नहीं ,मेरी रूह का उसमें एहसास होता है / मेरी कलम से जो भी उतरता है कागज़ पर वो मेरे ज़मीर का खुला आईना होता है // वैरामुथु ने अपनी सशक्त कलम से यही किया .

# काव्य कुंज

## राम सत्य की जीत हैं



राम सत्य की जीत हैं,
राम नीति का नाद।
राम प्रीति है न्याय सें,
राम पुण्य अनुवाद।।
राम कथा कर्त्तव्य की
राम दिशा का बोध।
राम त्याग का तेज हैं,
राम शक्ति का शोध।।
राम निरन्तर साधना,
राम निरन्तर कर्म।
राम ध्यान विज्ञान हैं,
राम ज्ञान का मर्म।।
राम शब्द की शक्ति हैं,
राम दया का धाम।।
राम शील का सिंधु हैं,
राम शौर्य का नाम।।
राम सुयश का शिखिर हैं,
राम वचन विश्वा।
राम सदय निरधर सदा,
राम विजय का वास।।

-अजहर हाशमी

## निष्ठुर आतंक



कौशल्या गुप्ता,
हैदराबाद

प्रचंड बारूद के धमाकों से ,
पर्वत की छाती दहल उठी ।
सिहर उठी फूलों की घाटी ,
जब बर्फ लहू से लाल हुई ।।
ये सुरसा सा देह बढ़ाता ,
दानव कौन चला आता ।
क्या मानव क्या मिनार,
सब को भस्म किये जाता ।।
जाने किस घृणा के दलदल से ,
इस आतंक ने जन्म लिया ।
या ,प्रतिशोध के ज्वलित कुंड से ,
इस कृत्या को प्रकट किया ।।
जिस धरती की क्यारी में ,
हम हरियाली का पोषण करते हैं ।
उसी धरा की परतों में ,
वे बारूदी सुरंग बिछाते हैं ।।
सृजन नहीं संहार में ,
इस दानव को विश्वास है ।
इसके तृषित खूनी अधरों पर ,
बस शोणित की प्यास है ।।
कर विषाक्त विध्वंस अरे ,
ये जहर हवा में भर देंगे ।
अमृत-सलिला इन नदियों में ,
जीवाश्म रोग का घोलेंगे ।।
कौन कहो बन नीलकंठ ,
इस भीषण विष का पान करे ।
सुजला सुफला इस धरती को ,
दानव चंगुल से मुक्त करे ।।
महाविनाश की इस ज्वाला में ,
आतंक,धरा को झोंक रहा ।
जिस शाखा पर हैं बैठे ,
उसी शाखा को काट रहे...
ओज भरी अमृत वाणी से,
मत समझाने की भूल करें ।
ले कटार अब हाथों में,
जड़ से इनको निर्मूल करें ।

## सुनिश्चित है



मोनिका डागा,
चेन्नई

जो अहम के वशीभूत हो
ठूठ बने रह गए,
उनका एक न दिन तो
पतन सुनिश्चित है,
जो ढलना भूल कर
उम्र भर अकड़े रह गए,
उनका एक न दिन तो गिरना सुनिश्चित है ।
जो सुपरिवर्तन को सहज स्वीकार न सके,
उनकी एक न दिन तो अवनति सुनिश्चित है,
जो कमियों में सुधार का शिल्प न गढ़ सके,
उनकी एक न दिन तो गिरावट सुनिश्चित है ।
जो आचरण को सुव्यवस्थित न कर सके,
उनकी एक न दिन तो पराजय सुनिश्चित है,
जो समय की कीमत समय रहते न समझ सकें,
उनकी एक न दिन तो दुर्गति सुनिश्चित है ।
जो विनम्रता को व्यहवार में न उतार सके,
उनका एक न दिन तो ह्रास सुनिश्चित है,
जो ऊँच-नीच की दीवार को न गिरा सके,
उनका एक न दिन तो विषाद सुनिश्चित है।
जो कड़वाहट को मन से सहज न निकाल सके,
उनकी एक न दिन तो अस्वस्थता सुनिश्चित है,
जो सत्यता के आनंद को न अपना सके,
उनकी एक न दिन तो शिकस्त सुनिश्चित है ।

## रामनवमी



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

राम नवमी का हर्षित
त्योहार आ गया
सारे भक्तों का ह्रदय
पुलकित हो गया ।
आज जन्मे अवध में
मेरे श्रीराम जी
शोर नगरी भई उनके
अवतरण दिवस की ।
राजा दशरथ का ह्रदय आज गदगद हुआ
तीनों मैया का कंठ हर्ष से अवरुद्ध हुआ ।
पूरी नगरी अयोध्या खुशी से झूमी
ढोल- मंजीरे बजते गली हर गली ।
राम से आस सबकी है दिल से बंधी
जग का कल्याण होगा ये सोचे सभी ।
पापी- दुष्टों का अब ना रहेगा वर्चस्व
राम खुद ही मिटा देंगे उनका सर्वस्व ।
आज सुर, नर, मुनि सब अहलादित हुए
पूरी नगरी अयोध्या के भाग्य हैं जगे ।
द्वार भीड़ लगी आज दशरथ के गृह
भोले शंकर चले ज्योतिष बन उनके घर ।
लेके कागभुशुंडि को भी अपने संग
दोनों आज रमे हैं श्रीराम जी के रंग ।

## आंखों में सपने हैं



गजानन पाण्डेय

आओ सजाएं , लाडली का कल
जीवन में रंग भरे , खुशियों के पल
उसकी हंसी में, हमारी खुशी है
उसके सपने , हमारी आंखों में
उसे एहसास हो ,
हम उसके साथ हैं ।
जो बीत गया , वह सपना था
एक नई डगर है
नव संकल्प , नव - प्राण है
वो हमारी पहचान है ।

## माटी की मूरत



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

माटी की मूरत पे देखो,
बेहिसाब प्यार आया है।
आया तो आया संग में,
सुगंधित बहार लाया है।
सुन्दरता बड़ी अजीब,
चीज़ होती है।
पचास पार करते करते,
रिश्ते में खार लाया है।
हुस्न के साथ तो,
इश्क़ बंधा है यारा।
गई जवानी तब तो, सबकी मार लाया है।
साकी जाम पिलाती रही। पीने वाले बेहिसाब पी गए।
खुमार तो उतरता ही नहीं, देखते देखते उधार लाया है।
बड़े मजे से जवानी गुजरी।अब सांस सांस भारी है।
जवानी के साथ साथ में, बच्चों का संसार लाया है।
क्या समझता है आदमी, हमेशा जवान ही रहेगा।
कहां गया लड़कपन, क्यों साथ में अंगार लाया है।
अब जवानी भी खत्म हुई, बच्चे हो गए जवान,
जिन बेटों पे तू मरता रहा, वो घर का हकदार लाया है।
आंख खोल जीवन को ,तू समझ , पूरा देख।
मां बाप को पराया समझा,आज वही मल्हार, लाया है।
बिन गरज के कोई प्यार, नहीं करता तुझसे,
वही बाप तेरे लिए, खुशियां अपार लाया है।

## राम भक्त हनुमान



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

राम भक्त हनुमान,
आए तेरे द्वार कर दो बेड़ा पार।
केसरी पुत्र,अंजनी लाला,
दीन की सुनलो पुकार।।
कर दो बेड़ा पार।
तुम्हारी महिमा न्यारी प्यारी,
सूक्ष्म विराट रूप बना के,
अहंकारी रावण को, सबक सिखाया लंका जला के,
भूख सताई तो लाल सूरज को, फल समझ निगल गये
अचंभित किया छह मास में, शक्ति के जलवे दिखा के,
प्राणों पर बन आयी जन के, बिन सूरज न चले संसार।
राम भक्त हनुमान,आए तेरे द्वार कर दो बेड़ा पार।
कर दो बेड़ा पार।
रामायण सुन्दर कांड से जानी, गाथा वीर हनुमान की,
श्रीराम के बिना न होवे, पूजा वीर हनुमान की,
हनुमंत सौम्य,शांत,बलवान,रामकाज करणी निराली
ओ ब्रह्मचारी तीन लोक में, शक्ति नहीं हनुमान वाली,
सीने में सियाराम बसेरा , कैसा ये अनुपम प्यार।
राम भक्त हनुमान,आए तेरे द्वार कर दो बेड़ा पार।
कर दो बेड़ा पार।
संकट हरते,पीड़ा हरते,बुरी बला से पवन पुत्र बचाते,
जब भी अज्ञात डर सताये,केसरी नंदन भय भगाते,
हनुमंत धरा पर हैं अभी भी, जहां राम नाम के जगराते
श्रीराम के हर आँगन में राम दूत हनुमान विराजे,
जन्मांतर तक करते रहेंगे हनुमान की जय जयकार।
राम भक्त हनुमान,आए तेरे द्वार कर दो बेड़ा पार।
अब तो कर दो बेड़ा पार।

## आपकी अच्छाई ही...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

आपकी अच्छाई ही,आपकी पहचान है
वरना आपके नाम के तो लाखों इंसान हैं
सड़क के दोनों ओर
कुछ आधी और कुछ पूर्ण कद की
प्रतिमाएं सजी हुई थी
जन्मदिन व पुण्यतिथि आते ही
फूल मालाओं से लदी हुई थी
एक प्रश्न
मस्तिष्क में कौंधता है
सदियां गुजर गई
फ़िर भी स्तुतिगान
आपकी अच्छाई ही..
सत्य , अहिंसा विषय
गांधी, मंडेला, मॉर्टिन लूथर किंग
स्मरण हो आते हैं
हालांकि डंडे खाए,
वर्षों सलाखों के पीछे रहे
फिर भी
आलौकिक पुंज
मन मस्तिष्क पर उभर आते हैं
करें चिंतन
आखिर क्योंकर दिनमान हैं
आपकी अच्छाई ही...
श्रद्धेय कबीर, फरीद, सुर,रविदास
स्मरणीय विभूतियां
मन चंगा कठौती में गंगा
उत्कृष्ट रश्मियां यही डिफरेंशियट...
ही विशिष्ट पहचान है आपकी अच्छाई ही...

## नि:शब्दता की गूंज



मनीषा मंजरी
दरभंगा

रात्रि के गहन पहर में,
गति श्वासों की मंद हुई,
स्याह नयनों में मेघ थे छाये,
आस के मोती स्वच्छंद हुए।
जीवन के इस चंचल छल में,
मृत्यु मस्त मलंग हुई,
वो डोर जो संयम से बांधे,
गांठों की क्रीडा से दंग हुए।
नियत आगमन भोर का यद्धपि,
प्रतीक्षा में लौह भी जंग हुए,
हर क्षण में युग की प्रतीति ऐसी,
नि:शब्दता की गूंज प्रचंड हुई।
अश्रु निस्तेज हो सूख चुके थे,
रुदन भय की भी स्तब्ध हुई,
अन्धकार की लालिमा में,
स्वपनों की सृष्टि में विध्वंश हुए।
मृदु ह्रदय रक्तरंजित तो थे हीं,
नए आघात से आभा में द्वंद हुई,
अस्तित्व स्मृतिविहीन हुई यूँ,
वेदना की चीखों पर प्रतिबन्ध हुए।
स्नेहिल स्पर्श उदासीन पड़े थे,
संचित साहस भी विषाक्त हुई,
कल्पित एक भोर पे आस टिकी थी,
जिसकी ओस में तरुण कोपल जीवंत हुए।

## चूड़ियाँ: साहस की झंकार



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

चूड़ियाँ केवल काँच नहीं
ये मन की मजबूत दीवार,
हर खनक में छुपी कहानी
हर रंग में अनेक विचार।
कहते हैं कायरता की निशानी
सच इससे परे कहीं,
जब-जब भी दुनिया
डराती हमें देती हैं हिम्मत यहीं।
माँ के हाथों की यह चमक संघर्षों का इतिहास कहे,
रोटी, रिश्ते, सपनों संग, हर दिन एक नई आस गढ़े।
पहली बार जब बेटी पहने, सपनों संग वो डोरी बने,
नाज़ुक दिखती कलाई पे अंदर से दुर्गा बन तनी रहे।
न ये बंधन न ये कमजोरी ये हैं पहचान की आवाज़,
हर खनक में उठती ज्वाला ये नारी की नई परवाज़।
जब टूटे तो शोर मचाती जैसे 'अन्याय' को ललकार,
हर टुकड़ा कहता—'अब और नहीं, अब सीधा वार।'
चूड़ियाँ, देवी से हम तक 'साहस' का ही ये सेतु बनीं,
जो समझे इनकी ताकत, वही ये जीत की धुन बनीं।
अगली बार जब ये खनकें कमज़ोरी न समझना तुम,
यह नारी के साहस की सबसे सच्ची ध्वनि सुनो तुम।

## खून से लथपथ किताब



वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा

किसने देखा था कि एक सुबह
जो सिर्फ प्रार्थना से शुरू होनी थी
वह चीखों में बदल जाएगी,
और कक्षा की दीवारों पर
अ, आ, इ, ई की जगह
दरारें लिखी जाएंगी।
मेज पर रखी कापियां
अब भी खुली हैं,
जैसे सवाल अधूरा रह गया हो,
जैसे शिक्षक अभी आएगा और कहेगा,
बच्चों, अगला पेज खोलो...
पर पन्नों पर स्याही नहीं, लाल धब्बे हैं,
जो अक्षरों को निगल रहे हैं।
वो बच्ची, जिसने कल ही सीखा था
कि 'ड' से डाक्टर होता है,
आज खुद एक सवाल बन गई,
जिसका उत्तर किसी किताब में नहीं।
वो लड़का, जिसकी जेब में कंचे थे
और आंखों में मैदान, अब चुप है,जैसे उसकी हंसी
किसी मलबे के नीचे दब गई हो।
कितना आसान है आसमान से आग बरसाना,
और कितना कठिन धरती पर एक सपना उगाना।
किसी दूर बैठे कमरे में नक्शे फैलाए गए होंगे,
रेखाएं खींची गई होंगी, और एक बटन दबा होगा,
इतना हल्का जितना एक शब्द, हमला।
पर उस हल्के शब्द का भार यहां बहुत भारी था,
इतना भारी कि एक स्कूल की छत उसे सह न सकी।
माएं दौड़ी थीं नंगे पांव, नाम पुकारती हुई,
जैसे नाम पुकारने से मौत रुक जाएगी।
कुछ को बैग मिले, कुछ को जूते, कुछ को बस
एक खामोशी, जो हमेशा के लिए घर ले जानी थी।
किताबों का काम थाभविष्य लिखना,
पर आजवे इतिहास बन गईं,एक ऐसा इतिहास
जिसे पढ़ते हुए आंखें झुक जाती हैं।
और उस कविता की आखिरी पंक्ति
अब भी इंतज़ार में है,
कि कोई आए,
और लिख दे,अब और नहीं

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम



संजीव ठाकुर,
रायपुर

केवल धनुर्धारी वीर नहीं थे,
अवचेतन में धर्म निभाते धीर थे।
राजमहलों का सुख छोड़कर
वनों में मुस्कुराते कर्मवीर थे।
तैयारी थी राज्याभिषेक की,
वहीं कदम बढ़े वन की ओर।
14 वर्ष वनवास बिताया
पितृ आदेश का धर्म निभाया।
शीश पर पितृ धर्म का साया।
निभाई पूरी सृष्टि की मर्यादा,
अपना सुख त्यागकर
कर्तव्य पथ को ही अपनाया।
पत्थरों में भी जीवन देखा,
शबरी के जूठे बेरों में प्रेम,
राजा होकर भी झुके ऐसे,
विनम्रता से हो जिनका प्रेम।
वियोग में भी स्थिर रहे,
सीता जी के संग भी संयम,
राज धर्म मर्यादा में थे बँधे,
जीवन के आदर्शों के संगम।
लक्ष्मण संग स्नेह की धारा,
भरत के लिए त्याग अपार,
भाईचारे की पवित्र छाया में
खिलता एक निर्मल संसार।
और जब लौटे वे अयोध्या में,
केवल राजा ही नहीं बने
जन-जन के मन में बसने वाले
एक आदर्श,
एक उज्ज्वल प्रतिमान बने।
राम केवल कथा नहीं ,
हैं जीवन का अनुशासन ,
वे मर्यादा का स्पंदन।
मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम,
दिलों में बसने वाले श्री राम।
जय जय श्री राम,जय श्री राम।

## हदें सब पार हो चुकी



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

हदें सब पार कर दी हैं,
अहं और स्वार्थ ने,
अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के जाल ने,
टकराव ने,
विक्षिप्त सी नज़र आ रही है,
कुछ बाहरी मानसिकताएं,
बन रही हैं,
दुर्भाग्यपूर्ण दुर्दांत की संभावनाएं।
वहीं भारत की संयम,
सद्भाव और समरसता की भावनाएं,
सदैव ही लगाती रही हैं
घावों पर मरहम,
देती रही हैं समस्त विश्व को
शांति की संवेदनाएं,
एक सुखद प्रगतिशील समाज की
प्रेरणा और परिकल्पनाएं।
विध्वंस और विनाश की
अब तो हद हो चुकी है,
घृणा, हिंसा, व्यभिचार की जद हो चुकी है,
बंद करो नृशंसता का बर्बर व्यापार अब तो,
चीखती हुई बेबसी और
लाचारी का संहार अब तो !!
भ्रम जाल है, मिथ्या है,
श्रेष्ठतम कहलाने का अभियान,
मिट्टी में ध्वस्त हो रहे हैं
स्वाभिमान के निशान,
बहुत तीखा और पैना है
उस सर्वशक्तिमान का प्रहार,
एक ही झटके में हो जाओगे
चकनाचूर और जारजार।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# डगमगाती मतदाता सूची से कमजोर पड़ता लोकतंत्र

**धीरेंद्र प्रताप सिंह**



भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का सबसे बड़ा आधार उसकी मतदाता सूची है। यही सूची तय करती है कि कौन नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगा और कौन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर रह जाएगा। इसलिए मतदाता सूची में त्रुटियाँ केवल प्रशासनिक भूल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रीढ़ की हड्डी पर सीधी चोट होती हैं।

हाल के वर्षों में मतदाता सूची में नाम कटने, गलत नाम जुड़ने और स्थानांतरण जैसी समस्याओं की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। कई जगह ऐसे नागरिकों को मतदान से वंचित होना पड़ा, जो वर्षों से नियमित मतदाता रहे हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी खामी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास के क्षरण का संकेत है। जब नागरिक मतदान केंद्र तक पहुँचकर भी मतदान नहीं कर पाता, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति भरोसा कमजोर होता है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देता है और मतदान का अधिकार उसी समानता की अभिव्यक्ति है। लेकिन यदि मतदाता सूची ही संदिग्ध हो जाए, तो यह अधिकार कागज़ी होकर रह जाता है। लोकतंत्र केवल चुनाव कराने से नहीं चलता, बल्कि निष्पक्ष और भरोसेमंद प्रक्रिया से चलता है। इस प्रक्रिया की जिम्मेदारी मुख्यतः इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया पर होती है, जिसे देश की जनता निष्पक्षता का प्रतीक मानती है।

मतदाता सूची में त्रुटियों का सबसे अधिक असर गरीब, प्रवासी मजदूर, महिलाएँ और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों पर पड़ता है। जिनके पास संसाधन कम होते हैं, वे बार-बार दस्तावेज़ सुधार की प्रक्रिया से गुजरने में सक्षम नहीं होते। कई प्रवासी मजदूर अपने नाम सत्यापित कराने के लिए अपने गृह राज्य तक जाने को मजबूर होते हैं। महिलाओं को अक्सर मायके और ससुराल के बीच दस्तावेज़ों की उलझनों में फँसना पड़ता है। यह स्थिति लोकतंत्र के समावेशी स्वरूप पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

आज डिजिटल युग में मतदाता सूची का प्रबंधन आसान होना चाहिए था, लेकिन तकनीकी सुविधाओं के बावजूद शिकायतों की संख्या बढ़ना चिंता का विषय है। इससे यह संदेश जाता है कि सुधार की प्रक्रिया अभी भी पर्याप्त पारदर्शी और प्रभावी नहीं है। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह मतदाता सूची के सत्यापन को अधिक सरल, सुलभ और भरोसेमंद बनाए, ताकि कोई भी नागरिक अपने अधिकार से वंचित न रहे। लोकतंत्र की असली ताकत केवल मतदान प्रतिशत नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का विश्वास होता है। यदि नागरिक यह महसूस करने लगे कि उसकी भागीदारी सुनिश्चित नहीं है, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें कमजोर पड़ने लगती हैं। इसलिए आवश्यक है कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएँ और स्थानीय स्तर पर जवाबदेही तय की जाए।

यह भी जरूरी है कि राजनीतिक दल इस मुद्दे को केवल आरोप-प्रत्यारोप का विषय न बनाएं, बल्कि सुधार की प्रक्रिया में सहयोग करें। लोकतंत्र किसी एक संस्था या दल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है।

अंततः यह समझना होगा कि मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। यदि इसकी विश्वसनीयता बनी रहती है, तो लोकतंत्र मजबूत रहेगा। लेकिन यदि इसमें लगातार त्रुटियाँ बनी रहीं, तो यह लोकतंत्र की रीढ़ को कमजोर कर सकती हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस रीढ़ को और मजबूत बनाया जाए, ताकि हर नागरिक का विश्वास अटूट बना रहे।

# टी-20 विश्व कप से भी बड़ा ब्रांड बना आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19वां सीजन शनिवार को शुरू हो चुका है। ऐसे में इस लीग की अब तक की यात्रा पर एक नजर डालना उचित होगा। आईपीएल ने बीसीसीआई और सभी प्रतिस्पर्धी टीमों के फ्रेंचाइजी मालिकों के लिए अभूतपूर्व आर्थिक लाभ उत्पन्न किया है। इसने विश्व क्रिकेट के केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को भी सुदृढ़ किया और भारतीय क्रिकेट के वित्तीय प्रभुत्व की प्रक्रिया को पूर्ण किया है।




फरवरी 2008 में जब आईपीएल के पहले सीजन के लिए बीसीसीआई द्वारा प्रतिष्ठित क्रिकेटरों को व्यावसायिक नीलामी में उतारने का निर्णय लिया गया था तो इसका कई वर्गों से तीव्र विरोध हुआ था। पूरे देश में नैतिकतावादी और राजनेता देश के सबसे बड़े खेल सितारों की सार्वजनिक नीलामी के खिलाफ खड़े हो गए थे। संसद में इस मुद्दे को उठाने तक की धमकी दी गई थी। हालांकि, बीसीसीआई इससे अप्रभावित रहा।

बीसीसीआई को इस लीग के कॉन्सेप्ट पर भरोसा था और वह इसे अंत तक ले जाने के लिए तैयार था। भारत के विश्व विजेता कप्तान और खिलाड़ियों (2007 के टी-20 विश्व कप विजेता) को नीलामी में खरीदने का विचार ही प्रशंसकों के उत्साह को जगाने और- उससे भी अधिक महत्वपूर्ण- निवेशकों की दिलचस्पी को खासा बढ़ा देने के लिए काफी था। इसमें कोई संदेह नहीं कि 18 अप्रैल 2008 का दिन क्रिकेट इतिहास में उस तारीख के रूप में दर्ज हो गया, जब यह खेल हमेशा के लिए बदल गया था। मेजर लीग बेसबॉल और नेशनल फुटबॉल लीग के मॉडल पर आधारित आईपीएल ऐसे समय में आया था, जब भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक पूंजी के लिए खुल चुकी थी और बड़े कॉर्पोरेट्स देश में निवेश के लाभदायक अवसरों की तलाश कर रहे थे। आईपीएल कई लोगों के लिए इसकी कुंजी था। एक ही झटके में इसने उन्हें एक अरब से अधिक लोगों के बाजार में प्रवेश दिला दिया और वैसी विजिबिलिटी दिलाई, जो विज्ञापनों पर खर्च किए करोड़ों डॉलर से भी संभव नहीं थी। जिस देश में करोड़ों क्रिकेट प्रशंसक हों, उसमें बेहतरीन मार्केटिंग और हाइप के साथ स्टेडियमों को भरना कोई कठिन बात नहीं थी। शाहरुख खान जैसे सेलिब्रिटी ऑनर्स और प्रमुख बॉलीवुड सितारों के सक्रिय योगदान के चलते प्रशंसकों को कुछ सौ रुपयों में केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि एक संपूर्ण मनोरंजक शाम का अनुभव मिलता था। देखते ही देखते स्पॉन्सर्स भी कतार में लग गए और दस-सेकंड के स्लॉट, स्टेडियम के होर्डिंग्स और टीमों की पोशाकों पर विज्ञापन के लिए लाखों डॉलर चुकाने लगे।

आईपीएल की स्थापना के बाद से बीते अठारह वर्षों के दौरान कई टीमों और मालिकों के साथ समय बिताना और इस लीग द्वारा उत्पन्न जुनून को देखकर आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक था। टीम के मालिक- वे पुरुष और महिलाएं जो बड़े-बड़े कॉर्पोरेशनों का संचालन करते हैं- अपनी व्यावसायिक बैठकों में उतने तनावग्रस्त नहीं होते, जितने कि आईपीएल मैचों के दौरान दिखाई देते हैं।

आईपीएल में कई मुकाबले ऐसे होते हैं, जो भारत-पाकिस्तान मैच जितने बड़े माने जाते हैं। और यही कारण है कि यह टूर्नामेंट आज टी-20 विश्व कप से भी अधिक लाभदायक और मूल्यवान है। इस मल्टी-बिलियन डॉलर की संपत्ति में अब भारत हर रात खेलता है और जीतता है- और यही इसे विश्व कप से बड़ा ब्रांड बनाता है। कॉर्पोरेट जगत के लिए यह मंदी-रहित और जोखिम-रहित निवेश है।

इसमें निवेश पर रिटर्न मिलना तय है और अधिकांश प्रायोजक इसे विश्व कप पर प्राथमिकता देते हैं, जहां भारत का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को बना या बिगाड़ सकता है। बीसीसीआई को आईपीएल हर वर्ष अरबों डॉलर कमाकर देता है और इसके परिणामस्वरूप अब बीसीसीआई, आईसीसी के रेवेन्यू-पूल पर निर्भर नहीं है। इससे भारत वैश्विक क्रिकेट का वित्तीय केंद्र भी बन गया है।

इतना ही नहीं, लगभग सभी आईपीएल फ्रेंचाइजी अब यूनिकॉर्न बन चुकी हैं। भारतीय क्रिकेट की बढ़ती ताकत तथा लोगों के उपभोग के पैटर्न के अधिक आक्रामक होते जाने के साथ इसमें कोई संदेह नहीं कि अगले दशक में भी आईपीएल एक ब्रांड के रूप में अपनी चमक नहीं खोने वाला है।

कॉर्पोरेट जगत के लिए आईपीएल एक मंदी-रहित और जोखिम-रहित निवेश है। इसमें निवेश पर रिटर्न मिलना तय है। प्रायोजक इसे विश्व कप पर प्राथमिकता देते हैं, जहां भारत का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को बना या बिगाड़ सकता है।

# साइबर अपराधी सबसे ज्यादा अमेरिकियों को लूटते हैं

**-स्नेहा सिंह**

भारत में एक तरफ बेरोजगारी का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बेरोजगार लोग अपराध की ओर धकेले जा रहे हैं। हाल ही में आई अमेरिकी एजेंसी एफबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि साइबर अपराध के जरिए अमेरिकियों के साथ पिछले साल लगभग 16 अरब डालर की ठगी की गई। इसमें सबसे ज्यादा अपराध भारत में चल रहे कॉल सेंटरों द्वारा किए गए हैं। इस रिपोर्ट में सबसे पहले नाम छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का आता है। जिस तरह झारखंड का जामताड़ा ऑनलाइन ठगी के लिए बदनाम है, उसी तरह अब रायपुर भी चर्चा में आ गया है।

इस शहर में अपराध बढ़ने का कारण युवाओं की मानसिकता नहीं, बल्कि मजबूरी है। शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उन्हें सामान्य रोजगार नहीं मिलता, जिससे वे बेरोजगारी और लाचारी से जूझते रहते हैं। ऐसे में साइबर अपराधी उनका फायदा उठाते हैं। केवल रायपुर के फर्जी कॉल सेंटरों द्वारा अमेरिकियों से 1.56 लाख करोड़ रुपए ठगे गए हैं। यह तो केवल एक शहर की बात है।

हैरानी की बात यह है कि इस अपराध में दिल्ली, एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु और पुणे जैसे बड़े शहरों का ज्यादा नाम नहीं आता, जबकि लखनऊ, कोलकाता, श्रीनगर और पंजाब के कुछ शहरों और गांवों से बड़े पैमाने पर साइबर अपराध किए जा रहे हैं।

एफबीआई की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि 16 अरब डालर में से अधिकांश ठगी भारतीय फर्जी कॉल सेंटरों द्वारा की गई है। इन कॉल सेंटरों को साइबर अपराध का एपिसेंटर बताया गया है। अपराधी खुद को अमेरिकी टेक सपोर्ट, बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर अधिकारी बताकर लोगों को ठगते हैं और खासतौर पर बुजुर्ग अमेरिकियों को निशाना बनाते हैं। एफबीआई और भारतीय जांच एजेंसी सीबीआई पिछले दो वर्षों से मिलकर इस मामले की जांच कर रही हैं। विभिन्न शहरों और गांवों में छापेमारी की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 में 11 सर्च ऑपरेशन किए गए, जिनमें 215 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 2023 की तुलना में यह संख्या 700 गुना अधिक थी।

हाल ही में रायपुर में क्राइम ब्रांच ने छापा मारकर एक गिरोह पकड़ा, जहां फाइनेंस कंपनी के नाम पर फर्जी कॉल सेंटर चल रहा था। 41 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 25 कंप्यूटर, 18 लैपटॉप और 50 से अधिक स्मार्टफोन जब्त किए गए।

रिपोर्ट के अनुसार कोरोना काल से पहले दिल्ली में ऐसे हजारों कॉल सेंटर चल रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे ये छोटे शहरों में शिफ्ट हो गए। यहां 12वीं पास या कालेज छोड़ चुके युवाओं को इसमें शामिल किया जा रहा है। उन्हें हिंदी में स्क्रिप्ट दी जाती है, जिसे अंग्रेजी में अनुवाद कर वे ठगी करते हैं।

चिंताजनक बात यह है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बीपीओ उद्योग के बढ़ने के साथ ही अपराधियों ने इसी माडल को ठगी का साधन बना लिया।

सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी है। इंडिया एम्प्लायमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 15 से 29 वर्ष के युवाओं में नौकरी की भारी कमी है। लगभग 70 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। हर साल करीब 50 लाख ग्रेजुएट होते हैं, लेकिन उनमें से केवल आधे को ही नौकरी मिलती है।

अंग्रेजी जानने वाले युवाओं को ज्यादा लालच देकर इन कॉल सेंटरों में रखा जाता है। सस्ती इंटरनेट सेवाएं, वीओआईपी और क्लाउड तकनीक भी इस अपराध को बढ़ावा दे रही हैं।

भारत में कई साइबर अपराध नेटवर्क पकड़े जा चुके हैं। 2016 में महाराष्ट्र के ठाणे में एक कॉल सेंटर पर छापा पड़ा, जहां 700 कर्मचारी काम करते थे और आईआरएस अधिकारी बनकर अमेरिकियों को ठगते थे। जांच में सामने आया कि इस कॉल सेंटर ने 30,000 करोड़ रुपए की ठगी की थी।

2024 में पुणे, हैदराबाद और विशाखापट्टनम में भी फर्जी कॉल सेंटर पकड़े गए। ये माइक्रोसॉफ्ट टेक सपोर्ट बनकर लोगों के कंप्यूटर हैक करते थे और पैसे वसूलते थे।

विशेषज्ञों के अनुसार, ये कॉल सेंटर आमतौर पर 500 से 5000 डालर तक की ठगी करते हैं।

# तुम सौदागर तेल के, हम कोल्हू के बैल!

कच्ची घाणी। अब तो इसके लिए भी आधुनिक तरीके, मशीनें आ गई हैं। लेकिन पहले कोल्हू होता था और कोल्हू का बैल। जी, हम सब कच्ची घाणी के या कोल्हू के बैल ही तो हैं! कोल्हू चलता था तो 'चक चूं' करता था। बैल बस, सारी उम्र चलता रहता था। साल, महीने गिने बिना। गोल-गोल घूमता फिरता था। गले की घंटी बजती रहती थी, जिससे उसे लगता था कि इस गोल-गोल दुनिया के सिवाय भी कुछ है। जैसे आवाज, घंटी की या शोर किसी और चीज का।

इसी धुन में, इसी भ्रम में, खींचता रहता था पुल्ली को। बीज सभी पिसते रहते थे। तेल निकलता रहता था। पीछे से चाबुक पड़ता था तब खाल उधड़ जाती थी। कितने हजार मील चलता था, फिर भी वहीं पर। उसी जगह! मालिक तेल बाजार में बेचता था। बैल का कोई हिस्सा नहीं! यही तो है जिसका दुःख है। तेल किसी का। खाल किसी की। उसके लिए बस सूखी घास! यू ही तो चलता है दुनिया का कोल्हू, बैल बनाकर आदमी को! जोत दिया है खांचों में। रातें लम्बी होती जा रही है। सांसें सिकुड़ रही हैं। जैसे कोई होली में अभ्रक छिड़क गया हो!

अमेरिका वाले कोल्हू मालिक डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी जिद के कारण दुनियाभर को एक अजीब संकट में डाल दिया है। ईरान से युद्ध का हालांकि कोई ठोस कारण नहीं था लेकिन बिना उद्देश्य के हमला बोल दिया। ठीक है, आप ताकतवर हो, कुछ भी कर सकते हो, लेकिन कुछ तो भी मत करिए। क्या मिला आपको?



होर्मुज के कारण पूरी दुनिया परेशान है। उनके जहाज निकल नहीं पा रहे। उनकी भैंसे-गाएं अपने खूंटों से बंधी रंभा रही हैं। मतलब सैकड़ों जहाज, एलपीजी गैस और कच्चा तेल लादकर खड़े हुए हैं। उनके लिए कोई रास्ता नहीं। कोई जगह नहीं। जाएं तो जाएं कहां? किससे कहें? किसकी सुनें? कुछ समझ नहीं आ रहा।

दुनिया का थानेदार बनने या बने रहने की आकांक्षा या महत्वाकांक्षा ही है, जिसने ट्रम्प को आंदोलित किया होगा या इजराइल को उकसाया होगा। वरना तेल के सिवाय इस दुनिया में लालच ही क्या बचा है? वैसे इजराइल अपना मकसद अच्छी तरह जानता है। वो अपना विस्तार करने में या विस्तार करने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। लेबनान पर हमले और उसकी जमीन हथियाने के मामलों से चीजों को समझा जा सकता है। लेकिन इस समूचे पुलिस कर्म में अमेरिका का क्या हित है? वैसे भी अमेरिका के लिए ईरान में तेल के सिवाय रखा ही क्या है? इजराइल तो हमेशा से लड़ता रहा है और लड़-लड़कर ही उसने जमीन हथियाई है लेकिन अमेरिका अपना अरबों का नुकसान करने के बावजूद इस युद्ध में शामिल क्यों है, ये समझ से परे है। इधर भारत में सरकार तमाम प्रयास कर रही है, लेकिन फिर भी तेल और रसोई गैस की किल्लत तो हर हाल में महसूस हो रही है। होने लगी है। अगर ईरान से युद्ध एक महीने और चला तो हो सकता है भारत में फिर से लॉकडाउन की नौबत आ जाए! हवाई यात्राएं बंद हो जाएं! सड़क पर वाहन चलाना सीमित हो जाए।

लेकिन भारत हार मानने वाला नहीं है। दुनियाभर में जब 2008 में मंदी आई थी तब भी भारत पर उसका असर लगभग शून्य रहा था। कोविड के वक्त भी दुनियाभर को हमने वैक्सीन दी।

दरअसल, भारत की परम्पराएं, उसके रीति-रिवाज उसे हर हाल में जिंदा रखते हैं। यही वजह है कि दुनिया के किसी भी और किसी भी तरह के संकट का असर हम पर नगण्य होता है। घर आए मेहमान को या उसके बच्चे को पैसे-रुपए देना, भारत के सिवाय दुनिया में कहीं नहीं होता! इस इकोनॉमी का पर्याय या विकल्प भला दुनिया में और कहीं कहां है? हम अमेरिका की तरह पेंशन कार्ड तक से उधार लेकर चबा जाने वाले लोग नहीं हैं। हम बचत में माहिर हैं। बचत करना हमारे जीन में है। पेट काटकर भी पैसा बचाते हैं। यही वजह है जिसके कारण भारत को महान कहा जाता है। इसीलिए हम महान हैं भी। इस तरफ मौसम पर आएं तो यहां युद्ध का तनाव तो दिख रहा है लेकिन बेमौसम बारिश ने सबकुछ थोड़ा आसान कर दिया है। ठंडा कर दिया है। मौसम, गर्मी का न सही, लेकिन बरसात का तो नहीं ही है। फिर भी मेह बरस रहा है। गर्मी के मुहाने पर ठंडक दस्तक दे रही है। रात को जब सोते हैं, पता नहीं चलता बारिश कब हुई, लेकिन सुबह जब सड़क गीली दिखती है तो समझ नहीं आता कि रात को बारिश हुई थी या सड़क को पसीना आया है!

# लाल गलियारे का सूर्यास्त: नक्सलवाद मुक्ति के मुहाने पर भारत

**ओ.पी. पाल**

भारत के आंतरिक सुरक्षा इतिहास में 31 मार्च 2026 की तारीख महज एक कैलेंडर तिथि नहीं, बल्कि एक युग के अंत का उद्घोष बनने जा रही है। आधी सदी से अधिक समय तक देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना रहा नेपाल के पशुपति से लेकर आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक फैला 'लाल गलियारा' (रेड कॉरिडोर) अब अपने अस्तित्व की अंतिम सांसे गिन रहा है, यानी 'नक्सलबाड़ी' से शुरू हुआ यह हिंसक अध्याय अब अपने अंतिम पृष्ठ पर है। गृह मंत्रालय की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और 'सुरक्षा-विकास-विश्वास' के त्रिकोणीय प्रहार ने नक्सली नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

2018 में जहां 126 जिले इस समस्या से जूझ रहे थे, वहीं अब यह संख्या घटकर मात्र 08 रह गई है और अब केवल छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में 3 जिले ऐसे बचे हैं जिन्हें 'अत्यधिक प्रभावित' की श्रेणी में रखा गया है, जहां सुरक्षा बल का प्रहार अंतिम चरणों में है। 31 मार्च 2026 की समय-सीमा केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं है बल्कि उन लाखों आदिवासियों की आकांक्षा है, जिन्होंने दशकों तक हिंसा का दंश झेला है। हालांकि उग्रवाद अपने अंतिम दौर में है लेकिन चुनौती अब इन क्षेत्रों में लोकतांत्रिक संस्थाओं को और मजबूत करने और विकास की गति को निरंतर बनाए रखने की है।

केंद्र सरकार की वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से निपटने के लिए वर्ष 2015 में शुरु की गई राष्ट्रीय नीति एवं कार्य योजना' ने आज आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से इस लड़ाई की दिशा बदल दी? सरकार ने इसे केवल 'कानून-व्यवस्था' की समस्या न मानकर एक बहु-आयामी चुनौती माना और इस रण्नीतिक बदलाव के लिए सरकार ने सुरक्षा का अभेद्य चक्रव्यूह तैयार करने, राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण और केंद्रीय बलों के समन्वय पर जोर दिया। कंद्रीय गृह मंत्रालय के ताजा आंकड़ो पर गौर करें, तो इस योजना के तहत दुर्गम इलाकों में 656 फोर्टीफाइड पुलिस स्टेशन बनाए गए जो सुरक्षा बलों के लिए 'लॉजिस्टिक हब' साबित हुए। वहीं सुरक्षा संबंधी व्यय के तहत इस दौरान राज्यों को अब तक 3681.73 करोड़ रुपये जारी किए गए। सरकार की इस रणनीतिक पहल ने नक्सलियों के वित्तीय स्त्रोतों को भी पूरी तरह सुखा दिया। वहीं केंद्रीय एजेंसियों को 1224.59 करोड़ रुपये की मदद से हेलीकॉप्टर, ड्रोन और आधुनिक कैंप अवसंरचना प्रदान की गई। नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों की 'इलाकों का कटना' और 'अशिक्षा' जैसी सबसे बड़ी ताकत को सड़कें और स्कूल जैसे बुनियादी विकास की योजनाओं ने आज खत्म कर दिया है। दो प्रमुख योजनाओं (आरआरपी और आरसीपीएलडब्ल्यूईए) के तहत 15,016 किलोमीटर सड़कों का जाल बिछाया गया। यही नहीं, 'लाल गलियारा' के दायरे में जंगलों के बीच 9,233 मोबाइल टावर चालू किए गए, जिससे नक्सलियों का सूचना तंत्र कमजोर हुआ। नक्सल प्रभावित राज्यों में 179 एकलव्य स्कूल और 46 आईटीआई के माध्यम से आदिवासी युवाओं के हाथों में बंदूक की जगह औजार और किताबें थमाई जा रही हैं। वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण से 6,025 अधिक डाकघरों,1,804 बैंक शाखाओं और खोले गए 1,321 एटीएम ने बिचौलियों और नक्सलियों के समानांतर आर्थिक तंत्र को ध्वस्त कर दिया है।

सरकार ने केवल बंदूकों के दम पर नहीं बल्कि 'विश्वास' के जरिए नक्सलवाद के खिलाफ इस जंग को जीता है। सरकार ने पुनर्वास पैकेज के माध्यम से बंदूक छोड़कर समाज में लौटने वाले नक्सलियों के लिए 'सुनहरा गलियारा' बनाया है। आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में साल 2025 में 364 नक्सलियों का खात्मा, 1022 की गिरफ्तारी और सर्वाधक 2337 नक्सलियों का आत्मसमर्पण यह साबित करता है कि नक्सलियों में अब माओवादी विचारधारा का आकर्षण पूरी तरह खत्म हो चुका है। पुनर्वास पैकेज के तहत उच्च रैंक कैडरों को 5 लाख रुपये और अन्य को 2.5 लाख रुपये दिये जा रहे हैं, वहीं 3 साल तक 10 हजार रुपये प्रति माह और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यही नहीं, समर्पित हथियारों और गोला-बारूद के लिए अलग से प्रोत्साहन राशि की दी जा रही है। इसका मतलब सरकार ने केवल सैन्य बल का प्रयोग नहीं किया बल्कि नक्सलियों के वैचारिक और आर्थिक आधार पर प्रहार किया है। आज जब हम 31 मार्च 2026 की डेडलाइन की बात करते हैं, तो उसकी सफलता का असली श्रेय सुरक्षा बलों के अलावा उन शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों को भी जाता है जो सुरक्षा बलों के साथ-साथ उन इलाकों में पहुँचे जहाँ जाना मौत को दावत देना था। 'विकास' की इस सुगबुगाहट ने नक्सलियों के उस नैरेटिव को खत्म कर दिया है कि सरकार आदिवासियों की दुश्मन है। आज नक्सलवाद केवल एक ढ़हता हुआ ढांचा है जिसमें भारत 'सुरक्षा-विकास-विश्वास' के मंत्र के साथ एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहा है जहाँ विकास की रोशनी देश के सबसे दूरस्थ अंचलों तक बिना किसी डर के पहुंचेगी।

सरकार की इस निर्णायक पहल ने आज शांति की नई इबारत रखते हुए साल 2010 के 'ब्लडी संडे' वाले दौर और आज के शांत होते बस्तर व अभुझमाड़ की तुलना इन आंकड़ों से की जा सकती है। साल 2025 में सुरक्षा बलों ने 364 नक्सलियों को मार गिराया, 1022 को गिरफ्तार किया और 2337 से आत्मसमर्पण कराकर नक्सलवाद की कमर तोड़ कर जनता में विश्वास कायम किया है। साल 2026 के ढ़ाई माह में दो दर्जन से ज्यादा उग्रवादी मारे जा चुके हैं और करीब 350 ने आधुनिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करके समाज की मुख्यधारा में अपना नया जीवन शुरु करने का फैसला कर चुके हैं। पिछले एक दशक से ज्यादा समय में अब तक सुरक्षा बलो के विभिन्न अभियानों के तहत जहां 16,550 नक्सली गिरफ्तार किये जा चुके हैं। वहीं अब तक उच्च रैंक कैडरों समेत करीब 10,225 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। सरकारी आंकड़ो के मुताबिक, इस दशक में दिसंबर 2025 तक नक्सलवादी घटनाओं में जहां 1734 नागरिक मारे गये और उच्चाधिकारियों समेत करीब 600 सुरक्षाकर्मी शहीद हो चुके हैं।

# विजय-तृषा को साथ में देखकर समुथिरकानी को हुआ था दर्द! वायरल वीडियो पर अब रखी अपनी राय

एक्टर-फिल्ममेकर समुथिरकानी ने तृषा और विजय के बारे में दिए गए अपने बयान के बारे में बात की है। वह हाल ही में हैदराबाद में अपनी अपकमिंग फिल्म 'कारमेनी सेल्वम' के प्रमोशन के लिए आए थे। उनसे एक वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने तृषा कृष्णन के साथ विजय के पब्लिक अपीयरेंस पर आलोचना की थी। समुथिरकानी ने बताया कि उन्हें पता था कि उनकी बातें रिकॉर्ड की जा रही हैं और वे अपने बयानों पर कायम हैं।



### वायरल वीडियो पर क्या बोले समुथिरकानी?

प्रेस मीट के आखिर में समुथिरकानी ने अपने वायरल वीडियो के बारे में कहा 'हां, मैंने अपना दर्द बयां किया। मेरे दर्द की वजह से जो कुछ भी मेरे मन में आया, मैंने कह दिया। मुझे पता था कि मेरी बातें रिकॉर्ड हो रही हैं। बदकिस्मती से, उस भाई ने बातचीत की शुरुआत में मैंने जो कहा, वह रिकॉर्ड नहीं किया। उसने सिर्फ आखिर का हिस्सा रिकॉर्ड किया। लेकिन मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए अपनी बात कहना बंद कर दे कि उसकी बातें रिकॉर्ड हो रही हैं। मैंने जो कहना था, कह दिया।'

### समुथिरकानी को हुआ दुख

समुथिरकानी ने आगे कहा 'मैंने वही कहा जो मेरे मन में था। मैं उन पहले लोगों में से था जिन्होंने उनका समर्थन किया था। इसी बात से मुझे दुख हुआ। और उसी दर्द को मैंने जाहिर किया।'

### विजय की पत्नी ने दी तलाक की अर्जी

आपको बता दें कि फरवरी में, यह खबर आई थी कि विजय की पत्नी, संगीता सोर्नालिंगम ने बेवफाई का आरोप लगाते हुए तलाक के लिए अर्जी दी। उन्होंने विजय पर एक अनजान एक्ट्रेस के साथ अफेयर होने का आरोप लगाया।

### क्या है पूरा मामला?

इसके बाद 5 मार्च को, विजय चेन्नई में एक शादी के रिसेप्शन में शामिल हुए। यहां वह तृषा के साथ नजर आए। समुथिरकानी समेत कई लोगों ने एक्टर की इस हरकत की आलोचना की। समुथिरकानी का एक वीडियो भी सामने आया। उन्होंने कहा 'इतनी सारी चीजें हो रही हैं, उन्हें बाहर क्यों ले जाया जा रहा है? क्या उन्हें चार दीवारों के अंदर ही नहीं रखना चाहिए? वह किससे बदला ले रहे हैं?

# ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद अस्पताल में एडमिट

## पेट के इंफेक्शन से बिगड़ी हालत, 14 दिन में 4 किलो वजन घटा




बॉलीवुड एक्ट्रेस सबा आजाद ने अस्पताल से अपनी तस्वीर शेयर कर बताया कि उन्हें इंफेक्शन हो गया था, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई।

सबा ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मेरी जिंदगी के सबसे खराब 14 दिन। साइक्लोस्पोरा कैटेनेन्सिस, तुम सच में बहुत खतरनाक हो! मैं हमेशा घर का खाना खाती हूं, हर जगह अपनी पानी की बोतल लेकर चलती हूं, फिर भी ये पेट का इंफेक्शन अचानक हो गया। वो भी साल के सबसे व्यस्त समय में।'

सबा ने आगे लिखा, 'दो हफ्तों में मेरा 4 किलो वजन कम हो गया, जो पहले से ही ज्यादा नहीं था। हालत ऐसी है कि ठीक से चल भी नहीं पा रही हूं। एक दिन मैं दिन में दो बार ट्रेनिंग कर रही थी, पुल-अप्स और भारी वेट उठा रही थी और अगले ही दिन इतनी कमजोर हो गई कि एक टूथपिक तक उठाने की ताकत नहीं बची। इसलिए प्लीज, अपने पेट का ध्यान रखें। सलाद और सब्जियों को अच्छे से धोएं, जैसे आपकी जिंदगी उसी पर निर्भर हो, क्योंकि कभी-कभी सच में होती है!'

लास्ट में सबा ने बताया कि उनकी तस्वीर ऋतिक रोशन ने ली, जो मेरे खराब मूड में भी हंसी ढूंढ लेते हैं। साथ ही मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मैं जितनी दिख रही हूं, उतनी दुबली नहीं हुई हूं, बेड बड़ा है और एंगल वाइड है।'

### सबा 2021 से ऋतिक को डेट कर रही हैं

ऋतिक और सबा 2021 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को डिनर डेट्स और करण जौहर की 50वीं बर्थडे पार्टी में साथ देखा गया, जिसके बाद उनके रिश्ते की चर्चा सोशल मीडिया पर हुई थी।

इसके बाद दोनों ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन और उनके बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी के साथ भी नजर आए। अर्सलान और सुजैन भी 2022 से डेट कर रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक जल्द डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू करने वाले हैं। वे 'क्रिश 4' को डायरेक्ट कर रहे हैं और साथ ही प्राइम वीडियो की 'स्टॉर्म' नाम की वेब सीरीज भी बना रहे हैं। वहीं सबा बॉबी देओल के साथ फिल्म 'बंदर' में नजर आएंगी।

# मलाइका ने सोराब बेदी संग डेटिंग रूमर्स पर तोड़ी चुप्पी : लिंक अप की अफवाहों पर मैं और बेटे अरहान हंसते हैं

हाल ही में कर्ली टेल्स को दिए इंटरव्यू में मलाइका ने उनके रिलेशनशिप स्टेटस पर चल रही चर्चाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी ये इरिटेटिंग होता है, लेकिन अब मैं इसे मजाक की तरह लेती हूं। मैं इसे ज्यादा महत्व नहीं देती। मलाइका ने यह भी कहा कि इस तरह की अफवाहों पर वह और उनके बेटे अरहान खान हंसते हैं।



बता दें कि मलाइका का नाम सोराब बेदी से तब जुड़ा जब दोनों का एक कोजी वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में सोराब मलाइका को गले लगाए डांस करते दिखे थे। हालांकि इस पर एक्टर ने कहा था कि वो और मलाइका सिर्फ दोस्त हैं और कई सालों से एक-दूसरे को जानते हैं।

सोराब ने इंटरव्यू में कहा था, 'डेलनाज दारूवाला और वहबिज मेहता ने मेरे मॉडलिंग के दिनों में मुझे रैंप पर चलने का मौका दिया। मेरी उनसे दोस्ती हुई और मैं उनके साथ पार्टियों में जाने लगा। उन्हीं में से एक पार्टी में मैं अपने मेंटर्स के जरिए मलाइका से मिला। वह भी डेलनाज और वहबिज की करीबी दोस्त हैं। इस तरह मलाइका और मेरी दोस्ती हुई। हमारे बीच ऐसा कुछ भी नहीं है।'

सोराब ने आगे कहा था, 'लोग हमारे बारे में तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। किसी लड़की के बारे में कुछ भी बोलने से पहले उन्हें दो बार सोचना चाहिए। इससे उसकी मानसिक स्थिति पर असर पड़ सकता है। ऐसा नहीं करना चाहिए।'

### कई सालों से साथ पार्टी करते हैं सोराब-मलाइका

लिंक अप की खबरों पर सफाई देते हुए सोराब ने कहा था, 'मैं कई सालों से वहबिज, डेलनाज और मलाइका के साथ पार्टियों में जाता रहा हूं। पहले भी मैं मलाइका के साथ तस्वीरें शेयर करता था, लेकिन उस समय मैं जाना-पहचाना चेहरा नहीं था। अब मैं थोड़ा पहचाना जाने लगा हूं, इसलिए लोग इस पर ध्यान दे रहे हैं।

मैंने पहले भी ऐसे वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। दो लोग दोस्त हो सकते हैं। हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं, लेकिन लोगों ने इसे अलग ही तरह से ले लिया।'

# राम चरण का रफ-टफ अवतार, दिलाई 'दंगल' और 'सुल्तान' की याद, चट्टान जैसी बॉडी पर अटकी निगाहें



साउथ के सुपरस्टार राम चरण का बर्थ डे है, इस मौके पर मेकर्स ने सरप्राइज़ देते हुए उनकी अपकमिंग फिल्म पिद्दी का फर्स्ट लुक शेयर किया है. अभिनेता का ये लुक आमिर खान की 'दंगल' और सलमान खान की 'सुल्तान' की याद दिला रहा है. उनके देसी पहलवान वाले लुक और दमदार बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन को देखकर लोग हैरान हैं.

इस एक्शन फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू कर रहे हैं, फिल्म के प्रोडक्शन हाउस वृद्धि सिनेमा ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया और राम चरण को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके किरदार की झलक दिखाई.

'फिल्म में राम चरण का हौसला, उनका खेल और उनका आत्मसम्मान साफ नजर आएगा. 'पेड्डी' फिल्म 30 अप्रैल को दुनियाभर में रिलीज की जाएगी.' वीडियो में राम चरण का एक बिल्कुल अलग रूप देखने को मिल रहा है. कुछ समय पहले फिल्म की एक क्लिप में उन्हें क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया था, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि शायद वह फिल्म में क्रिकेटर का किरदार निभा रहे हैं.

लेकिन इस नए वीडियो ने पूरी कहानी को ही नया मोड़ दे दिया है. इसमें राम चरण एक मजबूत पहलवान के रूप में नजर आ रहे हैं, जो अपने खेल को लेकर बेहद जुनूनी है. उनका यह लुक फैंस के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है.वीडियो की शुरुआत एक दमदार आवाज़ से होती है, जिसमें कहा जाता है, ''कुश्ती कोई ऐसा स्पोर्ट नहीं है जिसमें आप बैट लेकर आते हैं और सामने से आती बॉल का सामना करते हैं. यह एक ऐसा स्पोर्ट है, जिसमें आप अपनी जान की कसम खाते हैं और मौत के सामने खड़े होते हैं. अब मुझे बताओ, क्या तुम रिंग में उतरोगे या नहीं?''

# कभी नुक्कड़ नाटक करते थे प्रकाश राज अब बॉलीवुड और साउथ में छाए

## एक्टर से जुड़े दिलचस्प किस्से



बॉलीवुड और टॉलीवुड में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले अभिनेता प्रकाश राज आज अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। 26 मार्च, 1965 को बेंगलुरु में जन्मे इस एक्टर के पिता हिंदू थे, जबकि उनकी मां रोमन कैथोलिक थीं। प्रकाश राज ने बेंगलुरु के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स आगे की पढ़ाई की। उन्होंने 1990 में कन्नड़ फिल्म 'मिथिलेया सीथेयारू' से फिल्मों में डेब्यू किया। आइए उनसे जुड़े कुछ दिलचस्प किस्सों पर नजर डालते हैं।

### 300 रुपये में किया काम

पढ़ाई के बाद और टीवी सीरियल में काम करने से पहले प्रकाश राज ने थिएटर में काम किया। इसके अलावा, वह नुक्कड़ नाटक भी किया करते थे। थिएटर में काम करने के लिए उन्हें महीने के 300 रुपये मिलते थे। इसके बाद, उन्होंने टीवी सीरियल्स में काम किया। फिर धीरे-धीरे उनका रुझान फिल्मों की ओर हो गया। शुरुआत में उन्होंने साउथ की फिल्मों में काम किया।

### बॉलीवुड में है अलग पहचान

प्रकाश राज साउथ फिल्म इंडस्ट्री में सुपरस्टार हैं। उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रकाश ने 2009 में फिल्म 'वांटेड' से बॉलीवुड में एंट्री की। उन्होंने 'सिंघम', 'दबंग-2', 'मुंबई मिरर', 'पुलिसगिरी' और 'हीरोपंती' जैसी फिल्मों में काम किया। ज्यादातर फिल्मों में उन्होंने विलेन का किरदार निभाया है।

### फिल्मों में काम करने के लिए बदला नाम

प्रकाश राज ने फिल्मों में काम करने के लिए अपना नाम प्रकाश राय से बदलकर प्रकाश राज कर लिया। उन्होंने कन्नड़, तमिल, मराठी, मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम किया है। हर इंडस्ट्री में उन्हें बेहतरीन अदाकारी के लिए जाना जाता है। उन्होंने फिल्मों में कई तरह के किरदार निभाए हैं। उन्हें 5 नेशनल अवार्ड भी मिल चुके हैं। फिल्मों में एक्टिंग के अलावा, उन्होंने डायरेक्शन भी किया है।

### अपनी फीस खुद तय करते हैं प्रकाश

प्रकाश राज ने आज तक कोई मैनेजर नहीं रखा है। उनके मुताबिक, वह अपनी फीस खुद तय करते हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया 'मैं इंडस्ट्री का अकेला ऐसा एक्टर हूं जिसने आज तक कोई मैनेजर नहीं रखा है। मैं फोन कॉल उठाने से लेकर फिल्म चुनने, कहानी और फीस तक, सब कुछ खुद ही तय करता हूं।'

### प्रकाश राज की नेटवर्थ

प्रकाश राज की कुल नेट वर्थ 50 करोड़ रुपये है। वह एक फिल्म के लिए औसतन 2.50 करोड़ रुपये लेते हैं। प्रकाश राज फिल्मों के अलावा टेलीविजन शो और स्टेज शो के प्रोडक्शन से भी पैसे कमाते हैं। उनकी अपनी प्रोडक्शन कंपनी है, जिसका नाम 'डुएट मूवीज' है। मुंबई और चेन्नई में उनके अपने घर हैं, साथ ही एक फार्म हाउस भी है।

### प्रकाश राज के अच्छे काम

प्रकाश राज ने एक इंटरव्यू में बताया कि वह अपनी कमाई का 20 प्रतिशत हिस्सा चैरिटी में देते हैं। उन्होंने दो राज्यों के पिछड़े गावों को गोद लिया है। एक गांव तेलंगाना के महबूबनगर में है, जिसका नाम कोंडारेड्डीपल्ले है। दूसरा गांव कर्नाटक में है, जिसका नाम बंदलारहट्टी है। इन गांवों में वह विकास का काम कराते हैं।

### बेटे के निधन से टूटे प्रकाश राज

प्रकाश राज ने 1994 में एक्ट्रेस ललिता कुमारी से शादी की। इस शादी से उनकी दो बेटियां मेघना और पूजा और एक बेटा सिद्धू हुआ। 2004 में, प्रकाश राज का 5 साल का बेटा पतंग उड़ाते समय गिर गया और उसका निधन हो गया। बेटे की मौत के बाद, प्रकाश राज और उनकी पत्नी ललिता के बीच मतभेद शुरू हो गए। नतीजतन, 2009 में दोनों का तलाक हो गया।

### दूसरी पत्नी ने दिया बेटे को जन्म

पत्नी से तलाक के अगले ही साल, प्रकाश राज ने 2010 में अपने से 12 साल छोटी एक कोरियोग्राफर से शादी कर ली। उनकी पत्नी का नाम पोनी वर्मा है। शादी के 5 साल बाद, पोनी ने बेटे वेदांत को जन्म दिया।

# कुछ ऐसी रही निहार पांड्या-नीति मोहन की खूबसूरत कहानी

फिल्मी दुनिया में रिश्ते अक्सर बनते और टूटते रहते हैं, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो सच्चे प्यार की मिसाल बन जाती हैं। ऐसी ही एक खूबसूरत कहानी है अभिनेता निहार पांड्या और सिंगर नीति मोहन की, जिन्होंने करीब चार साल तक एक-दूसरे को डेट किया। यह रिश्ता धीरे-धीरे मजबूत हुआ और फिर हमेशा के लिए एक मजबूत बंधन में बंध गए। निहार पांड्या के 44वें जन्मदिन के मौके पर हम उनकी लव स्टोरी के बारे में बात करेंगे। निहार पांड्या का जन्म 28 मार्च 1982 को एक साधारण परिवार में हुआ।

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। वह हमेशा से एक्टिंग में कुछ बड़ा करना चाहते थे, लेकिन उनका रास्ता आसान नहीं था। लंबे समय तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें कंगना रनौत की फिल्म में काम करने का मौका मिला। उन्होंने 'मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी' फिल्म के जरिए बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इस फिल्म में उन्होंने बाजीराव द्वितीय का किरदार निभाया। इस रोल के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और खास ट्रेनिंग भी ली। निहार का नाम उनके करियर से ज्यादा उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहा। शुरुआती दिनों में वह दीपिका पादुकोण के साथ रिश्ते में थे। दोनों की मुलाकात एक्टिंग स्कूल में हुई थी और यह दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों कुछ सालों तक साथ रहे, लेकिन बाद में ब्रेकअप हो गया। इसके बाद उनका नाम गौहर खान के साथ भी जुड़ा, हालांकि यह रिश्ता भी ज्यादा समय तक नहीं चला।




निहार की जिंदगी में असली स्थिरता तब आई जब उनकी मुलाकात नीति मोहन से हुई। नीति एक जानी-मानी सिंगर हैं और उन्होंने कई सुपरहिट गाने गाए हैं। दोनों की मुलाकात धीरे-धीरे दोस्ती में बदली और फिर यह रिश्ता प्यार में बदल गया। निहार और नीति ने करीब चार साल तक एक-दूसरे को डेट किया। इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे को अच्छे से समझा।

चार साल की डेटिंग के बाद, दोनों ने शादी करने का फैसला किया और 15 फरवरी 2019 को शादी के बंधन में बंध गए। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं, और फैंस ने इस जोड़ी को खूब प्यार दिया। शादी के बाद, कपल ने बेटे आर्यवीर का स्वागत किया।

# आरती छाबड़िया का दावा- 'पार्टनर' से काट दिया गया था रोल, 'मिलेंगे मिलेंगे' में भी शाहिद संग हटाया गाना

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने ना सिर्फ हिंदी फिल्मों में काम किया है। बल्कि वह तेलुगू, पंजाबी और कन्नड़ मूवीज में भी अपने अभिनय का जादू चला चुकी हैं। हालांकि वह लंबे समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी कोई नई फिल्म हाल-फिलहाल में रिलीज नहीं हुई है। मगर उनका इंटरव्यू अब चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने एक पॉडकास्ट में अपने करियर के बारे में बात की। बताया कि कैसे उनके कई रोल्स फिल्म से हटा दिए गए। और इंडस्ट्री में उन्हें किस तरह की चीजों का सामना करना पड़ा।

आरती छाबड़िया ने 'अल्फा टॉक' पॉडकास्ट में बताया कि कई फिल्मों में उनका जरूरी रोल था। मगर बावूजद इसके उनके कई सीन फाइनल कट में शामिल ही नहीं हुए। उन्होंने कहा, 'मेरे रोल्स कई बार काट दिए जाते थे या फिर उन्हें छोटा कर दिया जाता था। जबकि मैं अहम रोल प्ले कर रही होती थी। मैं उन फिल्मों में नजर ही दिखाई ही नहीं देती थी।। ऐसी कई फिल्में हैं, जहां पर मेरे सीन कट कर दिए गए। और शूटिंग के बाद कई गाने भी हटा दिए गए।'

मेरे रोल्स कई बार काट दिए जाते थे या फिर उन्हें छोटा कर दिया जाता था। जबकि मैं अहम रोल प्ले कर रही होती थी। मैं उन फिल्मों में नजर ही दिखाई ही नहीं देती थी।। ऐसी कई फिल्में हैं, जहां पर मेरे सीन कट कर दिए गए। और शूटिंग के बाद कई गाने भी हटा दिए गए।

### आरती छाबड़िया

आरती छाबड़िया का 'मिलेंगे मिलेंगे' में था गाना

आरती ने आगे बताया, 'फिल्म मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा एक पूरा गाना था, लेकिन उसे हटा दिया गया। बोनी उस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे थे। और सतीश कौशिश डायरेक्टर थे। आपको नहीं पता कि ऐसे फैसले क्यों लिए गए। हम एक्टर्स हमेशा से प्रोड्यूसर के फैसले को सम्मान करते हैं और इसका कोई पछतावा नहीं है।' फिल्म मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा एक पूरा गाना था, लेकिन उसे हटा दिया गया। बोनी उस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे थे। और सतीश कौशिश डायरेक्टर थे।

### आरती छाबड़िया 'पार्टनर' में कटा रोल

आरती ने कहा कि ऐसा उनके साथ कई प्रोजेक्ट्स के साथ हुआ है। उन्होंने बताया, 'वो सिर्फ इकलौती फिल्म नहीं थी। कई फिल्में थीं, जहां कई कारणों से मेरा रोल काट दिया गया था। पार्टनर फिल्म में मेरा रोल वो नहीं था, जो दिखाया गया। मेरा कैमियो था। लेकिन फाइनल कट में जो शामिल किया गया था, उस हिससे से भी बड़ा था। अच्छी बात ये है कि फिल्म हिट थी। इसलिए किसी बात का अफसोस नहीं।'



### आरती छाबड़िया की फिल्में

आरती ने बताया कि ऐसा ही उनके साथ 'शूटआउट एट लोखंडवाला' और 'आवारा पागल दीवाना' के साथ भी हुआ था। लेकिन सभी फिल्मों ने अच्छा परफॉर्म किया तो उन्हें अब मतलब नहीं। एक्ट्रेस ने 'शादी नंबर 1' और 'हे बेबी' में काम किया है। इनकी आखिरी हिंदी फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' थी, जो 2010 में रिलीज हुई थी। इन्होंने फिर रियलिटी शोज किए थे। 2011 में ये 'खतरों के खिलाड़ी 4' किया था, जिसकी ये विनर रही थीं। वहीं, 2013 में 'झलक दिखला जा 6' में हिस्सा लिया और 11वीं पोजिशन पर आईं।

### आरती छाबड़िया की शादी-बच्चे

आरती ने ऑस्ट्रेलिया के रहने वाले चार्टेड अकाउंटेंट विशारद बीडासी से 23 जून 2019 में शादी की थी। और इसके बाद मुंबई में सेटल हो गए थे। एक्ट्रेस ने ग्लैमर वर्ल्ड से दूरी बना ली और पर्सनल लाइफ पर ध्यान देने का फैसला किया था। शादी के 5 साल बाद 4 मार्च 2024 को इन्होंने बेटे युवान को जन्म दिया था। और 1 महीने बाद इसकी खुशखबरी दी थी।

# शाह ने कहा था-10किमी तक कब्जा हटाएंगे

## सीमांचल बॉर्डर पर एक्शन शुरू, सीमा से 500मी अंदर चले बुलडोजर, 20 घर तोड़े गए, खाली कराया गया नो मेंस लैंड

किशनगंज, 28 मार्च (एजेंसियां)। 'सीमा से 10 किमी के अंदर जितने भी अवैध अतिक्रमण हैं, वे सारे सबसे पहले अभियान चलाकर दूर किए जाएंगे। घुसपैठिए को चिह्नित कर भारत से बाहर भेजने का कार्यक्रम यहां से शुरू करेंगे।'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 26 फरवरी 2026 को अररिया के सिकटी में यह ऐलान किया था। इसके एक महीने बाद एक्शन दिखने लगा है।

किशनगंज के दिघलबैंक प्रखंड में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान नो मेंस लैंड को अतिक्रमण मुक्त किया गया। बॉर्डर से सटे 500 मीटर दूरी पर स्थित 20 मकानों को तोड़ दिया गया। इसमें रहने वालों को दूसरी जगह भेजा गया है।

बिहार-नेपाल सीमा पर अतिक्रमण की क्या स्थिति है?



प्रशासन द्वारा इसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है?

**सीमा से लगे इलाकों की क्या हालत है?**

बिहार नेपाल सीमा पर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने क्या किया?

किशनगंज के दिघलबैंक प्रखंड में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

बॉर्डर से 500 मीटर दूरी तक स्थित 20 मकानों को तोड़ दिया गया। पक्के मकानों को गिराने के लिए बुलडोजर इस्तेमाल किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों और एसएसबी की संयुक्त जांच में सीमा से सटे छह स्थानों पर अवैध कब्जा पाया गया।

पता चला कि 20 परिवारों ने घर बनाकर रहना शुरू कर दिया था। इन्हें हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है।

ये लोग लंबे समय से सरकारी जमीन पर रह रहे थे। कुछ ने तो पक्के मकान बना लिए थे। यह भी सामने आया कि नो मेंस लैंड के कुछ हिस्सों में लोगों ने खेती शुरू कर दी है। चाय के बागान लगा दिए हैं।

**25 साल से बॉर्डर पर रह रहा था, सरकार ने दी जमीन**

अतिक्रमण विरोधी अभियान में दिघलबैंक के आजम के घर को भी तोड़ा गया है। हमने उनसे बात की।

आजम ने कहा, 'मैं और मेरे परिवार के लोग बॉर्डर पर 25 साल से रह रहे थे। मेरे घर को तोड़कर हटा दिया गया। सरकार से रहने के लिए 4 कट्ठा जमीन मिली है। बंदोबस्त के लिए पैसे मिले हैं।'

वहीं, दिघलबैंक के इशराउल हक ने बताया, 'मेरा घर दिघलबैंक में बॉर्डर के पास था। वहीं, मेरा जन्म हुआ।

पुलिस-प्रशासन की टीम आई। घर तोड़ दिया गया। अधिकारी बोल रहे थे कि सरकारी जमीन पर है। चाय बागान भी सरकारी जमीन पर है।'

## कोल्डड्रिंक के पैसे मांगने पर दुकानदार की गोली मारकर हत्या

हाथरस, 28 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हाथरस में महज एक कोल्डड्रिंक के पैसे मांगना एक दुकानदार को महंगा पड़ गया। दबंग ने कोल्डड्रिंक पीने के बाद दिन दहाड़े दुकानदार को गोली मार दी। युवक के पेट में गोली लगाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल हालत में युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक की हालत को गंभीर देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए हत्या आरोपी युवक को घटना में प्रयुक्त हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, घटना 23 मार्च 2026 की है, जहां कोतवाली सासनी क्षेत्र के गांव बरसे निवासी युवक रंजीत सोलंकी उस दिन अपनी दुकान पर थे।

# कानपुर-कौशांबी में हाईवे पर पेट्रोल की लूट मची

## ड्रम-बाल्टी लेकर पहुंचे लोग, टैंकरों की हुई थी भिड़ंत

कानपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। यूपी में पेट्रोल पंपों पर तीन दिन बाद शनिवार को भीड़ कम है। कहीं-कहीं लाइनें दिख रही हैं। कौशांबी में शनिवार सुबह हाईवे पर डीजल टैंकर और डीसीएम की टक्कर हो गई। टैंकर से डीजल सड़क पर फैल गया। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से लोग पहुंच गए और बाल्टियों में डीजल भरकर ले जाने लगे।

इसी तरह की घटना कानपुर में भी सामने आई। यहां शुक्रवार शाम हाईवे पर पेट्रोल टैंकर खराब हो गया। उसी दौरान पीछे से आ रही एक गाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद टैंकर से पेट्रोल रिसने लगा। यह देखते ही लोग ड्रम और बाल्टियों के साथ पेट्रोल भरने में जुट गए। चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को खदेड़ा।



इसी बीच, तेल कंपनियों के यूपी कोआर्डिनेटर संजय भंडारी ने कहा- प्रदेश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सभी मांगों को पूरा किया जा रहा है। अफवाहों पर ध्यान न दें। जरूरत के हिसाब से ही ईंधन खरीदें। हमेशा की तरह सात दिन का बैकअप स्टॉक मौजूद है।

सरकार के मुताबिक, पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह के चलते तीन दिनों में पूर्वी यूपी के कई जिलों में पेट्रोल की बिक्री 222% और डीजल की बिक्री 230% तक बढ़ गई थी। इसके चलते पंपों पर लंबी लाइनें लगने लगी थीं।

## कांकेर में जवानों को बड़ी सफलता

कांकेर, 28 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को 3 नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों के सामने सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वालों में ACM राधिका कुंजाम भी शामिल है। नक्सलियों ने जवानों के सामने अपने हथियार भी जमा करा दिए हैं। इसके साथ ही माना जा रहा है कि अब कांकेर जिला नक्सलमुक्त हो गया है। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। कांकेर के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि 28 मार्च 2026 को 3 माओवादी कैडरों ने भी हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। ये तीनों नक्सली सरेंडर करने के लिए खुद सामने आए थे।

इन माओवादी कैडरों ने अपने पास रखे 3 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है।

# राजस्थान में बीजेपी को 87, कांग्रेस को 25 करोड़ डोनेशन

## बिजनेस घरानों ने दिया 69 करोड़ का चंदा, किसने कितना पैसा दिया

जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में साल 2024-25 में राजनीतिक पार्टियों को कुल 112.97 करोड़ का चंदा मिला है। सबसे ज्यादा 87.51 करोड़ बीजेपी को और कांग्रेस को 25 करोड़ मिले हैं।

चुनाव आयोग में राजनीतिक पार्टियों की तरफ से दिए गए चंदे के ब्यौरे पर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

राजस्थान में कांग्रेस और बीजेपी को ही सबसे ज्यादा डोनेशन मिला है। बाकी पार्टियों को नाममात्र की रकम मिली है। आम आदमी पार्टी को 39 लाख और सीपीआई (एम) को 7 लाख रुपए मिले हैं।

**राजस्थान में 77.46% चंदा बीजेपी को, कांग्रेस को 22.12%**

प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों को दिए गए चंदे में सबसे ज्यादा 77.46% रकम बीजेपी के पास




आया है। कांग्रेस को कुल 22.12% चंदा मिला है। बाकी पार्टियों की इसमें 1 फीसदी की हिस्सेदारी भी नहीं है।

**बिजनेस घरानों ने दिया सबसे ज्यादा डोनेशन**

पार्टियों को चंदा देने में राजस्थान देश में 7वें नंबर पर है। राजस्थान में कॉर्पोरेट और बिजनेस घरानों ने पार्टियों को 69.271 करोड़ दिए हैं। व्यक्तिगत दानदाताओं की बात करें तो रकम करीब 43.70 करोड़ है।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने साल 2024-25 में बीजेपी को 15 करोड़ और कांग्रेस को 10 करोड़ का चंदा दिया। हिंदुस्तान जिंक कांग्रेस को सर्वाधिक चंदा देने वालों में शामिल है। हिंदुस्तान जिंक की पेरेंट ग्रुप की कंपनी वेदांता ने बीजेपी को 67 करोड़ रुपए दिए हैं।

व्यक्तिगत कैटेगरी में राजस्थान से सबसे ज्यादा चंदा जोधपुर के सत्यनारायण धूत ने दिया है। सत्यनारायण धूत ने बीजेपी को 15 करोड़ चंदा दिया है। इसके बाद जोधपुर के संजय धूत ने बीजेपी को 7 करोड़ का चंदा दिया है। जोधपुर के ही अनिश धूत ने बीजेपी को 2 करोड़ और दिनेश धूत ने 1 करोड़ दिए हैं।

राजस्थान की कंपनियों में सबसे ज्यादा बीजेपी को हिंदुस्तान जिंक और श्री सीमेंट ने 15-15 करोड़ दिए हैं।

वंडर सीमेंट ने 11 करोड़, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड, उदयपुर ने 5 करोड़ और जोधपुर की श्रीराम इंडस्ट्रीज ने 3 करोड़ रुपए का चंदा दिया है।

# 2000 साल पहले कैसा था मिथिला?

## एएसआई ने बलिराजगढ़ में सभ्यता के अवशेषों की खोज शुरू की

पटना, 28 मार्च (एजेंसियां)। मधुबनी जिले के बलिराजगढ़ में शनिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने उत्खनन शुरू किया। बलिराजगढ़ ऐतिहासिक स्थल है। जिले के बाबूबरही प्रखंड में बलिराजगढ़ में एक प्राचीन किला है। इसे मिथिला की प्राचीन राजधानी माना जाता है। बलिराजगढ़ को सन 1938 में एएसआई ने राष्ट्रीय महत्व का स्थल घोषित किया था। यह स्थान एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यहां एएसआई ईसा से 200 साल पूर्व के शुंग काल के अवशेषों की खोज कर रहा है।

बलिराजगढ़ में राज्यसभा सांसद संजय झा ने शनिवार को खुदाई का शुभारंभ किया। इस खुदाई से क्षेत्र के प्राचीन इतिहास से जुड़े कई रहस्यों के उजागर होने की उम्मीद है। यहां सन 1962 से लेकर अब तक कई चरणों में उत्खनन हो चुका है। यह स्थल बिहार के पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षण में है।

राज्यसभा सांसद संजय झा ने इस उत्खनन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि, मुझे खुशी हो रही है कि बलिराजगढ़ में उत्खनन कार्य का शुभारंभ हो रहा है। अपनी जड़ों को जानने की ललक से मैं निरंतर इस दिशा में प्रयास कर रहा था। अब वह प्रयास पूर्ण हो रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा स्वीकृत इस पहल से मिथिला की प्राचीन सभ्यता के कई अनछुए पहलुओं पर नया प्रकाश पड़ने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि, मेरे प्रयास से जनवरी 2014 में भी बलिराजगढ़ में उत्खनन कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन कुछ तकनीकी कारण से लंबित रह गया था। इस बार इस कार्य को एक बार में ही पूरा करने का लक्ष्य है। खनन शुरू होने के मौके पर झंझारपुर के सांसद राम प्रीत मंडल और बाबूबरही की विधायक मीना कामत भी मौजूद थीं। बलिराजगढ़ न केवल मधुबनी जिले, बल्कि पूरे मिथिला क्षेत्र के लिए गौरव और ऐतिहासिक महत्व का प्रतीक है। यहां उत्खनन मिथिला की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संजय झा ने कहा कि बलिराजगढ़ से मिलने वाले पुरातात्विक प्रमाण इस क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को सामने लाएंगे।

उन्होंने कहा कि, इस पहल से मधुबनी जिले में पर्यटन की अच्छी संभावनाएं विकसित होंगी। इससे यहां रोजगार सृजन होगा और आर्थिक उन्नति होगी। बलिराजगढ़ का ऐतिहासिक महत्व है।

# आंधी-बारिश से सहरसा में भरा पानी, किशनगंज में घने बादल

## पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट, सुपौल में ओले गिरने से फसलों को नुकसान

पटना, 28 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में शुक्रवार से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आधी रात पटना समेत 5 जिलों में आंधी-बारिश से मौसम खराब हो गया। शनिवार सुबह भी पटना के कुछ इलाकों में बारिश हुई। किशनगंज में घने काले बादल हैं।

इधर, मौसम विभाग ने आज 38 जिलों में आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में ऑरेंज तो 26 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

ऑरेंज अलर्ट वाले जिलं में 60 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली और ओला गिरने की आशंका है।

वहीं, बाकी 26 जिलों में आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवा चल सकती है। शुक्रवार रात 11 बजे पटना और गयाजी में आंधी के साथ बारिश हुई है। तेज हवा की वजह से दुकानों के होर्डिंग्स उड़ गए और



दर्जनों मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। रामनवमी की शोभा यात्रा के लिए बनाए गेट टूट कर गिर गए।

पटना के डाकबंगला चौराहे पर एलईडी लाइट तेज हवा से गिर गई। उस वक्त भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सामने मुख्य मंच पर मौजूद थे। मुख्य मंच उनसे 200 मीटर की दूरी पर था।

डाकबंगला चौराहे पर आंधी-बारिश के बीच पोस्टर ओढ़कर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने झाकियों को सम्मानित किया। नालंदा में आंधी से मॉडल अस्पताल कैंपस में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। भागलपुर, खगड़िया, लखीसराय, गयाजी और किशनगंज में भी देर रात तेज हवा के साथ बारिश हुई।

किशनगंज और सुपौल में ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इधर, सहरसा में शुक्रवार हुई तेज बारिश से कई मोहल्लों में पानी भर गया है। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है।

# भोजशाला पहुंचे हाईकोर्ट जज 53 मिनट तक किया निरीक्षण

## 2 अप्रैल की सुनवाई से पहले अहम दौरा एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर सभी पक्षों की नजरें टिकी

धार, 28 मार्च (एजेंसियां)। धार की ऐतिहासिक भोजशाला में शनिवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला पहुंचे, जहां उन्होंने परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया।

आगामी 2 अप्रैल को होने वाली अहम सुनवाई से पहले इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दोपहर 1 बजकर 52 मिनट पर न्यायाधीश सीधे भोजशाला परिसर पहुंचे। उनके साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच न्यायाधीश ने करीब 53 मिनट तक परिसर में रहकर हर हिस्से का बारीकी से मुआयना किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजशाला के विभिन्न हिस्सों, स्तंभों, शिलालेखों और संरचना को ध्यानपूर्वक देखा तथा इसके इतिहास और वास्तुकला से जुड़ी जानकारी ली। प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए गए कार्यों और वर्तमान व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया।

गौरतलब है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा लगभग 98 दिनों तक किए गए सर्वे की रिपोर्ट उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है और इसकी प्रतियां सभी पक्षकारों को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। 16 मार्च को इंदौर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान पक्षकारों से दावे और आपत्तियां मांगी गई थीं, उसी दौरान न्यायाधीश ने स्थल का निरीक्षण करने की बात कही थी।

भोजशाला को लेकर चल रहे कानूनी विवाद और वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांगों के बीच अब इस दौरे के बाद सभी की निगाहें 2 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हुई हैं, जहां मामले में महत्वपूर्ण दिशा मिल सकती है।

# एक्सीडेंट में मौत के मामले में 1.38 करोड़ का मुआवजा

## प्राइवेट कंपनी का डायरेक्टर था दो साल पहले हुआ था हादसा

भोपाल, 28 मार्च (एजेंसियां)। भोपाल की प्राइवेट कंपनी के डायरेक्टर की सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मुआवजा आदेश जारी किए हैं। मृतक के परिजनों को 1.38 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से दिए जाने के आदेश शुक्रवार को जारी किए गए।

दुर्घटना करने वाले वाहन के स्वामी,चालक और श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अरेरा हिल्स भोपाल को यह राशि देना होगी। मृतक के परिजनों की ओर से राकेश कुमार वर्मा और नंदकिशोर शर्मा अधिवक्ता ने जिला न्यायालय में क्लेम का प्रकरण प्रस्तुत किया था।

मामले के अनुसार 32 वर्षीय विनीत खुशलानी दिनांक 4 जून 2024 को शाम लगभग 5:00 बजे अपना दो पहिया वाहन चलाते हुए एमपी नगर से वल्लभ भवन की ओर जा रहे थे। सतपुड़ा भवन के सामने कार के चालक ने काफी तेजी और लापरवाही से कार चलाते हुए विनीत खुशालानी के दो पहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसके कारण विनीत खुशलानी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# आधार के जरिये मनरेगा मजदूरी के भुगतान को वैकल्पिक बनाया जाए

## संसदीय समिति ने सरकार को दिया सुझाव

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। संसद की एक समिति ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी ट्रांसफर करने के लिए आधार-आधारित पेमेंट सिस्टम को वैकल्पिक बनाए और इसके लिए आसान विकल्प मुहैया कराए।

**मनरेगा में इस सिस्टम को किया अनिवार्य**

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जनवरी 2024 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत इस सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है, जिसका कारण यह बताया गया है कि यह प्रणाली लीकेज को रोकने और लाभार्थी के खाते में सीधे फंड ट्रांसफर सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**अब तक कैसे होता है मजदूरी का भुगतान?**

पहले, मजदूरी का भुगतान नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस के जरिए इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट के रूप में किया जाता था।

ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर बनी संसदीय स्थायी समिति ने शुक्रवार को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में, NACH या अन्य विकल्पों पर जाने की प्रक्रिया को आसान बनाने की सिफारिश की है।

खासकर उन बुज़ुर्ग मजदूरों और दूरदराज के इलाकों में रहने वालों के लिए, जहां बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के सफल होने की दर कम है।

## बिना अनुमति थाईलैंड जाने पर विभागीय जांच

### आरआई राहुल पाण्डेय पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश, ड्यूटी से गायब रहने का भी आरोप

कटनी, 28 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता का एक मामला सामने आया है। कटनी जिले में पदस्थ रक्षित निरीक्षक (आरआई) राहुल पाण्डेय ने बिना अनुमति थाईलैंड (फुकेत) की यात्रा की।

मामले पर पुलिस मुख्यालय ने संज्ञान लिया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) के अनुमोदन के बाद राहुल पाण्डेय के खिलाफ विभागीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

विभागीय नियमों के अनुसार, किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी को विदेश यात्रा पर जाने के लिए पुलिस मुख्यालय, भोपाल से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य है। रक्षित निरीक्षक राहुल पाण्डेय ने नियम का उल्लंघन करते हुए सीधे फुकेत की यात्रा की।

# पश्चिम एशिया संकट: शशि थरूर ने राष्ट्रीय एकता पर दिया जोर

## कहा केंद्र के साथ काम करना राज्य सरकार का कर्तव्य

कोच्चि, 28 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा है कि जब देश हित की बात आए तो राष्ट्रीय एकता बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने यह बात पश्चिम एशिया संकट को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक के बाद कही है। कांग्रेस सांसद ने चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग, परस्पर सम्मान और संघीय सहयोग पर जोर दिया।

एक दिन पहले शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया संकट और उससे उपजे हालात का भारत पर पड़ने वाले असर को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों व केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपालों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक की थी।

**राष्ट्रहित की बात पर हम सभी एकजुट: थरूर**

कोच्चि में न्यूज एजेंसी एएनआई



से बात करते हुए थरूर ने कहा, जब राष्ट्रहित की बात आती है तो हम सभी एकजुट हो जाते हैं। यदि आज केरल में यूडीएफ की सरकार है तो भी हम केंद्र से अलग नहीं होने वाले हैं। हमें राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखना होगा।

केरल हमेशा से भारत की सभी गतिविधियों के साथ गहराई से जुड़ा रहा है। इसलिए, हमारे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि केरल में UDF सरकार केरल के लिए जो कुछ भी करेगी, उसमें वह देश की जरूरतों को भी ध्यान में रखेगी। हम अपनी तरफ से कुछ भी आयात नहीं करते, यह राष्ट्रीय नीति के तहत ही होता है।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने यह भी जोड़ा कि राजनीतिक मतभेद होने के बावजूद भारत के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य दोनों मिलकर काम करते हैं।

**केंद्र-राज्य संबंध पर थरूर ने तीन बड़ी बातें कही**

थरूर ने कहा कि हम इन मामलों पर केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि केरल में चुनावों के मामले में हमें राजनेताओं से सहमत होना ही है। वह एक अलग मामला है।

लेकिन केंद्र सरकार के साथ काम करना राज्य सरकार का कर्तव्य है, और केंद्र के लिए भी, राज्यों के साथ मिलकर काम करना उनका कर्तव्य है।

यह एक आपसी संघवाद होना चाहिए। इसका मतलब है कि राज्यों और केंद्र, दोनों की अपनी-अपनी जिम्मेदारियां, अपने-अपने दायित्व और अपने-अपने कर्तव्य हैं। मुझे उम्मीद है कि दोनों पक्ष इसका सम्मान करेंगे।

**ट्रंप के साथ पीएम मोदी की बातचीत का किया स्वागत**

थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई कूटनीतिक बातचीत का स्वागत किया और इसे एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि अमेरिका के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री आपस में बातचीत कर रहे हैं, यह एक अच्छी बात है। मुझे यह भी पता है कि हमारी विदेश मंत्री अभी फ्रांस में G7 के अन्य विदेश मंत्रियों से बातचीत कर रहे हैं। यह सब महत्वपूर्ण है, अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और अनिश्चितता के इस दौर में हमें सभी प्रमुख देशों के संपर्क में रहना होगा।



# भारतीय निवेशकों को बहुत महंगा पड़ रहा ईरान युद्ध

## एक महीने में गंवा चुके हैं 41 लाख करोड़ रुपये



नई दिल्ली,28 मार्च(एजेंसियां)। ईरान युद्ध को एक महीना हो चुका है और इस दौरान भारतीय निवेशकों को भारी चपत लगी है। 28 फरवरी को ईरान और अमेरिका/इजरायल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से सेंसेक्स में 7,700 अंक से अधिक यानी करीब 9.5 फीसदी गिरावट आई है।

इससे निवेशकों को 41.4 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। एनएसडीएल और बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में 1.1 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। 27 फरवरी को सेंसेक्स 81,287 अंक पर था जबकि 27 मार्च को यह 73,583 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के शेयरों का पिछले एक महीने का लेखा-जोखा देखें तो इस दौरान टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.2 फीसदी तेजी आई है जबकि सन फार्मा का शेयर 1.7 फीसदी चढ़ा है। दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी के शेयरों में 17.8 फीसदी गिरावट आई है जबकि बजाज फाइनेंस 17.4 फीसदी गिरा है।

**रिलायंस के शेयरों में गिरावट**

शुक्रवार को देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4.6% गिरावट आई। इससे सेंसेक्स 1,690 अंक यानी 2.3% गिरावट के साथ 73,583 अंक पर आ गया। सरकार ने पेट्रो-प्रोडक्ट एक्सपोर्टर्स पर फिर से विंडफॉल टैक्स लगा दिया है। इससे रिलायंस के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। साथ ही रुपया भी डॉलर के मुकाबले ऑल-टाइम लो पर पहुंच गई, बॉन्ड यील्ड बढ़ गया और विदेशी फंड की सेलिंग बढ़ गई। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 9 लाख करोड़ रुपये गिरकर 422.2 लाख करोड़ रुपये रह गया। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के विनोद नायर का कहना है कि बॉन्ड यील्ड में तेजी और पश्चिमी बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आई। नायर का मानना है कि जियो-पॉलिटिकल रिस्क और आपूर्ति में बाधाओं के कारण नियर टर्म में बाजार के लिए माहौल कमजोर बना रह सकता है।

# ईरान संकट से सिलेंडर वाले परेशान हैं, जबकि पाइप वाले मजे में



नई दिल्ली,28 मार्च(एजेंसियां)। ईरान युद्ध के कारण होर्मुज की खाड़ी से तेल और गैस की सप्लाई बाधित हुई है। इसे दुनिया के इतिहास में ऑयल की सप्लाई में अब तक की सबसे बड़ी बाधा माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि दुनिया का 20 फीसदी क्रूड और करीब एक तिहाई गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ज्यादातर सप्लाई एशियाई देशों को होती है और सबसे ज्यादा हाहाकार भी इन्हीं देशों में मचा है। भारत भी इनमें शामिल है जहां सरकार लोगों को एलपीजी के बजाय पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अपने देश में पीएनजी कनेक्शन वालों को कोई दिक्कत नहीं है लेकिन सिलेंडर वाले मारे-मारे फिर रहे हैं। केंद्र सरकार ने हाल में एक ऑर्डर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जिन इलाकों जहां पीएनजी का कनेक्शन उपलब्ध है, वहां के लोग तीन महीने के अंदर एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हो जाएं। ऐसा नहीं करने पर उनकी एलपीजी की सप्लाई बंद की जा सकती है। देश में अभी 1.62 करोड़ पीएनजी उपभोक्ता हैं जबकि एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 33.2 करोड़ से अधिक है। 2014 के बाद एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 14 करोड़ बढ़ी है। इसमें पीएम उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक उपभोक्ता शामिल हैं। सवाल यह है कि आखिर पीएनजी और एलपीजी में क्या अंतर है? दरअसल पीएनजी पाइप्ड नेचुरल गैस है जो अंडरग्राउड पाइपलाइन्स के जरिए सीधे आपके किचन तक पहुंचती है। इसे गैस फील्ड से नेचुरल तरीके से निकाला जाता है और यह एलएनजी के रूप में भारत पहुंचती है। दूसरी ओर एलपीजी को कच्चे तेल से रिफाइन करके निकाला जाता है और सिलेंडर में भरकर आपके घर तक पहुंचाया जाता है। एलपीजी के आयात के मामले में भारत काफी हद तक मिडिल ईस्ट के देशों पर निर्भर है और इसकी अधिकांश सप्लाई होर्मुज की खाड़ी से आती है। भारत अपनी जरूरत की करीब 60 फीसदी एलपीजी का आयात करता है। इसमें से 90 फीसदी गैस होर्मुज की खाड़ी से आती है। यही कारण है कि वहां जहाजों की आवाजाही बंद होने के कारण एलपीजी की सप्लाई टाइट हुई है। देश के कई शहरों में एलपीजी की दिक्कत की खबरें आ रही हैं और सरकार भी लोगों से पीएनजी में शिफ्ट होने की अपील कर रही है। पीएनजी एक व्यापक सिटी नेटवर्क का हिस्सा होती है जिसमें पाइप के जरिए गैस आपके घर तक पहुंचती रहती है। पीएनजी के मामले में ऐसा नहीं है। भारत सालाना 25 से 26 मिलियन टन एलएनजी का आयात करता है। पीपीएसी के मुताबिक भारत की नेचुरल गैस की आधी डिमांड आयात से पूरी होती है। यह ज्यादातर एलएनजी के रूप में भारत आती है। पिछले फाइनेंशियल ईयर में भारत के आयात में कतर की हिस्सेदारी 41 फीसदी थी जबकि अमेरिका का हिस्सा 19 फीसदी था। भारत में नेचुरल गैस की जरूरत का 50 फीसदी हिस्सा देश में ही उत्पादित होता है। कृष्णा गोदावरी बेसिन, असम और त्रिपुरा में पीएनजी का उत्पादन होता है।

# केवल तेल और गैस के लिए ही जरूरी नहीं है होर्मुज की खाड़ी


## 10 करोड़ लोगों की जिंदगी का सवाल है

नई दिल्ली,28 मार्च(एजेंसियां)। ईरान युद्ध के कारण होर्मुज की खाड़ी सबसे ज्यादा चर्चा में है। इसकी वजह यह है कि इसके कारण पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। 167 किमी लंबी और 33 से 39 मीटर चौड़ी यह खाड़ी ईरान और ओमान के बीच स्थित है और फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ती है।

खाड़ी की अहमियत इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया का 20 फीसदी तेल और एक तिहाई गैस इसी रास्ते से गुजरती है। लेकिन खाड़ी देशों के लिए यह 10 करोड़ लोगों की जिंदगी की लाइफलाइन है। इसकी वजह यह है कि ये देश खाने-पीने की अधिकांश चीजें बाहर से मंगाते हैं। लेकिन फिलहाल यहां से जहाजों की आवाजाही लगभग बंद है। ईरान ने साफ शब्दों में कहा है कि होर्मुज की खाड़ी अब वैसी नहीं रहेगी जैसी लड़ाई से पहले थी। हमने समुद्र के नियम बदल दिए हैं। यहां से जहाजों के गुजरने की अनुमति देने का फैसला पूरी तरह हमारा होगा।

ईरान की धमकी से साफ है कि अगर अमेरिका/इजरायल के साथ उसकी जंग खत्म भी हो जाती है तब भी होर्मुज की खाड़ी में नई व्यवस्था काम करेगी। अगर जंग लंबी खिंची है तो इससे खाड़ी देशों की करीब 10 करोड़ लोगों पर आफत आ सकती है। पहले ही वहां फूड सप्लाई की स्थिति टाइट होने लगी है। खाड़ी देशों में गर्मियों में तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है और वहां खेती के लिए ज्यादा जमीन नहीं है। खाड़ी के अधिकांश देश डिसेलिनेशन प्लांट्स के जरिए समुद्र के पानी को पीने लायक बनाते हैं। सऊदी अरब अपना 80 फीसदी से ज्यादा फूड आयात करता है। इसी तरह यूएई 90 फीसदी और कतर 98 फीसदी खाने-पीने की चीजें बाहर से मंगाते है। इराक में भी ज्यादातर फूड आइटम्स इसी रास्ते पहुंचता है। कुल मिलाकर इन देशों में ज्यादातर फूड शिपमेंट्स होर्मुज की खाड़ी के जरिए पहुंचते हैं।हालांकि खाड़ी देशों तक फूड आइटम्स पहुंचाने के लिए नए रूट्स तलाशे जा रहे हैं लेकिन उनके रास्ते सामान पहुंचाना महंगा है। साथ ही वे पूरी तरह होर्मुज की खाड़ी की जगह नहीं ले सकते हैं। इससे आने वाले दिनों में खाड़ी देशों में खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ सकते हैं। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने चेतावनी दी है कि सप्लाई चेन में कोविड महामारी के बाद सबसे बड़ी बाधा आ सकती है। हाल में शिपिंग कॉस्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि गल्फ रीजन में अभी तत्काल खाद्य संकट का खतरा नहीं है लेकिन ईरान युद्ध के कारण सी फ्रेंट में काफी तेजी आई है।28 फरवरी को ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से करीब दो दर्जन जहाजों को निशाना बनाया गया है। इसमें ओमान के तट पर एक कार्गो जहाज भी शामिल है। यही कारण है कि शिपिंग कंपनियां होर्मुज की खाड़ी से गुजरने का जोखिम नहीं उठाना चाहती हैं। इंश्योरेंस और शिपिंग कंपनियां पूरे मिडिल ईस्ट रीजन को हाई रिस्क के रूप में देख रही हैं।शिपिंग कंपनियों ने वहां जाने वाले जहाजों पर प्रति कंटेनर 4,000 डॉलर का सरचार्ज लगाया है। यूएई के रास्ते सामान को ट्रकों से आगे भेजने के लिए लॉजिस्टिक्स कॉस्ट प्रति कंटेनर 4,000 डॉलर से 9,000 डॉलर तक बैठ रही है। साथ ही खाड़ी देशों के लिए एयर फ्रेट में भी हाल के दिनों में काफी तेजी आई है। आखिरकार यह पैसा ग्राहकों से ही वसूला जाएगा।तेल और गैस के अलावा होर्मुज से फर्टिलाइजर, हीलियम, एल्युमिनियम, सल्फर, पेट्रोकेमिकल्स और प्लास्टिक की भी बड़ी खेप गुजरती है। नेचुरल गैस के कारण फारस की खाड़ी नाइट्रोजन आधारित फर्टिलाइजर्स के प्रोडक्शन का बड़ा हब है। दुनिया में फर्टिलाइजर्स की करीब 20 से 30 फीसदी सप्लाई होर्मुज की खाड़ी से होती है।

# डॉलर पर होंगे ट्रंप के साइन, अमेरिकन इतिहास में पहली बार होगा ऐसा, साथ ही टूटेगी 165 साल पुरानी परंपरा



वाशिंगटन,28 मार्च(एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। इस साल गर्मियों से अमेरिका की करेंसी डॉलर पर ट्रंप के साइन होंगे। अमेरिका के इतिहास में यह पहला मौका है जब डॉलर पर किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होंगे। इसके साथ ही देश में 165 साल से चली आ रही एक और परंपरा भी टूट जाएगी। 1861 से अब तक अमेरिका की करेंसी पर यूएस ट्रेजरर के हस्ताक्षर होते थे लेकिन अब इसे हटा दिया जाएगा।

रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की आजादी की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर नए डिजाइन के डॉलर जारी किए जाएंगे। ट्रंप के सिग्नेचर वाले 100 डॉलर के नोट जून में छापे जाएंगे। इन पर ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के भी साइन होंगे। इसके बाद दूसरे मूल्य के करेंसी नोट छापे जाएंगे। ट्रेजरी डिपार्टमेंट अभी जो नोट छाप रहा है उनमें पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट येलन और पूर्व ट्रेजरर लिन मलेरबा के साइन हैं।

1861 से अमेरिका की करेंसी पर यूस ट्रेजरर के साइन होते आए हैं और इस कड़ी में मलेरबा अंतिम ट्रेजरर होंगी जिनके साइन यूएस करेंसी पर हैं।अमेरिका ने ट्रेजरर सीधे तौर पर ट्रेजरी सेक्रेटरी यानी वित्त मंत्री को रिपोर्ट करता है। साथ ही वह ब्यूरो ऑफ एनग्रेविंग एंड प्रिंटिंग, यूएस मिंट तथा ट्रेजरी के अन्य कार्यों की देखरेख करता है।

लेकिन अब यूएस करेंसी पर उसके साइन नहीं होंगे। बेसेंट ने कहा, 'हमारे महान देश और राष्ट्रपति ट्रंप की ऐतिहासिक उपलब्धियों को मान्यता देने का इससे पावरफुल तरीका और कोई नहीं हो सकता कि यूएस डॉलर पर उनका नाम अंकित हो।' इससे पहले 1 डॉलर का ट्रंप का कॉइन सर्कुलेट करने की कोशिश की गई थी लेकिन यह अटक गया था। इसकी वजह यह है कि अमेरिका का कानून जीवित लोगों को कॉइन पर ढालने की अनुमति नहीं देता है।

# आरकॉम के 40000 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पुनीत गर्ग पर चार्जशीट



नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े 40000 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉनड्रिंग और बैंक लोन फ्रॉड के मामले में एक बड़ा कदम उठाया है. जांच एजेंसी ने बीते 27 मार्च, 2026 को अनिल अंबानी के करीबी सहयोगी और आरकॉम के पूर्व निदेशक पुनीत गर्ग के खिलाफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया है.

**पुनीत गर्ग पर ईडी के आरोप**


ईडी का आरोप है कि पुनीत गर्ग ने 2023 में आरकॉम की इंसॉल्वेंसी प्रक्रिया के दौरान न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक अपार्टमेंट को 8.3 मिलियन डॉलर (करीब 70 करोड़ रुपये) में बेचा और फिर इन पैसों को दुबई में पाकिस्तान से जुड़ी एक कंपनी में डायवर्ट किया।ईडी की 170 से अधिक पन्नों की चार्जशीट में गर्ग पर बैंक लोन के रूप में मिले पैसों को आरकॉम की विदेशी सहायक कंपनियों और ऑफशोर संस्थाओं के माध्यम से 'लेयरिंग' और 'डायवर्ट' करने का भी आरोप है।ईडी ने अपनी जांच में पाया कि पुनीत गर्ग ने इस तरह अपराध से हुई कमाई का एक हिस्सा निजी खर्चों के लिए इस्तेमाल किया।पुनीत गर्ग को ईडी ने इसी साल जनवरी में गिरफ्तार किया था।वह इस वक्त न्यायिक हिरासत में हैं।सूत्रों ने बताया कि चार्जशीट में गर्ग के अलावा वैशाली जयराम माने का भी नाम आरोपी के तौर पर है।माने यूएस में रहने वाली आरकॉम की कर्मचारी थीं।ईडी ने इस मामले में पहले भी अंबानी और उनके बेटे से पूछताछ की थी।चार्जशीट में अनिल अंबानी का नाम आरोपी के तौर पर नहीं है।हालांकि, वह जांच के दायरे में बने हुए हैं।

**पहले भी ईडी दाखिल कर चुकी है चार्जशीट**

बता दें कि ईडी की यह कार्रवाई अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के खिलाफ चल रही बड़ी जांच का हिस्सा है।इससे पहले दिसंबर, 2025 में ईडी ने रिलायंस पावर के खिलाफ 68 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित एक विशेष जांच दल अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों की वित्तीय अनियमितताओं की जांच में जुटा है।

# एक अप्रैल से बदल सकता है आपका सैलरी स्ट्रक्चर

## सीधा असर पड़ेगा आपके टैक्सेबल इनकम पर




नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। अप्रैल का महीना आने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। एक अप्रैल से अपना नया वित्तीय वर्ष शुरू होगा। उसी दिन से आयकर के नए प्रावधान लागू हो जाएंगे और आयकर अधिनियम, 2025 भी प्रभावी हो जाएगा। आयकर कानून के जानकार और इनकम टैक्स कंसल्टिंग फर्म रवि राजन एंड कंपनी एलएलपी, दिल्ली के टैक्सेशन पार्टनर सीए सी. कमलेश कुमार हमें बता रहे हैं कि इन प्रावधानों के बारे में। आयकर कानून के नए प्रावधान लागू होने से आपका सैलरी स्ट्रक्चर बदल सकता है, भले ही आपका सीटूसी वही हो।। दरअसल, नए नियम कर दरों को नहीं बढ़ाते हैं। लेकिन, वे यह परिभाषित करते हैं कि वेतन भत्तों और अलाउंसेस का मूल्यांकन कैसे किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि अब आपके वेतन पैकेज का एक बड़ा हिस्सा कर योग्य आय के रूप में माना जा सकता है। अब सरकार ने भत्तों , प्रतिपूर्ति और नियोक्ता द्वारा प्रदान किए गए लाभों पर नियम कड़े करने के बाद, कर्मचारी यह महसूस कर सकते हैं कि उनकी टेक होम सैलरी, कर देयता , या वेतन का वितरण बदल सकता है जब कंपनियां नए ढांचे के अनुसार वेतन संरचनाओं को सही करेंगी। न्यू इनकम टैक्स रूल्स 2026 के तहत, अब नियोक्ताओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले अधिकांश लाभों का स्पष्ट रूप से परिभाषित कर योग्य मूल्य होता है। पहले, कुछ भत्ते ढीले-ढाले ढंग से परिभाषित थे। इससे कंपनियों को वेतन पैकेज बनाने में फ्लेक्जिबिलिटी मिलती थी। नए नियम उसे कम कर देते हैं। इसका मतलब यह है कि नियोक्ता वेतन के कंपोनेंट्स जैसे भत्ते, प्रतिपूर्ति और लाभों को नए मूल्यांकन नियमों के अनुपालन के लिए पुनर्गठित कर सकते हैं। नतीजतन, भले ही आपका कुल वेतन न बदले, मूल वेतन, भत्ते और कर योग्य लाभों का अनुपात अप्रैल 2026 से अलग हो सकता है।

# इलेक्ट्रिक टू-वीलर पर 3 महीने और मिल सकती है सब्सिडी

## 31 मार्च को खत्म हो रही डेडलाइन



नई दिल्ली,28 मार्च(एजेंसियां)। केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक टू-वीलर (ई-स्कूटर और बाइक) खरीदने वालों को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी को जून तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं, ई-रिक्शा के लिए यह छूट अगले दो साल (मार्च 2028) तक जारी रह सकती है।

इस योजना की समय-सीमा 31 मार्च को खत्म हो रही थी। एक अधिकारी ने बताया कि सब्सिडी की अवधि बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। हमारे पास इसके लिए अभी बजट बचा हुआ है। इसलिए हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस स्कीम का फायदा उठा सकें। इस स्कीम के तहत ई-टू-वीलर और ई-रिक्शा खरीदने वालों को प्रति किलोवाट के हिसाब से 2,500 रुपये की सब्सिडी मिलती है। इलेक्ट्रिक टू-वीलर के लिए 1,772 करोड़ रुपये का बजट तय है इसमें से अब तक 1,260 करोड़ रुपये का इस्तेमाल हो चुका है इलेक्ट्रिक थ्री-वीलर के लिए 907 करोड़ रुपये का प्रावधान है इस रकम में से अब तक 737 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं पीएम ई-ड्राइव स्कीम का कुल बजट 10,900 करोड़ रुपये है सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इलेक्ट्रिक टू-वीलर के लिए तय किए गए 1,772 करोड़ रुपये के बजट में से अब तक करीब 1,260 करोड़ रुपये का इस्तेमाल हो चुका है। इसी तरह इलेक्ट्रिक थ्री-वीलर (ई-रिक्शा आदि) के लिए तय 907 करोड़ रुपये में से 737 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

# बैंक अपने पास 100-मिलियन डॉलर से ज्यादा नहीं रख सकेंगे

## रुपए में लगातार गिरावट को रोकने के लिए आरबीआई का निर्देश, इससे विदेशी सामान सस्ते होंगे

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)। आरबीआई ने निर्देश दिया है कि बैंक अब हर दिन अपने पास 100 मिलियन डॉलर (करीब 950 करोड़ रुपए) से ज्यादा नहीं रख सकेंगे। इससे पहले बैंक हर दिन 300 से 500 मिलियन डॉलर (2,845-4,743 करोड़ रुपए) होल्ड कर रहे थे।

आरबीआई के निर्देश का असर यह होगा कि बैंक अब उनके पास मौजूद एक्स्ट्रा डॉलर को मार्केट में बेचेंगे तो इससे रुपया मजबूत होगा। जिससे विदेशी सामान खरीदना, विदेश में पढ़ना और घूमना सस्ता हो सकता है। इसके अलावा मोबाइल, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स भी सस्ते हो सकते हैं। आरबीआई के यह निर्देश जारी करने के एक दिन पहले ही रुपया डॉलर के मुकाबले 94.59 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है। आरबीआई ने डॉलर के मुकाबले रुपए में आ रही गिरावट और बाजार की अस्थिरता को देखते हुए यह फैसला लिया है। निर्देश जारी करते हुए आरबीआई ने सभी बैंकों को कहा कि वे हर कारोबारी दिन के आखिरी में ऑनशोर डिलीवरेबल मार्केट में भारतीय मुद्रा पर अपनी नेट ओपन पोजिशन को 100 मिलियन डॉलर के अंदर सीमित रखें। यानी बैंकों को हर कारोबारी दिन के आखिरी में अपने फॉरेन करेंसी एक्सपोजर को इसी दायरे में रखना होगा।आरबीआई ने सभी ऑथराइज्ड फॉरेन एक्सचेंज डीलर्स को इस नए नियम का पालन करने के लिए 10 अप्रैल तक का समय दिया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एफएक्स एनालिस्ट दिलीप परमार के मुताबिक, इस कदम से शेयर बाजार में बैंकों की डॉलर में ली जाने वाली लॉन्ग पोजीशन (सट्टेबाजी) कम होगी। इससे बाजार खुलने पर रुपए में होने वाली अचानक और बड़ी गिरावट को रोकने में मदद मिलेगी। नेट ओपन पोजीशन का मतलब उस कुल विदेशी मुद्रा से है जिसे बैंकों ने खरीदा या बेचा है, लेकिन उसे हेज (सुरक्षित) नहीं किया है। मौजूदा नियमों के अनुसार, बैंक अपनी कुल पूंजी के 25% तक की लिमिट खुद तय कर सकते थे। लेकिन अब आरबीआई ने इसे सीधे तौर पर 100 मिलियन डॉलर पर कैप कर दिया है। दिलीप परमार ने बताया कि बैंक अक्सर बड़े फॉरेक्स पोर्टफोलियो रखते हैं, जिनमें से कुछ का इस्तेमाल आर्बिट्राज (मुनाफाखोरी) के लिए किया जाता है। जब बैंक बड़े पैमाने पर अनहेजेड पोजीशन (बिना सुरक्षा वाली ट्रेडिंग) रखते हैं, तो इससे इंट्राडे ट्रेडिंग में रुपए में तेज उतार-चढ़ाव आता है। आरबीआई ने पहले बैंकों को चेतावनी दी थी, लेकिन अब इसे आधिकारिक आदेश में बदल दिया गया है।

# दैनिक पंचांग

गृह गोचर




श्री रौद्र /श्री दुर्मती नामके संवत्सरे-विक्रम संवत्- 2083
शक संवत् -1948, सूर्य उत्तरायणे /उत्तर , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551 , राजा गुरु, मन्त्री भौम
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426873 सूर्योदय 06-18
कलियुग संवत् - 5127 वर्ष, सूर्यास्त. 18 -24
कल्पारंभ संवत् - 1972949127
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885127
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - चैत्र कृष्ण पक्ष रविवार 29 March 2026
तिथि - एकादशी 07-45 तक उपरान्त द्वादशी
नक्षत्र - आश्लेषा 14-36 तक उप मघा
योग - धृति 18-18 तक उप शूल
करण - विष्टी (भद्रा) 07-45 तक उप बव

**कामदा एकादशी व्रत**
**लक्ष्मीकांत दोलोत्सव**

| गृह स्थिति | | | लग्नारभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | मीन | मे | मीन.... | 05-32 बजे |
| चंद्र | कर्क | मे | मेष..... | 07-08 बजे |
| मंगल | कुंभ | मे | वृष.... | 08-52 बजे |
| बुध | कुंभ | मे | मिथुन.. | 10-53 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | कर्क... | 13-05 बजे |
| शुक्र | मेष | मे | सिंह--- | 15-17 बजे |
| शनि | मीन | मे | कन्या-- | 17-24 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | तुला---- | 19-29 बजे |
| केतु | सिंह | मे | वृश्चिक.. | 21-39 बजे |
| | | | धनु..... | 23-52 बजे |
| | | | मकर... | 01-58 बजे |
| | | | कुंभ.... | 03-49 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 16-56 से 18-28 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| उत्पात 06-18 - 07-46 अशुभ | शुभ। 18-24 - 19-56 शुभ |
| चंचल 07-46 - 09-18 शुभ | अमृत 19-56 - 21-24 शुभ |
| लाभ 09-18 - 10-49 शुभ | चंचल 21-24 - 22-52 शुभ |
| अमृत 10-49 - 12-21 शुभ | रोग 22-52 - 00-21 अशुभ |
| काल 12-21 - 13-53 अशुभ | काल 00-21 - 01-49 अशुभ |
| शुभ 13-53 - 15-24 शुभ | लाभ 01-49 - 03-17 शुभ |
| रोग 15-24 - 16-56 अशुभ | उत्पात 03-17 - 04-45 अशुभ |
| उत्पात 16-56 - 18-24 अशुभ | शुभ 04-45 - 06-18- शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
छोटी छोटी परेशानियां और असहमतियां दिन भर सामने आती रहेंगी । आपको इन छोटी छोटी बातों की उपेक्षा कर देनी है,नही तो आप अपनी मानसिक शांति को नष्ट कर लेंगे । अपनी समस्याएँ किसी के साथ बांटने की कोशिश करें,आपको अच्छा अनुभव होगा । एकांत की गतिविधियाँ आज बहुत अच्छी रहेंगी ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज आप विशेषकर हलके फुल्के मूड में रहेंगे । सब समस्याओं का सामना चेहरे पर मुस्कराहट के साथ करेंगे । आज किसी विवाद में मैत्रीपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा कर सकते हैं। आपकी मौजूदगी से ख़ुशी और रोनक रहेगी और शाम को पार्टी की जान बने रहेंगे ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज आप अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे । कोई आपकी उदारता से प्रभावित होकर दिन के अंत तक आपसे अपनी भावना का इजहार कर सकता है हालाँकि अभी भी आपके मन में कडवे अनुभव भरे हुए हैं । लेकिन अब समय आ गया है की आप सारी नकारात्मकता को दूर करके एक नयी शुरुआत करें ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी । इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें ।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है । आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
अपने वादों का सम्मान करें । आपको इसके लिए अपने मजे तथा आनंद के समय से समझौता करना पड़ सकता है परन्तु अगर आप दूसरों को दुःख नही पहुंचना चाहते तो आपको यह करना पड़ेगा । आपकी कल्पनात्मक शक्ति आपको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेगी । आप मानवीय आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं, आपकी प्रगति तय है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
यह समय दोस्तों के साथ हल्का –फुल्का समय गुजारने के लिए बहुत अच्छा है । कोई पार्टी करें या शाम को मस्ती के साथ गुजरें,आप पार्टी की जान बने रहेंगे । इस दौरान आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिलेंगे जिसकी रुचियाँ आप जैसी होंगी और वो आप जैसे कार्यकलापों का आनंद लेगा । आपको अपनी क्षमता का अनुभव भी होगा ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
इस समय आपके जीवन में पुराने सम्बन्ध और संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं । आपके ऊपर हर जगह बहुत अच्छा कार्य करने का काफी दबाव होगा लेकिन आपको यह समझने की जरुरत है कि ज्यादा दबाव आपके खुद के तय किये हुए बहुत ऊँचे मानकों के कारण है ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज का दिन सभी भावनात्मक और वास्तविक मुद्दों के मामले उतार चढाव भरा रहेगा । गृहों की चाल यह बता रही है कि आप सुबह भावनात्मक बने रह सकते हैं और सब चीजों के बारे में अपनी भावनात्मक प्रतिक्रिया के नजरिये से ही सोचेंगे । इससे कुछ गलत फैसलों की भी सम्भावना है लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा और आप और स्पष्ट तरीके से सोच और देख पायेंगे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
कार्यस्थल पर कोई आपके खिलाफ चुपचाप काम कर रहा है लेकिन आज आपको इस बात का पक्का सबूत मिलने वाला है कि वह कौन है। लेकिन अभी इस आदमी से ना उलझें ,आपको केवल यह पता चल जाने से भी काफी मदद मिलेगी कि आपके खिलाफ कौन काम कर रहा है और आप अपने दुश्मनों को अपने रास्ते से हटाने में कामयाब रहेंगे ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आप अपनी बढ़ी हुई जिम्मेदारियों से परेशान हैं,लेकिन अभी आपको कोई राहत मिलती दिखाई नही दे रही । सबसे अच्छा यही है की आप शिकायत करना छोड़कर अपने कामों को पूरा करें । जितनी जल्दी पूरा करेंगे ,उतनी ही जल्दी बोझ कम होता जाएगा । लेकिन इसका अर्थ यह भी नही है कि आपको इसे लापरवाही से पूरा करना है ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आपके किसी करीबी के जीवन में कुछ समस्याएँ चल रही हैं और आज आपको उनकी बात सहानुभूति से सुननी पड़ेंगी । ऐसा हो सकता है की आप इस आदमी की बातों से निराश और बेचैन सा अनुभव करें ,लेकिन आपको बिना किसी आलोचना के इस आदमी की सहायता करनी चाहिए । इससे आपके जीवन की बहुत महत्वपूर्ण दोस्ती या साझेदारी भी प्रभावित होगी।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# भाटी बनाम रावणा विवाद : 'धमकाने' के आरोपों पर आखिरकार शिव विधायक ने तोड़ी चुप्पी, किया चौंकाने वाला 'खुलासा'?

बाड़मेर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के चर्चित युवा विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने भजन गायक छोटू सिंह रावणा के आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए पलटवार किया है। भाटी ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि उन्होंने फोन पर आपत्ति दर्ज करवाई थी, लेकिन उसे 'धमकी' का रूप देना गलत है। भाटी ने दो टूक शब्दों में कहा कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं, लेकिन किसी भी व्यक्ति को किसी के राजनीतिक नैरेटिव का 'टूल' (औजार) नहीं बनना चाहिए।





विधायक भाटी ने इस पूरे विवाद के पीछे की कहानी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि विवाद एक कैंसर पीड़ित बच्चे के वीडियो को लेकर शुरू हुआ। क्या है मामलाः लगभग दो साल पुराना एक वीडियो सोशल मीडिया पर फिर से वायरल किया गया, जिसमें एक कैंसर पीड़ित बच्चे की मदद का जिक्र था। भाटी के अनुसार, वह बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ होकर इस बीमारी से बाहर आ चुका है।

भ्रामक कमेंटः इसी पुराने वीडियो पर गायक छोटू सिंह रावणा ने बिना वस्तुस्थिति जाने एक कमेंट किया, जिस पर विधायक ने आपत्ति जताई। भाटी का कहना है कि बिना तहकीकात किए अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करना अनुचित है।

छोटू सिंह रावणा ने आरोप लगाया था कि भाटी ने फोन पर कहा-दो बार छोड़ दिया, अब सीधा करना आता है। इस पर भाटी ने कहाः जिम्मेदारी का अहसासः ₹मैंने निश्चित रूप से आपत्ति दर्ज करवाई और एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मुझे आपत्ति दर्ज करानी भी चाहिए थी। यदि कोई जिम्मेदार व्यक्ति बिना सच जाने नैरेटिव बिल्ड करने के लिए कमेंट करता है, तो यह गलत है। समझाने का लहजाः भाटी ने कहा कि उन्होंने गायक को केवल यह समझाया कि वे किसी राजनीतिक नैरेटिव का हिस्सा न बनें। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, ₹मैं तो लोगों की जान बचाने वालों में हूं, जान लेने की धमकी कैसे दे सकता हूं?

रविंद्र सिंह भाटी ने गायक को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज की तारीख में किसी का 'पॉलिटिकल टूल' बनना खुद के लिए नुकसानदेह है।

विधायक ने रावणा के वीडियो और आरोपों को 'सस्ती लोकप्रियता' हासिल करने का जरिया बताया। भाटी का मानना है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण कुछ लोग जानबूझकर इस तरह के विवाद खड़े कर रहे हैं ताकि चर्चा में बने रह सकें। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक नैरेटिव से सावधान रहें।

छोटू सिंह रावणा के अनुसार, यह पूरा घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब उन्होंने सोशल मीडिया पर रविंद्र सिंह भाटी से जुड़ी एक पोस्ट पर अपना कमेंट किया। गायक का आरोप है कि रात करीब 11 बजे विधायक भाटी का उन्हें फोन आया। रावणा ने वीडियो में दावा किया कि भाटी ने बेहद सख्त लहजे में उनसे बात की और कहा-दो बार मैंने तुम्हें छोड़ दिया, अब मुझे तुम्हें सीधा करना भी आता है।₹ गायक का कहना है कि यह शब्द उन्हें सुधरने की चेतावनी नहीं, बल्कि जान से मारने की अप्रत्यक्ष धमकी जैसे लगे।

# अब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के 'उदयपुर मोह' पर विवाद- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक पहुंची 'शिकायत'

उदयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान की राजनीति के दिग्गज और वर्तमान में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया अपने गृह नगर उदयपुर के दौरों को लेकर विवादों के घेरे में आ गए हैं। उदयपुर के अधिवक्ता और पूर्व पार्षद डॉ. विजय विप्लवी ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक विस्तृत पत्र लिखकर कटारिया के 'अत्यधिक उदयपुर प्रेम' और स्थानीय प्रशासन में कथित दखलअंदाजी पर कड़ी आपत्ति जताई है। डॉ. विप्लवी का आरोप है कि राज्यपाल जैसे गरिमामय संवैधानिक पद पर रहते हुए कटारिया का व्यवहार एक सक्रिय राजनेता जैसा है, जो सीधे तौर पर प्रोटोकॉल का उल्लंघन है।



महीने में एक हफ्ता उदयपुर में, प्रशासन पर पड़ता है दबाव !

शिकायती पत्र में सबसे बड़ी आपत्ति कटारिया के दौरों की आवृत्ति को लेकर है। डॉ. विप्लवी ने आरोप लगाया कि राज्यपाल बनने के बाद से ही गुलाबचंद कटारिया हर महीने लगभग एक सप्ताह या उससे अधिक समय उदयपुर में बिताते हैं।

प्रशासनिक बाधाः राज्यपाल के आगमन पर पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक अमला उनकी अगवानी में लग जाता है, जिससे आम जनता के काम रुक जाते हैं। यातायात संकटः वीवीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण उदयपुर की तंग सड़कों पर घंटों ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा होती है। पत्र में एक और चौंकाने वाला आरोप लगाया गया है कि कटारिया सर्किट हाउस में बकायदा ₹जनता दरबार₹ लगाकर जनसुनवाई करते हैं। संवैधानिक मर्यादाः डॉ. विप्लवी के अनुसार, एक राज्य का राज्यपाल दूसरे राज्य के स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सीधे निर्देश नहीं दे सकता। आवेदनों पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को आदेश देना राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण माना जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि कटारिया नगर निगम के टेम्पो स्टैंड शेड के जीर्णोद्धार जैसे बेहद छोटे स्तर के कार्यों का लोकार्पण कर रहे हैं, जो राज्यपाल के पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। इसी तरह से उदयपुर के विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में, जहाँ राजस्थान के कुलाधिपति (राज्यपाल) मौजूद रहते हैं, वहां पंजाब के राज्यपाल की मंच पर उपस्थिति को भी अनुचित और प्रोटोकॉल के विरुद्ध बताया गया है। महाराणा प्रताप पर टिप्पणीः महाराणा प्रताप पर की गई विवादित टिप्पणी के लिए उन्हें सार्वजनिक माफी मांगनी पड़ी थी, जिसका उल्लेख राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में है। करीबियों को संरक्षणः आरोप लगाया गया है कि राज्यपाल पद के प्रभाव का इस्तेमाल कर वे कुछ निकटवर्ती लोगों को भूमि विवाद और अवैध निर्माण के मामलों में संरक्षण प्रदान कर रहे हैं।

डॉ. विप्लवी ने राष्ट्रपति से मांग की है कि राज्यपाल पद की गरिमा बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। पत्र में एक रोचक सुझाव भी दिया गया हैः यदि कटारिया का उदयपुर में रहना इतना ही अनिवार्य है, तो उन्हें गुजरात का राज्यपाल नियुक्त किया जाए, ताकि वे गांधीनगर से उदयपुर आसानी से आ-जा सकें और संवैधानिक कार्यों में बाधा न पड़े।

## 700 किलो से ज्यादा नकली पनीर पकड़ा

जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में मिलावटखोरों के खिलाफ छेड़ी गई जंग में जवाहर नगर थाना पुलिस को शनिवार को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने टीला नंबर-1 स्थित एक डेयरी पर छापा मारकर 700 किलो से अधिक नकली पनीर बरामद किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इसी इलाके में महज पांच दिनों के भीतर पुलिस की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिससे पूरे शहर के डेयरी व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। जवाहर नगर थाना प्रभारी महेश चंद्र ने बताया कि पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीला नंबर-1 स्थित राजेश डेयरी पर भारी मात्रा में मिलावटी मावा और पनीर की खेप पहुंचने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाया। जब पिकअप गाड़ी (नंबर RJ-14 GL-0796) डेयरी पर पहुंची और माल उतारा जाने लगा, तभी पुलिस ने दबिश दे दी।

# 1 अप्रैल से महंगा सफर; सालाना पास पर भी बढ़ाया शुल्क
## जयपुर से इन शहरों में आना- जाना महंगा

जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने जयपुर से अलग-अलग शहरों के लिए जाने वाले नेशनल हाईवे की टोल दरों में बढ़ोतरी की है। ये बढ़ोतरी 1 अप्रेल से लागू होगी जिसके बाद जयपुर में रिंग रोड, जयपुर-किशनगढ़, जयपुर-सीकर और जयपुर दौसा हाईवे के टोल प्लाजा पर वाहन चालकों को 5 से 20 रुपए तक अधिक शुल्क चुकाना होगा। हालांकि टोल बढ़ोतरी में एलएमवी श्रेणी के वाहनों को छूट दी गई है।

एलएमवी वाहनों को राहत

एनएचएआई की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, इन सभी टोल बूथ पर कार, एसयूवी के लिए टोल दरों में कोई बढ़ोतरी फिलहाल नहीं की गई है। हल्के वाहनों पर टोल टैक्स पुरानी दरों से लगेगा। टोल शुल्क में अधिकांश बढ़ोतरी कॉमर्शियल या उससे बड़े भारी वाहनों के लिए हुई है।



एनएचएआइ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, टोल शुल्क में बढ़ोतरी 5 से लेकर 20 रुपए तक की गई है। रिंग रोड पर प्राइवेट के अलावा हल्के कॉमर्शियल गाड़ियों के लिए बढ़ोतरी नहीं की गई है। यहां केवल भारी कॉमर्शियल गाड़ियों के लिए टोल रेटों में 5 से लेकर 20 रुपए तक बढ़ोतरी की गई है।

एनएचएआई से जारी नोटिफिकेशन में जयपुर से दिल्ली जाने वाले पुराने हाईवे पर दौलतपुरा, मनोहरपुर और शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर, जबकि जयपुर-किशनगढ़ हाईवे पर ठीकरिया, बड़गांव, रिंग रोड पर सीतारामपुरा, हिंगोनिया और जयपुर-सीकर हाईवे पर टाटियावास टोल बूथ पर बढ़ोतरी की है।

**सालाना पास भी 75 रुपए महंगा**

हाईवे पर एलएमवी वाहनों के टोल शुल्क में एनएचएआई ने भले ही बढ़ोतरी नहीं की है लेकिन, कार,एसयूवी के लिए बनने वाले सालाना पास की कीमतों में 75 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। टोल की यह नई दरें भी आगामी एक अप्रेल से ही लागू होंगी। अभी सालाना पास 3 हजार रुपए में बनता है, जिसमें एक साल या 200 टोल बूथ पार करने की लिमिट होती है।

**ऐसे तय होती है टोल रेट**

हाईवे पर टोल टैक्स की दरें होलसेल प्राइस इंडेक्स के आधार पर तय की जाती हैं। हर साल के अंत में इंडेक्स का मूल्यांकन कर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नए रेट जारी करता है।

टोल की राशि सड़क की लंबाई और उस पर बने इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे फ्लाईओवर, अंडरपास, टनल आदि के आधार पर भी तय होती हैं। जिस हाईवे पर ज्यादा सुविधाएं होती हैं, वहां टोल भी ज्यादा लगता है।

# गजवा-ए-हिंद की प्लानिंग! पाकिस्तान में लेने वाले थे ट्रेनिंग
## आइएसआइएस-अल कायदा के आतंकी नेटवर्क में चौंकाने वाला खुलासा

जोधपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने देश के अलग-अलग राज्यों से 12 ऐसे लोगों को पकड़ा है, जिन पर अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक और सीरिया जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के नेटवर्क में शामिल होने का आरोप है। दिल्ली और आंध्र प्रदेश पुलिस ने संयुक्त रूप से इस नेटवर्क का खुलासा किया है। इसमें जोधपुर का जीशान भी शामिल है।

आतंकी कनेक्शन सामने आने के बाद जोधपुर की खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। जीशान के संपर्क में रहे नागौरी गेट निवासी हसन नामक युवक की भी तलाश की जा रही है। जीशान के पकड़े जाने के बाद से ही हसन फरार है और उसका मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है। सदर बाजार थानाप्रभारी माणकराम विश्नोई ने जानकारी दी कि आरोपी के संपर्क में आए लोगों पर लगातार नजर रखी जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है। आंध्र प्रदेश पुलिस के एसीपी रामचन्द्रर राव के अनुसार, आंध्र प्रदेश और दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आंध्र प्रदेश के मोहम्मद रहमतुल्लाह शरीफ, मिर्जा सोहेल बेग और मोहम्मद दानिश, बिहार के शादमान दिलखुश और अजमानुल्लाह खान, दिल्ली के रोहिणी निवासी लकी अहमद, पश्चिम बंगाल के मीर आसिफ अली, राजस्थान के जीशान, कर्नाटक के अब्दुल सलाम, महाराष्ट्र के शाहरुख खान और शियाज उर रहमान तथा तेलंगाना की सैदा बेगम को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और उनके नेटवर्क की विस्तृत जांच जारी है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने एक गेमिंग ऐप के जरिए एक्यूआइएस और आइएसआइएस के विदेशी संचालकों से संपर्क स्थापित किया और धीरे-धीरे उनके नेटवर्क से जुड़ गए। यह भी आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय ध्वज को आइएसआइएस के झंडे से बदलकर पोस्ट किया। इसके साथ ही उन्होंने आइएसआइएस की सराहना की और भारत को इस्लामिक स्टेट में बदलने जैसी बातें भी साझा कीं। जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि वे एक महीने के भीतर ट्रेनिंग में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने की तैयारी कर रहे थे।

इस मामले में विजयवाड़ा के तीन युवकों को भी गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि इन युवकों ने युवाओं को कट्टरपंथ की ओर आकर्षित करने और जिहाद के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'अल मलिक इस्लामिक यूथ' नामक एक सोशल मीडिया ग्रुप बनाया था। आंध्र प्रदेश पुलिस के अनुसार, वे कथित तौर पर गजवा-ए-हिंद की अवधारणा पर काम कर रहे थे और अलग-अलग राज्यों में अपना नेटवर्क फैलाने में लगे हुए थे।

## बहरे बनकर नौकरी पाई, जांच में सही निकले कान

जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में सरकारी भर्तियों में एक के बाद बड़े खुलासे हो रहे हैं। वहीं भर्तियों में फर्जीवाड़े के खिलाफ मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित एसओजी ने एक और बड़े स्कैम का पर्दाफाश कर दिया है। दरअसल, प्रदेश की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी पा ली। इस पूरे मामले का पर्दाफाश करने के बाद नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों के साथ-साथ, अब उन पर मुहर लगाने वाले डॉक्टरों और सौदेबाजी करने वाले बिचौलियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने डॉक्टरों से सांठगांठ कर डिजिटल आईडी का दुरुपयोग किया और फर्जी तरीके से प्रमाण-पत्र जारी करवाए। लोकोमोटर दिव्यांगता की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि 44 अभ्यर्थी ऐसे पाए गए, जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम थी, यानी वे नियमानुसार आरक्षण के पात्र ही नहीं थे। बावजूद इसके, फर्जी दस्तावेजों के दम पर उन्होंने नियुक्तियां हासिल कर लीं।

एडीजी विशाल बंसल के अनुसार, एसओजी को 27 गंभीर शिकायतें मिली थीं, जिसके बाद संदिग्ध अभ्यर्थियों का सवाई मानसिंह अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से दोबारा परीक्षण कराया गया। रिपोर्ट में साफ़ हुआ कि ये अभ्यर्थी आरक्षण के दायरे से बाहर हैं। हालांकि, एक अभ्यर्थी को जांच के बाद क्लीन चिट दी गई है जो वास्तव में दिव्यांग पाया गया।

# युवती के साथ आपत्तिजनक हालत में था युवक
## फावड़े से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर भाइयों ने कर दी हत्या



बीकानेर, 28 मार्च (एजेंसियां)। बीकानेर जिले के रासीसर गांव में पांच दिन पहले हुए ट्रक चालक अनिल कुमार पूनियां हत्याकांड का पुलिस ने संवाददाता सम्मेलन कर सनसनीखेज खुलासा किया है। इस ब्लाइंड मर्डर में मृतक के ही दो चचेरे भाई आरोपी निकले, जिन्होंने हत्या के बाद शक से बचने के लिए अंतिम संस्कार तक में शामिल होकर लोगों को गुमराह किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बनवारी लाल मीणा ने बताया कि 23 मार्च को मृतक के पिता भगवानाराम विश्नोई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। मामला पूरी तरह ब्लाइंड था, जिसे सुलझाने के लिए विशेष टीमें गठित कर तकनीकी, वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की गई।

लगातार प्रयासों के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि घटना से एक रात पहले आरोपी जगदीश ने अनिल को एक युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इससे आक्रोशित होकर उसने अपने चचेरे भाई रामकुमार बिश्नोई के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। अगली सुबह दोनों ने मौका पाकर अनिल के घर में घुसकर फावड़े से सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अनिल बिश्नोई हत्याकांड का पर्दाफाश करते एएसपी ग्रामीण बीएल मीणा और मौजूद सीओ जरनैल सिंह व सीआई भारद्वाज।

वारदात के बाद आरोपी खुद को बचाने के लिए गांव में सामान्य लोगों की तरह घूमते रहे। हत्या की सूचना फैलने पर वे मौके पर पहुंचे और अगले दिन अंतिम संस्कार में भी शामिल होकर पुलिस को भ्रमित करने की कोशिश की।

## हादसे में 2 दोस्तों की मौत

सवाईमाधोपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। जिले में अलीगढ़ थाना क्षेत्र के चापोला के पास एक कार ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अलीगढ़ चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों दोस्त बाइक पर सवाई माधोपुर से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ओमप्रकाश (22) पुत्र बालूराम गुर्जर और देशराज (27) पुत्र प्रहलाद गुर्जर निवासी कुमाहरिया की मौत हो गई। कार सवार घायल अवस्था में मौके से इधर-उधर हो गए। सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी मौके पर पहुंचीं और पुलिसकर्मियों की सहायता से साक्ष्य जुटाए।

## महिला आईपीएस ने जो किया वो हर किसी का दिल जीत रहा है



जोधपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान पुलिस की युवा और तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी पीडी नित्या इन दिनों अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा के केंद्र में हैं। जोधपुर ग्रामीण एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद वे पहली बार एक थाने के निरीक्षण पर पहुँचीं। लेकिन इस दौरे की चर्चा उनके निरीक्षण से ज्यादा उनके उस 'अंदाज' की हो रही है, जिसने पुलिसिया तामझाम की दीवार को ढहा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे एक महिला एसपी ने वीवीआईपी कल्चर को दरकिनार कर अपने जवानों के साथ जमीन पर खड़े होकर 'गार्ड ऑफ ऑनर' स्वीकार किया। आमतौर पर जब भी कोई बड़ा पुलिस अधिकारी थाने के दौरे पर आता है, तो उसके स्वागत के लिए रेड कारपेट बिछाया जाता है। सलामी लेने के लिए एक विशेष लकड़ी की चौकी रखी जाती है, जिस पर खड़े होकर अधिकारी जवानों की सलामी लेते हैं। क्या हुआ अलगः एसपी पीडी नित्या जैसे ही अपने सरकारी वाहन से उतरीं, उन्होंने बिछाए गए कारपेट पर चलने के बजाय कच्ची जमीन से होकर सलामी स्थल तक पहुंचना बेहतर समझा। पैर से सरकाई परंपराः सलामी स्थल पर उनके लिए लकड़ी की चौकी रखी गई थी। लेकिन नित्या ने उसे अपने पैर से एक तरफ सरका दिया और नीचे जमीन पर ही जवानों के बिल्कुल बराबर खड़े होकर सलामी ली।

# बाइक पर झुमते हुए आई नशेड़ी लड़की : सरेआम गाली-गलौज की और फिर दुकानदार को घोंपा चाकू, नजारा देख सहम गए लोग

सिरोही, 28 मार्च (एजेंसियां)। बडगांव पंचायत स्थित काम्बेश्वर कॉलोनी क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जब शराब के नशे में धुत एक लड़की ने न केवल जमकर हंगामा किया, बल्कि एक निर्दोष दुकानदार पर जानलेवा हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया।

लड़की की इस उग्रता को देखकर आसपास के लोग सहम गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवती को हिरासत में ले लिया है।

एक लड़की मोटरसाइकिल पर सवार होकर काम्बेश्वर कॉलोनी की एक किराने की दुकान पर पहुंची।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि लड़की की स्थिति सामान्य नहीं थी और वह अत्यधिक नशे की हालत में थी। दुकान पर पहुंचते ही उसने बिना किसी ठोस कारण के दुकानदार के साथ अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी।

दुकानदार ने जब उसे शांत होने और वहां से जाने को कहा, तो लड़की आक्रोशित हो उठी। आवेश में आकर उसने अपने पास छिपाकर रखा सब्जी काटने वाला चाकू निकाला और अचानक दुकानदार पर वार कर दिया। इस हमले में दुकानदार घायल हो गया, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई।स्थानीय लोगों और महिलाओं ने दिखाया साहस

अचानक हुए इस हमले से बाजार में हड़कंप मच गया। लड़की की आक्रामकता को देखते हुए एक बार तो लोग पीछे हट गए, लेकिन स्थिति बिगड़ती देख आसपास मौजूद साहसी महिलाओं और स्थानीय युवकों ने घेराबंदी की।

काफी मशक्कत के बाद लोगों ने लड़की के हाथ से चाकू छीना और उसे काबू में किया। इस दौरान वहां भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों में इस घटना को लेकर गहरा रोष देखा गया।

घटना की सूचना मिलते ही शिवगंज थानाधिकारी बाबूलाल राणा पुलिस जाब्ते के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लड़की को भीड़ से छुड़ाकर अपनी हिरासत में लिया।

# सगे जीजा की बेरहमी से हत्या
## कुल्हाड़ी से सिर, हाथ और जांघ पर किया वार, जमीन को लेकर था झगड़ा

बाड़मेर, 28 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के बाड़मेर जिले में तीन साल पहले खेत विवाद को लेकर हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या-2 के न्यायाधीश पियूष चौधरी ने चारों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई। साथ ही, प्रत्येक दोषी पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अपर लोक अभियोजक मोहनलाल पूनड़ ने बताया कि यह रंजिश गांव तामलियार स्थित एक संयुक्त खेत के मालिकाना हक को लेकर शुरू हुई थी।

न्यायालय ने करीब 3 साल और 8 महीने तक चली लंबी सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। सजा सुनाते समय अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए 20 गवाहों के बयान, 7 महत्वपूर्ण आर्टिकल्स और 56 दस्तावेजों को मुख्य आधार बनाया। साक्ष्यों की मजबूती और अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायाधीश ने चारों आरोपियों को हत्या का दोषी माना।

## केमिकल से भरा टैंकर पलटा
### दो घंटे बाद आग पर पाया गया काबू

दौसा, 28 मार्च (एजेंसियां)। दौसा जिले में जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक केमिकल से भरा टैंकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर में आग लग गई, जिससे हाइवे और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। हादसा महवा उपखंड के मौजपुर गांव के पास करीब 2 बजे हुआ। यह बालाहेड़ी थाना से मात्र 50 मीटर की दूरी पर था। टैंकर पलटने और आग लगने की सूचना मिलते ही बालाहेड़ी और महवा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से सड़क के दोनों ओर से मार्ग बंद कर दिया और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाईं।

# रेलवे ट्रैक पर रील बनाना पड़ा भारी, भाई-बहन गिरफ्तार

सवाई माधोपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)। सवाई माधोपुर में सोशल मीडिया पर एक वायरल रील के बाद रेलवे सुरक्षा से जुड़ा मामला सामने आया है। मलारना रेलवे स्टेशन के पास बनास नदी के रेलवे पुल पर एक भाई-बहन द्वारा रेलवे ट्रैक पर रील बनाते हुए वीडियो सामने आने के बाद रेल सुरक्षा बल ने इसे गंभीरता से लिया। रेल सुरक्षा बल सवाई माधोपुर ने मामले की जांच कर वीडियो में दिख रहे दोनों लोगों की पहचान पीलवा गांव निवासी दिलखुश मीणा और संजू मीणा के रूप में की। जांच पूरी होने के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 147 के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। रेल सुरक्षा बल ने स्पष्ट किया कि रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश, रेलवे ट्रैक पार करना या पुलों पर खड़े होकर फोटो-वीडियो बनाना कानूनन अपराध है। इस तरह की गतिविधियां न केवल नियमों का उल्लंघन करती हैं, बल्कि संबंधित व्यक्ति और अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं। रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों और आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे रेलवे ट्रैक, पुलों और अन्य प्रतिबंधित स्थानों से दूर रहें और नियमों का पालन करें।

# देश में शांति एवं सुरक्षा के मामले में अग्रणी है तेलंगाना पुलिस : मंत्री पोन्नम

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य में शांति और सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत व्यवस्थित रूप से चल रही है और धार्मिक माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण है, यह जानकारी राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने विधानसभा में दी। 2026-27 वित्तीय वर्ष के गृह विभाग बजट मांगों पर चर्चा के दौरान उन्होंने राज्य पुलिस की समग्र कार्यप्रणाली को विस्तार से प्रस्तुत किया।

मंत्री ने बताया कि श्रीराम नवमी, हनुमान जयंती, बोनालु, गणेश विसर्जन, रमज़ान, मोहर्रम जैसी प्रमुख उत्सवों के साथ-साथ मेडारम जातरा को भी सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उन्होंने बताया कि बाढ़ के दौरान पुलिस ने अपनी जान जोखिम में डालकर हजारों लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की। उन्होंने यह भी बताया कि भारी संख्या में माओवादी तत्व पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर चुके हैं, जिनमें देव जी, मल्ला राजीरैड्डी जैसे प्रमुख नेता भी शामिल हैं। आत्मसमर्पित माओवादी अन्य राज्यों से भी आए थे। मंत्री ने कहा कि यह स्थिति राज्य में बदलती परिस्थितियों का प्रतिबिंब है। राजधानी के विस्तार के मद्देनजर 'फ्यूचर सिटी कमिशनरेट' की स्थापना की गई है। साइबर अपराध पीड़ितों के लिए 'सी- मित्रा' वर्चुअल हेल्प डेस्क और महिलाओं की सुरक्षा के ऐप जैसी अभिनव तकनीकें लागू की गई हैं।

उन्होंने उल्लेख किया कि मिस वर्ल्ड कार्यक्रम, ग्लोबल समिट और मेसी के साथ फुटबॉल मैच जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की घटनाओं में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए विकसित वेरी फास्ट ऐप को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली, और शामीर पेट पुलिस स्टेशन देश में सातवें सबसे उत्कृष्ट स्टेशन के रूप में मान्यता प्राप्त हुआ। पुलिस कर्मचारियों ने बच्चों के लिए 'यंग इंडिया पुलिस स्कूल' शुरू किया है और 30,000 कर्मचारियों को ग्रेजुएट स्तर तक शिक्षित करने के लिए अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी के साथ समझौता किया गया है। उन्होंने कहा कि जेल विभाग में मिशन परिवर्तनके तहत कैदियों के सुधार पर जोर दिया गया है। 22 मार्च को सिद्दिपेट में नया जिला जेल खोला गया। कैदियों में मादक द्रव्य की लत खत्म करने के लिए निवृत्ति केंद्र और पढ़ने वाले कैदियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कक्षाएं शुरू की गई हैं।

# तेलंगाना ने ईंधन और एलपीजी आपूर्ति चुनौतियों को सफलतापूर्वक सुलझाया : उत्तम कुमार रेड्डी



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नागरिक आपूर्ति और सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने पुष्टि की कि तेलंगाना राज्य ने पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की आपूर्ति से जुड़ी हाल की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से सुलझा लिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक में वर्चुअल रूप से भाग लेते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की अल्पकालिक हो-हल्ला खरीद ने आपूर्ति में अस्थायी कठिनाइयां पैदा की थीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति "लगभग नियंत्रण में" है और कई क्षेत्रों में आपूर्ति मांग के अनुरूप है। उन्होंने कहा, मैं वर्तमान स्थिति पर करीबी नजर रख रहा हूं।

हमारे शहरों में जो भी समस्याएं हैं, हम उन्हें हल करने का प्रयास करेंगे। संबंधित वितरण कंपनियों ने भी मुझे जानकारी दी है। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि यदि शहरों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार में कोई समस्या आती है, तो वे इसे मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के साथ उठाएंगे, जो नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास देख रहे हैं। तेलंगाना में व्यावहारिक स्थिति पर उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी की कमी थी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यदि केंद्र राज्य को एलोकेशन बढ़ाए तो यह समस्या जल्द हल हो सकती है। उत्तम कुमार रेड्डी ने कुछ खरीद संबंधी मुद्दों को भी अलग से केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ उठाने का उल्लेख किया। मार्च के मध्य में पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनावों से जुड़ी अफवाहों के जवाब में, राज्य सरकार ने कई समीक्षा और काले बाज़ारी पर कार्रवाई की। घरेलू एलपीजी (जो खपत का मुख्य हिस्सा है) अधिकांशतः स्थिर रहा, जबकि वाणिज्यिक एलपीजी में कमी देखी गई। केंद्र द्वारा आयोजित तैयारी बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि नागरिक सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहें और शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो।

राज्य का सीजीडी ऑपरेटर, भाग्यनगर गैस, हैदराबाद में सीएनजी बुनियादी ढांचे का विस्तार जारी रखता है, जहां दर्जनों स्टेशन ऑटो-रिक्शा, टैक्सी और निजी वाहनों की सेवा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर (आवास एवं शहरी मामले), हरदीप सिंह पुरी (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस), और प्रहलाद जोशी (नवीकरणीय ऊर्जा) बैठक में शामिल रहे। जीएचएमसी के प्रतिनिधि सहित देश भर के 14 नगर निकायों के प्रतिनिधियों को बैठक में आमंत्रित किया गया, ताकि उन्हें प्राकृतिक गैस के महत्व और नेटवर्क विस्तार के प्रति संवेदनशील किया जा सके।

# सुल्तान बाजार में ग्रीष्मकालीन जल शिविर का शुभारंभ




## आठवें वर्ष भी जारी जनसेवा

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भीषण गर्मी को देखते हुए सुल्तान बाजार क्षेत्र में आज ग्रीष्मकालीन जल शिविर (प्याऊ) का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह सेवा 'हैप्पी क्लब फाउंडेशन' और 'महावीर इंटरनेशनल' द्वारा लगातार आठवें वर्ष आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को निशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराना है।

उद्घाटन समारोह में गनफाउंड्री डिवीजन की कॉर्पोरेटर सुरेका अक्का ने विशेष रूप से भाग लिया और इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। 'हैप्पी क्लब फाउंडेशन' के अध्यक्ष डॉ. सीए मधुसूदन अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अरविंद नाहर के नेतृत्व में संस्था के सदस्य रवि अग्रवाल, प्रीतेश जैन, सत्यनारायण शर्मा और अनुप जैन सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। वहीं 'महावीर इंटरनेशनल' की ओर से अध्यक्ष विनोद संचेती, जोन चेयरमैन शील कुमार जैन तथा सदस्य अनिल बोहरा, केसी जैन, अजय नाहटा और सीमा जैन ने कार्यक्रम में भाग लिया आयोजकों ने बताया कि यह जल शिविर पूरे ग्रीष्मकाल के दौरान संचालित रहेगा, जिससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।



**धम्माईगुडा स्थित श्री वैष्णव धाम राम मंदिर में समाज बन्धुओं द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर आयोजित श्रीराम-सीता कल्याण महोत्सव पुजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष विष्णु रामावत, सम्पत दास वैष्णव, भंवरलाल अग्रावत, प्रकाश दिवाकर व समाज बन्धु।**

# परशुराम मंदिर में रामनवमी का आयोजन



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जगतगिरीगुट्टा स्थित परशुराम मंदिर परिसर में रामनवमी पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सनातन बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम में भजन संध्या एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं, माताओं एवं बहनों ने भाग लिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में सनातन सेवा संघ के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सौरभ सिंह, सुनील सिंह, मुकेश सिंह, मोहन सिंह, पंकज सिंह, अविनाश कुमार, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, प्रकाश चौधरी, अमर सिंह, विपिन जी, कांशीराम ठाकुर, रवि राजू, एवं राम गोपाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला सचिव गिरवरधन रेड्डी उपस्थित रहे।

## सीरवी समाज शमसाबाद बडेर में नवरात्रि पर कार्यक्रम सम्पन्न

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज शमसाबाद बडेर में नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या पूजन और हवन की पूर्ण आहुति का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पूर्ण आहुति हवन में अध्यक्ष आसाराम गेहलोत, सचिव- भोलाराम पंवार, पूर्व सचिव भूराराम परिहार, कोषाध्यक्ष- राजूराम परिहार- सन्तोष देवी, सलाहकार- हरिराम परिहारिया, नर्मदा देवी विशेष रूप से उपस्थित थे। हवन पूर्ण आहुति के बाद माता जी एवं बाबा रामदेव जी आरती के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी कन्याओं को भोजन प्रसाद करवाया, समाज पदाधिकारी गण व बन्धुओं द्वारा दान दक्षिणा दे कर कार्यक्रम को पूर्ण किया।

## कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया

मदनूर, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर आशीष सांगवान ने शनिवार के दिन मदनूर मंडल के जिला परिषद हाई स्कूल में स्थापित 10 कक्षा की परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और शिक्षा विभाग के अधिकारी राजू से परीक्षा देने वाले छात्रों की उपस्थिति दर और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित चिकित्सा शिविर का भी निरीक्षण किया और कहा कि छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए चिकित्सा कर्मचारी और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। कलेक्टर के साथ संबंधित अधिकारी और अन्य लोग भी मौजूद थे।

## समारोह में खाना खाने के बाद 41 लोग बीमार

मेदक, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नरसपुर कस्बे के एक समारोह हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भोजन करने के बाद कम से कम 41 लोग बीमार पड़ गए। इनमें अधिकांश लोग कार्यक्रम में शामिल हुए करीबी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। खाना खाने के तुरंत बाद लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी, जिसके चलते फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। सभी प्रभावित लोगों को तुरंत नरसपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में चार बच्चों की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए संगारेड्डी के सरकारी जनरल अस्पताल में रेफर किया गया है।

## जीएम ने लिंगमपल्ली और रामचंद्रपुरम स्टेशनों का अवलोकन किया



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को सिकंदराबाद डिवीजन के तहत लिंगमपल्ली और रामचंद्रपुरम रेलवे स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। डॉ.आर. गोपालकृष्णन, डिवीजनल रेलवे मैनेजर, सिकंदराबाद डिवीजन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, जीएम ने लिंगमपल्ली में यात्रियों की सुविधाओं का निरीक्षण किया, जिसमें प्रतीक्षालय, टिकटिंग सिस्टम, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म और कुल सफाई शामिल हैं। उन्होंने ट्रैक की स्थिति, रखरखाव सुविधाओं और संचालन दक्षता का भी मूल्यांकन किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों ने उन्हें स्टेशन के चल रहे और प्रस्तावित विस्तार योजनाओं के बारे में ब्रीफ किया। बाद में, रामचंद्रपुरम स्टेशन पर श्रीवास्तव ने यात्रियों की सुविधाओं का आकलन किया और भविष्य के विकास पहलों पर चर्चा की। उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की और ज़ोन में बुनियादी ढांचा और सेवा सुधारों पर प्रकाश डाला।

## ड्राइविंग स्कूलों के लिए 'सारथी' पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ड्राइवर प्रशिक्षण और लाइसेंसिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए परिवहन विभाग ने नया नियम लागू किया है, जिसके तहत सभी ड्राइविंग स्कूलों को सरकार के 'सारथी' पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कदम सेवाओं के डिजिटलीकरण और प्रणाली में व्याप्त अनियमितताओं को समाप्त करने के उद्देश्य से उठाया गया है। विभाग ने 'वाहन' पोर्टल को भी सक्रिय कर दिया है और ड्राइविंग स्कूलों को सारथी प्लेटफॉर्म से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है, जिससे लर्नर लाइसेंस से लेकर स्थायी लाइसेंस तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और स्लॉट आधारित हो सकेगी।

यह निर्णय शहर में अनधिकृत ड्राइविंग स्कूलों के संचालन को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद लिया गया है। अनुमान है कि करीब 350 ड्राइविंग स्कूलों में से आधे से अधिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कई स्कूलों में योग्य प्रशिक्षकों की कमी है और वे अनिवार्य 25 घंटे का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी सही तरीके से नहीं दे रहे हैं। अधिकारियों ने पाया कि कुछ संस्थान केवल 7 से 10 दिनों में प्रशिक्षण पूरा कर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और 8,000 से 12,000 रुपये तक की फीस वसूल रहे हैं। कुछ मामलों में बिना उचित प्रशिक्षण के लाइसेंस दिलाने के दावे भी किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद केवल वही ड्राइविंग स्कूल संचालित हो सकेंगे जो निर्धारित मानकों को पूरा करेंगे और सारथी पोर्टल पर पंजीकृत होंगे।

**वाहन पोर्टल:** यह वाहन संबंधी सेवाओं का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसमें वाहन पंजीकरण, स्वामित्व विवरण, कर और परमिट से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं।

**सारथी पोर्टल:** यह ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित सेवाओं के लिए है, जिसमें लर्नर लाइसेंस आवेदन, ड्राइविंग लाइसेंस जारी/नवीनीकरण और टेस्ट स्लॉट बुकिंग जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

**परिवहन पोर्टल:** यह एक एकीकृत प्लेटफॉर्म है, जहां वाहन और सारथी दोनों सेवाओं तक एक ही स्थान से पहुंच, ऑनलाइन आवेदन, शुल्क भुगतान और आवेदन की स्थिति ट्रैक की जा सकती है।

## हयातनगर झील में डूबने से किशोर की मौत

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके में स्थित हयातनगर झील में शुक्रवार शाम एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हयातनगर निवासी 16 वर्षीय बाचीगल्ला अभिलाष अपने दोस्तों के साथ झील में तैरने गया था। इस दौरान वह पानी में उतर गया, लेकिन उसे तैरना नहीं आता था और वह डूब गया। हयातनगर के सब-इंस्पेक्टर ए. कृष्णा ने बताया कि घटना के बाद कुशल तैराकों की मदद से किशोर के शव को झील से बाहर निकाला गया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हिंदू 2 हिंदू बिज़नेस नेटवर्किंग आयोजित




हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। विशाखापट्टनम के सनातनी हिंदू व्यवसायियों के लिए एक महा बिज़नेस दिवस आयोजित किया गया। आईटीएस वेलकम ग्रैंड बे होटल में आयोजित इस बैठक में लगभग 100 शीर्ष व्यवसायियों ने भाग लिया। यह बैठक विशाखापट्टनम के हिंदू व्यवसायियों की सहायता एवं उन्नति के लिए तथा उन्हें भाग्यनगर से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक के सम्मानित अतिथि उद्योगपति गोपाल बलदवा और मंगल रियल्टर्स के कमलदीप रहे।

प्रगति की अध्यक्ष निर्मला वोम्मी के साथ-साथ हेड टेबल के अन्य सदस्यों डॉ. राधिका, सीए वेंकटेश नेदम्पल्ली, सुधीर चौधरी और एम. श्रीकांत ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

स्वाति ने कार्यक्रम का संचालन किया। यह बैठक एच2एच के संस्थापक गीतेश काटे के नेतृत्व में संपन्न हुई, जो टीम प्रगति को प्रेरित करने के लिए इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने स्कूल का निरीक्षण किया



मदनूर, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता) जिला कलेक्टर आशीष सांगवान ने मदनूर मंडल के बाहरी इलाके में लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में बन रहे यंग इंडिया इंटीग्रेटेड स्कूल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने स्वयं कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों के साथ आधारभूत निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य को शीघ्रता से जारी रखने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय का निर्माण इस प्रकार किया जाना चाहिए कि विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त सर्वोत्तम शैक्षिक वातावरण प्राप्त हो सके। निर्माण कार्य निर्धारित समय के भीतर बिना किसी कमी के पूरा किया जाए। कलेक्टर के साथ-साथ, ईई सामाजिक कल्याण अधिकारी अशोक, डीईओ राजू, मंडल विशेष अधिकारी मोहन, एमआरओ मुजीप, एमपीडीओ रानी, अधिकारी और स्थानिक सरपंच ऊषा संतोष कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष अल्ले मलिकार्जुन ठेकेदार भी उनके साथ शामिल हुए।

## मेनका गांधी ने पशु एम्बुलेंस का किया शुभारंभ, दान योजना शुरू




हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (जीएचएसपीसीए) की मुख्य संरक्षक और पूर्व सांसद मेनका गांधी ने शनिवार को एक नई पशु एम्बुलेंस का शुभारंभ किया और दान योजना की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने बेगम बाजार में बन रहे बहु-विशेषता पशु अस्पताल और आश्रय स्थल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और कहा कि लंबे समय से रुके ये कार्य जल्द पूरे किए जाएंगे। इस अवसर पर जैन गुरु पार्श्वायश मरशब भी उपस्थित रहे।

महावीर जयंती के मौके पर जीएचएसपीसीए द्वारा नामपल्ली के प्रदर्शनी मैदान और सिकंदराबाद के इंपीरियल गार्डन में जागरूकता स्टॉल लगाए जा रहे हैं। संस्था ने नागरिकों से अपने जागरूकता और दान अभियान में भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम में जीएचएसपीसीए की टीम के कई सदस्य भी मौजूद रहे, जिनमें महीप जैन, दिनेश आंचलिया, सुरेंद्र भंडारी, डी. जोशी, मनोज जैन, योगेश गोसर, हितेन शाह, दीपक विजयवर्गी, सौधर्म भंडारी, सिद्धम भंडारी, अक्षय बलदोटा, हरिनी राव, पार्थ शाह, तकी अली, सुमीत जैन, शुभम जैन, भक्ति, सोनल, आद्या, जसमत पटेल, अजय सुराणा, अजय और रघुवीर सहित अन्य शामिल थे।

**दक्षिण मध्य रेलवे**
@SCRailwayIndia पर फॉलो करें
www.scr.indianrailways.gov.in

**निविदा सूचना सं.26, 31, 33 से 37_ डीआरएम_डब्ल्यू_एचवायबी_26, दि.24-03-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, सिकन्दराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से दि.20-04-2026 के 15.00 बजे तक खुली निविदाएं आमंत्रित है।

**निविदा संख्याः 26**_ डीआरएम_डब्ल्यू_ एचवायबी _26 कार्य विवरणः सिकंदराबाद -ढोने सेक्शनः (1) एडीइएन/केसीजी सेक्शन के तहत प्रस्तावित सुरक्षा संबंधित ट्रैक रखरखाव कार्य। (2) एडीइएन/केसीजी सेक्शन के तहत प्रस्तावित छिटपुट ट्रैक कार्य। (3) उमदानगरः बीडीवीएल छोर की तरफ मौजूदा क्रास ओवर नं. 18 की शिफ्टिंग या स्थानान्तरण तथा जेकेटीपी छोर की तरफ अतिरिक्त क्रास ओवर का प्रावधान।
अनुमानित मूल्य रु.2,71,51,438.00 अग्रधन रु.5,43,100.00

**निविदा संख्याः 31**_ डीआरएम_डब्ल्यू_ एचवायबी _26 कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः एलजीडी & एमजेएफ के बीच 04 स्टैबलिन्ग लाइन्स का प्रावधान के स्थान पर एसएसइ/डब्ल्यू/एनएलजीडी क्षेत्राधिकार के तहत उत्तर लालागुडा पर मौजूदा ढांचों या स्ट्रक्चर्स को हटाना तथा स्टाफ क्वार्टर्स में मरम्मत कार्य।
अनुमानित मूल्य रु.1,53,96,466.00 अग्रधन रु.3,08,000.00

**निविदा संख्याः 33**_ डीआरएम_डब्ल्यू_ एचवायबी _26 कार्य विवरणः एससी-एमयुइ सेक्शनः मसाइपेट यार्डः तत्संबंधित मसाइपेट यार्ड पर अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान।
अनुमानित मूल्य रु.1,17,14,044.00 अग्रधन रु.2,34,00.00

**निविदा संख्याः 34**_ डीआरएम_डब्ल्यू_ एचवायबी _26 कार्य विवरणः एचवायबी डिवीजनः लालागुडा गेट हाल्टः लालागुडा हाल्ट स्टेशन पर स्टैबलिन्ग लाइन्स का प्रावधान कार्य सहित एलजीडीएच पर मौजूदा आरयुबी पुल सं. 758ए का प्रस्तावित विस्तार (पीएससी स्लैब्स सहित) कार्य।
अनुमानित मूल्य रु.5,05,85,425.00 अग्रधन रु. 10,11,800.00

**निविदा संख्याः 35**_ डीआरएम_डब्ल्यू_ एचवायबी _26 कार्य विवरणः एससी-एमयुइ सेक्शनः एलजीडीएचः लालागुडा हाल्ट स्टेशन पर 04 स्टैबलिन्ग लाइनों को बिछाने का प्रावधान।
अनुमानित मूल्य रु.9,97,79,855.00 अग्रधन रु. 19,95,600.00

**निविदा संख्याः 36**_ डीआरएम_डब्ल्यू_ एचवायबी _26 कार्य विवरणः सी & डब्ल्यू स्टाफ हेतु प्रस्तावित अवसंरचना या इनफ्रास्ट्रक्चर तथा लालागुडा पर आपरेटिन्ग स्टोर व्यवस्था एवम् रिटेनिन्ग वाल का प्रावधान।
अनुमानित मूल्य रु. 8,45,34,384.00 अग्रधन रु. 16,90,700.00

**निविदा संख्याः 37**_ डीआरएम_डब्ल्यू_ एचवायबी _26 कार्य विवरणः एचवायबी डिवीजनः लालागुडा गेट हाल्टः लालागुडा हाल्ट स्टेशन पर स्टेबलिन्ग लाइन्स का प्रावधान कार्य सहित तत्संबंधित एलजीडीएच रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित एफओबी का विस्तार कार्य।
अनुमानित मूल्य रु. 3,26,14,866.00 अग्रधन रु. 6,52,300.00

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।
**विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य/हैदराबाद**

PUB/2181/26

**निविदा सं. जीटीएल-इएम-84-2025-26, दि.24-03-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुन्टकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित है।

**निविदा सं. जीटीएल-इएम-84**-2025-26, कार्य विवरणः गुन्टकल डिवीजनः 1.मंत्रालयम रोड--डीइएन /उत्तर /जीटीएल क्षेत्राधिकार में एमएएलएम स्टेशन पर 12 एम एफओबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। 2. ढोने- एसआर.डीइएन /मध्य /जीटीएल क्षेत्राधिकार में डीएचएनइ स्टेशन पर 12 एम एफओबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। 3. धर्मावरम- डीइएन /पश्चिम /जीटीएल क्षेत्राधिकार में डीएमएम स्टेशन पर 12 एम एफओबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। 4. ताडिपत्री-एसआर.डीइएन /सेन्ट्रल/जीटीएल क्षेत्राधिकार में टीयु स्टेशन पर 12 एम एफओबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। 5. राजमपेटा- एसआर.डीइएन /दक्षिण/जीटीएल क्षेत्राधिकार में आरजेपी स्टेशन पर 6 एम एफओबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं।
अनुमानित मूल्य रु.1,62,26,586.91

**बंद करने की तिथि व समयः 15-04-2026 के 15.00 बजे**

निविदा की बोली लगाने या टेन्डर बिड्डिंग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in देखें। निविदा का शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदाकार, निविदा दस्तावेज को http://www.ireps.gov.in से मुफ्त में डाउनलोड कर सकते हैं।

टिप्पणीः इस ई-निविदा में सहभागिता/बोली लगाने हेतु निविदाकार के पास वैध डीएससी (डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुन्टकल**

PUB/2182/26

**खुली ई-निविदा सूचना सं. सी/ई.29/इलेक/ जीएस/एससी/7/ डब्ल्यूएस/ओटी/2025-26, दि.23-03-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.14-04-2026 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है।

**क्रम संख्याः 1,** ई-निविदा सं. सी/ई.29/इलेक/जीएस/एससी/7/डब्ल्यूएस/ओटी /2025-26, ईटेन्डर नं. सी-इ-जीएस-एससी-7-ओटी-2025-26, कार्य विवरणः जीएसयु/एससीः (।) चर्लापल्ली-इंसपेक्शन हेतु ट्रिप मेनटेनेन्स/ एडवांस इंसपेक्शन सेन्टर के सृजन का प्रावधान तथा सीएचजेड पर इलेक्ट्रिक लोकोज की रखरखाव गतिविधि-बिजली व्यवस्थाएं। (॥) सनतनगरः इंसपेक्शन हेतु ट्रिप मेनटेनेन्स/ एडवांस इंसपेक्शन सेन्टर के सृजन का प्रावधान तथा इलेक्ट्रिक लोकोज की रखरखाव गतिविधि-बिजली व्यवस्थाएं।
निविदा मूल्य रु.12716171.09 अग्रधन रु.213600.00 सीटीएफ रु. शून्य कार्य पूरा करने की अवधिः 9 महिने

1 आईआरइपीएस **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजो में निविदा शर्ते/अन्य कार्य विवरण उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है, जिसमें भाग लिया जा सकता है तथा यदि कोई परिवर्तन हो तो उसे देख सकते है।

2 इस निविदा सूचना को, डीवाय. सीईई (गति शक्ति) कार्यालय, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, सिकंदराबाद स्थित नोटिस बोर्ड पर भी दर्शाया गया है, जिसे किसीभी कार्यालयीन दिनों में देख सकते है।

3 रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

**उप मुख्य बिजली अभियंता/(गति शक्ति)/सिकंदराबाद**

A2758 PUB/2183/26

**निविदा नियम शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजो की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrail-ways.gov.in देखें।**

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com






# कौन सी टीम जीत सकती है आईपीएल

## कोलकाता के 4 पेसर्स इंजर्ड, मुंबई खिताब की दावेदार

मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल का 19वां सीजन आज से शुरू हो रहा है। हैदराबाद और बेंगलुरु के बीच ओपनिंग मैच होगा। आरसीबी डिफेंडिंग चैंपियन है, वहीं एसआरएच ने 10 साल पहले बेंगलुरु को फाइनल हराकर ही टाइटल जीता था। 2008 में शुरू हुए टूर्नामेंट को 7 टीमें जीत चुकी हैं, वहीं पंजाब, दिल्ली और लखनऊ को पहले टाइटल का इंतजार है।

इस बार इंजर्ड पेसर्स ने 2024 की चैंपियन कोलकाता की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं 5 बार की विजेता मुंबई इंडियंस खिताब की दावेदार नजर आ रही है। आईपीएल टीम एनालिसिस स्टोरी के पार्ट-2 में मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइटराइडर्स, गुजरात टाइटंस, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स की डिटेल्स...




**मुंबई इंडियंस**

***4 वर्ल्ड कप विनिंग प्लेयर शामिल, स्पिनर्स में अनुभव की कमी***

कप्तान- हार्दिक पंड्या ने मुंबई से पहले गुजरात की कप्तानी की। इतना ही नहीं, 2022 के पहले ही सीजन में टीम को चैंपियन भी बनाया। अगले सीजन टीम रनर-अप भी रही। 2024 में हार्दिक फिर मुंबई में शामिल हुए और कप्तान भी बना दिए गए। तब टीम 10वें नंबर पर रही, लेकिन पिछले सीजन 8 मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बना ली। मुंबई ने एलिमिनेटर जरूर जीता, लेकिन क्वालिफायर-2 में पंजाब से हार मिली। हार्दिक ने तब 224 रन बनाने के साथ 14 विकेट भी लिए। वे 60 IPL मैचों में कप्तानी कर चुके हैं, 35 में टीम को जीत और 25 में हार मिली।

टीम कॉम्बिनेशन -सभी प्लेयर्स फिट हैं, लेकिन दीपक चाहर और जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेज करना पड़ सकता है। चाहर पिछले सीजन इंजरी के कारण ही सभी मैच नहीं खेल सके थे। उनके बैकअप के लिए टीम में शार्दूल ठाकुर मौजूद हैं।

पॉसिबल स्टार्टिंग-12ः रोहित शर्मा, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नमन धीर, हार्दिक पंड्या (कप्तान), शेरफन रदरफोर्ड, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर/मिचेल सैंटनर, मयंक मारकंडे, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट।

प्लेयर परफॉर्मेंस -जनवरी 2023 के बाद टॉप ऑर्डर ने 149.85 के स्ट्राइक रेट और 31.78 के औसत से रन बनाए। मिडिल ऑर्डर ने 149.08 के स्ट्राइक रेट और 31.98 के औसत से स्कोरिंग की। स्पिनर्स ने 7.88 की इकोनॉमी से 154 विकेट लिए। वहीं पेसर्स के नाम 7.73 की इकोनॉमी से 264 विकेट हैं।

पॉसिबल गेम प्लान - हर डिपार्टमेंट में स्ट्रॉन्ग मुंबई के पास बैटिंग और बॉलिंग दोनों के दम पर मैच जीतने की ताकत है। टीम अपने होमग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में 225 प्लस रन बनाकर जीतने पर फोकस करेगी। मुंबई के नाम IPL में सबसे ज्यादा 200 प्लस रन चेज करने का रिकॉर्ड भी है।

**एक्सपर्ट ओपिनियन**

पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा कि रोहित को इम्पैक्ट प्लेयर की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उनके फील्ड पर होने से कप्तान को फैसले लेने में आसानी ही होगी। वहीं रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को कप्तानी करनी चाहिए। उनका वर्ल्ड कप एक्सपीरियंस मुंबई के काम आएगा।

फाइनल वर्डिक्टः चैंपियन बन सकते हैं।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

***3 तेज गेंदबाज इंजर्ड, 1 बाहर, टूर्नामेंट के बेस्ट स्पिनर्स शामिल***

कप्तान - अजिंक्य रहाणे ने 2017 में पहली बार आईपीएल टीम की कप्तानी की थी। तब से वे 38 मैचों में कप्तानी कर चुके हैं। 14 में टीम को जीत और 23 में हार मिली। पिछले साल केकेआर की कप्तानी संभाली, लेकिन टीम 7 मैच हारकर 8वें नंबर पर रही। रहाणे ने जरूर 147.73 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए, लेकिन टीम प्लेइंग कॉम्बिनेशन में कन्फ्यूज नजर आई।

टीम कॉम्बिनेशन -हर्षित राणा और आकाशदीप इंजरी के कारण बाहर हो गए, वहीं बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान राजनीतिक विवाद के कारण आईपीएल नहीं खेल पाएंगे। श्रीलंका के मथीश पथिराना भी पूरी तरह फिट नहीं हैं। 4 अहम पेसर्स की गैरमौजूदगी में टीम की बॉलिंग कमजोर हो गई। केकेआर में ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी और सौरभ दुबे की एंट्री हुई, लेकिन तीनों का आईपीएल अनुभव बहुत कम है।

पॉसिबल स्टार्टिंग-12ः अजिंक्य रहाणे (कप्तान), फिन एलन (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, सनील नरेन, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, उमरान मलिक, ब्लेसिंग मुजरबानी।

प्लेयर परफॉर्मेंस - टॉप ऑर्डर ने 163.99 के स्ट्राइक रेट और 36.26 के औसत से रन बनाए। मिडिल ऑर्डर ने 150.88 के स्ट्राइक रेट और 29.08 के औसत से स्कोरिंग की। स्पिनर्स ने 7.29 की इकोनॉमी से 285 विकेट लिए। पेसर्स के नाम 8.63 की इकोनॉमी से 170 विकेट रहे।

पॉसिबल गेम प्लान - केकेआर में 1 से 8 नंबर पर तक विस्फोटक बैटर्स हैं। गेंदबाजों की कमी के बाद टीम अब बैटिंग के दम पर ही मैच जीतने पर ध्यान देगी। स्क्वॉड में न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम साइफर्ट जैसे विस्फोटक ओपनर्स हैं, जो टीम को पावरप्ले में ही 80-90 के पार पहुंचा सकते हैं।

एक्सपर्ट ओपिनियन

पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा, कप्तान रहाणे पिछले सीजन प्रेशर में नजर आए। रिंकू सिंह को कप्तानी देने का सही समय आ चुका है। आंद्रे रसेल ने संन्यास ले लिया, टीम ने उनकी जगह कैमरन ग्रीन को जरूर खरीदा, लेकिन वे रसेल के मुकाबले बेहद कमजोर टी-20 प्लेयर हैं।

फाइनल वर्डिक्टः बॉटम-4 में फिनिश के चांस है।

# धोनी 2 हफ्ते आईपील से बाहर रह सकते हैं

## मांसपेशियों में खिंचाव, सीएसके ने पोस्ट में जानकारी दी

चेन्नई, 29 मार्च (एजेंसियां)। एमएस धोनी आईपीएल 2026 के शुरुआती दो हफ्ते बाहर रह सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान इस समय मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिहैब से गुजर रहे हैं। सीएसके की ओर से एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्हें काफ स्ट्रेन, यानी पिंडली में खिंचाव है।

**3 मैचों से हो सकते हैं बाहर**

अगर धोनी पूरे 2 हफ्ते यानि 14 दिन तक बाहर रहते हैं तो वो कम से कम 3 मैच नहीं खेल पाएंगे। सीएसके का पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है। इसके बाद उसका अगला मैच 3 अप्रैल को चेन्नई में पंजाब किंग्स के खिलाफ है। टीम अपना तीसरा मैच 5 अप्रैल को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसके ही घर में खेलेगी, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। धोनी इन तीनों ही मैच से बाहर रह सकते हैं। उनकी वापसी 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में हो सकती है।



**44 साल के धोनी आईपीएल 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी**

धोनी फिलहाल 44 साल के हैं। वे आईपीएल 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। पिछले सीजन ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होने के बाद उन्हें बीच में ही चेन्नई की कप्तानी करनी पड़ी। उन्होंने टीम को 4 में से 3 मैचों में जीत दिलाई थी।

**आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच धोनी के नाम**

आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वे अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाए हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 154 कैच भी लपके हैं।

**आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान**

धोनी आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा 235 मैचों में कप्तानी की है। धोनी अपनी कप्तानी में टीम को 136 मैचों में जीत दिला चुके हैं, जबकि 97 में टीम को हार मिली। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को 2023 में आखिरी बार चैंपियन बनाया था। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 158 मैचों में कप्तानी की है और 87 मैच जीते हैं

**2023 में आईपीएल फाइनल के बाद हुई थी घुटने की सर्जरी**

धोनी ने आईपीएल 2023 के फाइनल के बाद 1 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में घुटने की सर्जरी कराई थी। धोनी का ऑपरेशन डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था।

**धोनी की रिटायरमेंट को लेकर 2023 से अटकलें**

धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से साल 2020 में संन्यास ले चुके हैं। उनके आईपीएल रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2026 धोनी का आखिरी साल होगा।

# बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े

## पांच दिनों से बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में थे



मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। खबरों के मुताबिक, वे टीम होटल पहुंचे। बुमराह रविवार को मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेल सकते हैं।

बुमराह पिछले पांच दिनों से बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में थे और अपने फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर काम कर रहे थे।

**टीम के दूसरे टॉप विकेट टेकर**

बुमराह ने 2013 में एमआई के लिए डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे अहम गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 148 मैचों में 186 विकेट लिए हैं। वे मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 की खिताबी जीत में बड़ी भूमिका निभाई है।

**पिछले सीजन शुरुआती 4 मैचों में नहीं खेले थे**

बुमराह पिछले सीजन में शुरुआती चार मैच नहीं खेल पाए थे। टीम उन मुकाबलों में से तीन हार गई थी। हालांकि मुंबई इंडियंस किसी तरह प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही, लेकिन टीम चौथे स्थान पर ही रह सकी।

**विल जैक्स और सैंटनर अब तक नहीं जुड़े**

एमआई टीम के विल जैक्स और मिचेल सैंटनर अभी तक स्क्वॉड से नहीं जुड़े हैं। दोनों खिलाड़ी 27 मार्च को हुए जरूरी प्रैक्टिस सेशन में भी नजर नहीं आए। हालांकि, उनकी अनुपस्थिति के पीछे इंटरनेशनल क्रिकेट शेड्यूल और आराम को वजह माना जा रहा है। खासकर सैंटनर हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी कर रहे थे और उन्हें सीरीज के बाद ब्रेक दिया गया था।

**हेड टु हेड में मुंबई का पलड़ा भारी**

मुंबई इंडियंस का कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रिकॉर्ड काफी मजबूत है। दोनों टीमों के बीच खेले गए 35 मुकाबलों में एमआई ने 24 मैच जीते हैं, जबकि केकेआर को 11 जीत मिली है।

# टीम इंडिया खेलेगी 20 वनडे मैच, विराट-रोहित के फैंस के लिए खुशखबरी

खेल डेस्क, 29 मार्च (एजेंसियां)। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के घरेलू सीजन का ऐलान कर दिया है और इसके साथ ही ये भी कंफर्म हो गया है कि भारतीय टीम अगले 10 महीने में 20 वनडे मैच खेलने वाली है जो कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के फैंस के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है. ये दोनों ही दिग्गज अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट खेलते हैं. विराट-रोहित ने टेस्ट, टी20 को अलविदा कह दिया है, ऐसे में 20 वनडे मैचों का कंफर्म होना इन दोनों के लिए वर्ल्ड कप 2027 से पहले पूरा माहौल बनाने के मौके की तरह है. आइए आपको बताते हैं कि अब वनडे कब, कहां और किसके खिलाफ 20 वनडे मैचों में नजर आएंगे.

**10 महीने, 6 वनडे सीरीज**

भारतीय टीम के धुरंधर विराट कोहली और रोहित शर्मा आईपीएल के ठीक बाद अफगानिस्तान के खिलाफ जून में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेंगे.




**पहला वनडे धर्मशाला में 14 जून को होगा.**

दूसरा वनडे लखनऊ में 17 जून को खेला जाएगा. तीसरा वनडे चेन्नई में 20 जून को होगा.

**भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज**

विराट कोहली और रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी दिखेंगे जिसका आगाज 14 जुलाई से होगा.

पहला वनडे बर्मिंघम में 14 जुलाई को होगा. दूसरा वनडे कार्डिफ में 16 जुलाई को खेला जाएगा. तीसरा वनडे लॉर्ड्स में 19 जुलाई को होगा.

**भारत-वेस्टइंडीज वनडे सीरीज**

वेस्टइंडीज से पहला वनडे 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में होगा.

30 सितंबर को गुवाहाटी में दूसरा वनडे मैच होगा. 3 अक्टूबर को न्यू चंडीगढ़ में तीसरा वनडे खेला जाएगा.

**भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज**

भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ नवंबर-दिसंबर में पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी. इस सीरीज के कार्यक्रम का ऐलान अबतक नहीं हुआ है.

**श्रीलंका-जिम्बाब्वे से कुल 6 वनडे**

13 दिसंबर को दिल्ली मे भारत-श्रीलंका के बीच पहला वनडे होगा. 16 दिसंबर को दूसरा वनडे बेंगलुरु में खेला जाएगा. 19 दिसंबर को तीसरा वनडे अहमदाबाद में होगा. जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला वनडे मैच 3 जनवरी को कोलकाता में होगा. जिम्बाब्वे से दूसरा वनडे हैदराबाद में 6 जनवरी को होगा.

जिम्बाब्वे के खिलाफ मुंबई में तीसरा वनडे 9 जनवरी को खेला जाएगा.

# बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण हो सकता है

## प्रसारण मंत्री बोले- देश में ब्रॉडकास्ट पर कोई रोक नहीं

ढाका, 29 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने आईपीएल 2026 के प्रसारण को लेकर अपने रुख में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि अब देश में आईपीएल के मैचों के प्रसारण की अनुमति दी जा सकती है।

दरअसल, इससे पहले प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। यह फैसला तब लिया गया था जब तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल टीम से बाहर किए जाने को लेकर विवाद हुआ था, जिससे देश में नाराजगी बढ़ गई थी।



**सरकार करेगी समीक्षा**

बांग्लादेश के नए सूचना एवं प्रसारण मंत्री जाहिर उद्दीन स्वपन ने कहा कि उनके देश (बांग्लादेश) में आईपीएल के प्रसारण पर कोई रोक नहीं है। इससे पहले, युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री अमीनुल हक ने क्रिकबज से बातचीत मे कहा था कि पिछली अंतरिम सरकार द्वारा आईपीएल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे।

**हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते**

डॉयचे वेले ने स्वपन के हवाले से कहा, आईपीएल का प्रसारण करने के लिए किसी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया। हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते। हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखेंगे, और अगर कोई चैनल IPL का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो हम उस पर पॉजिटिव रूप से विचार करेंगे।

**बीसीसीआई ने रहमान को आईपीएल से बाहर किया था**

3 जनवरी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया था। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद बीसीसीआई ने शाहरुख खान की आईपीएल टीम केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

# ज्वेरेव को हराकर सिनर ने मियामी ओपन के फाइनल में बनाई जगह



मियामी, 29 मार्च (एजेंसियां)। विश्व नंबर दो यानिक सिनर ने मियामी ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने शुक्रवार शाम अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 7-6(4) से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ, सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड भी बना लिया। इसी के साथ वह लगातार दूसरे खिताब की ओर बढ़ गए हैं। सिनर ने कुछ दिन पहले इंडियन वेल्स का अपना पहला खिताब जीता था। वहीं, नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। रविवार को होने वाले फाइनल में, इटली के दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी का मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। लेहेका ने शुक्रवार को आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई है।

# वैभव सूर्यवंशी सीनियर टीम के लिए हुए एलिजिबल

## आईसीसी नियमों के तहत इंटरनेशनल डेब्यू के लिए तैयार

समस्तीपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी आज 15 साल के हो गए हैं। वे अपना जन्मदिन आईपीएल 2026 के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले मना रहे हैं।

आईपीएल में डेब्यू करने के बाद से ही यह चर्चा लगातार चल रही थी कि वैभव को भारत की सीनियर टीम में कब मौका मिलेगा। अब 15 साल की उम्र पूरी करते ही उनका इंतजार खत्म हो गया है। आईसीसी के प्लेयर एलिजिबिलिटी नियमों के अनुसार अब वैभव सीनियर इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह पात्र हो गए हैं।

**2020 में लागू हुआ था नियम**

आईसीसी के प्लेयर एलिजिबिलिटी रेगुलेशंस के आर्टिकल 4.1 के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने देश का प्रतिनिधित्व तभी कर सकता है, जब सीरीज या टूर्नामेंट के पहले मैच तक उसकी उम्र कम से कम 15 साल हो। यह नियम नवंबर 2020 से लागू है। इसका मकसद युवा खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**वैभव सूर्यवंशी के टॉप-3 रिकॉर्ड**

वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर

वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्धशतक लगाया। सेकेंड पोजिशन पर कप्तान रियान पराग है, उन्होंने 17 साल 175 दिन में 2019 में फिफ्टी लगाई थी।

**वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर**

वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं।



**वैभव टी-20 में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर**

टी-20 क्रिकेट में अब तक के सबसे युवा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में वैभव सूर्यवंशी का नाम सबसे ऊपर आता है। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 बॉल में शतक पूरा किया। इसके बाद, विजय जोल ने 18 साल 118 दिन में महाराष्ट्र के लिए मुंबई के खिलाफ 2013 में शतक लगाया था।

**वैभव ने 8 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले**

वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए अबतक 8 फर्स्ट क्लास और 8 ही लिस्ट-ए मुकाबले खेले हैं। वैभव ने फर्स्ट क्लास मैचों में जहां 207 रन बनाएं हैं, तो वहीं लिस्ट-ए में उनके नाम 353 रन दर्ज हैं। उनके नाम 18 टी-20 में 701 रन दर्ज हैं।

# हार्दिक पंड्या की दिलदारी, 10-10 हजार के चेक बांटकर पूरा किया अपना वादा



मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या सिर्फ अपने खेल ही नहीं, बल्कि अपनी लाइफस्टाइल के लिए भी जाने जाते हैं. महंगी घड़ियों से लेकर महंगी स्पोर्ट्स कार तक, हार्दिक पंड्या अक्सर अपने ऐसे शौक के लिए मशहूर हैं. वहीं कभी-कभी मैदान पर या मैदान के बाहर अपने बर्ताव के कारण भी हार्दिक लोगों के निशाने पर रहते हैं. मगर हार्दिक पंड्या एक दिलदार शख्सियत भी हैं और कई बार ऐसा देखने को मिला भी है. मगर इस बार उन्होंने जो किया, वो कम ही दिखता है. हार्दिक ने मुंबई के वानखेडे स्टेडियम के ग्राउंडस्टाफ को एक खास वजह से 10-10 हजार रुपये का चेक बांटा.

आईपीएल 2026 सीजन शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने वानखेडे स्टेडियम में काम करने वाले मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के ग्राउंडस्टाफ के करीब 10-11 लोगों को ये चेक बांटे. मगर इससे पहले कि आप सोचें कि क्या उन्होंने ये चेक आईपीएल के दौरान अच्छी पिच तैयार करने के लिए दिए हैं तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है. हार्दिक ने ये दिल जीतने वाला जो काम किया, इसके पीछे उनका वादा है, जो उन्होंने कुछ वक्त पहले किया था.

जानकारी के मुताबिक, हार्दिक ने ग्राउंड स्टाफ के सदस्यों को 10-10 हजार रुपये इसलिए दिए क्योंकि उन्होंने कुछ वक्त पहले भारतीय ऑलराउंडर की मदद की थी. रिपोर्ट में बताया गया है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले हार्दिक वानखेडे में ही तैयारियों में लगे हुए थे और इस दौरान कई बार वो देर रात तक प्रैक्टिस करते थे, जिसके चलते ग्राउंडस्टाफ को ज्यादा देर तक रुकना पड़ता था. मगर उन्होंने हार्दिक की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी.

# भारत ने अभी तक ओलंपिक में एक भी पदक नहीं : रेवंत रेड्डी

## विधायकों के खेल और सांस्कृतिक मिलन कार्यक्रम का उद्घाटन

### मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने खेलों में नवप्रेरणा देने का संकल्प जताया





हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि राजनीति में निरंतर कार्यरत और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार मेहनत करने वाले लोगों के लिए यह एक अद्भुत अवसर है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी एलबी स्टेडियम में 'तेलंगाना विधायकों के खेल और सांस्कृतिक मिलन-2026 के पहले संस्करण' के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां खेल प्रतिभा दिखाने के लिए मंच तो सीमित हो सकता है, लेकिन एलबी स्टेडियम खेलों की अद्भुत भावना प्रदर्शित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान है। उन्होंने याद दिलाया कि इस मैदान पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कई खिलाड़ी आज मंत्रिमंडल में शामिल हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि क्रिकेट में देश के लिए सम्मान दिलाने वाले अजहरुद्दीन और रणजी क्रिकेट मैच खेलने वाले वाकिटी श्रीहरी वर्तमान में मंत्रिमंडल सदस्य हैं। मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि पहले खेलों को अधिक महत्व दिया जाता था, लेकिन तेलंगाना के गठन के बाद खेलों में रुचि कम हो गई। इसलिए जनता की सरकार ने सत्ता में आने के बाद खेल नीति लागू की और मुख्यमंत्री कप प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवा प्रतिभाओं को बाहर लाने का प्रयास किया। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 140 करोड़ जनसंख्या वाले भारत ने अभी तक ओलंपिक में एक भी पदक नहीं जीता, जबकि 3 करोड़ जनसंख्या वाले दक्षिण कोरिया ने 32 गोल्ड मेडल जीते। दक्षिण कोरिया की खेल विश्वविद्यालयों ने अकेले 16 गोल्ड मेडल प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को हर तरह से प्रोत्साहित कर रही है। छात्रों से उन्होंने आग्रह किया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि बढ़ाएं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। क्रीड़ा भावना बढ़ाने के लिए विश्व फुटबॉल सितारा मेसी को हैदराबाद लाया गया। इसके दौरान कुछ विपक्षी नेताओं ने विवाद खड़ा करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विश्व फुटबॉल स्टार को हैदराबाद लाया गया तो हमारी प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में जानी गई। उन्होंने विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता कि वे राज्य में ड्रग्स से जुड़े किसी व्यक्ति को बुलाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि खेलों को फार्महाउस पार्टियों और नशे से दूर रखा जा रहा है। एलबी स्टेडियम केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा।

इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित करने की योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गच्चीबावली स्टेडियम को विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के योग्य बनाया जाएगा और बेगमपेट हॉकी स्टेडियम को भी सरकार द्वारा विकसित किया जाएगा।

# बीसी आरक्षण के लिए संसद में प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया जाए : हनुमंत राव

## दिल्ली में श्रीराम कल्याणम के आयोजन की मांग



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद वी. हनुमंत राव ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु संसद में प्राइवेट मेंबर बिल पेश करने की मांग की है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी यह बिल पेश नहीं करते हैं तो विपक्षी दल इसका राजनीतिक लाभ उठाएंगे और कांग्रेस पर बीसी वर्ग के प्रति गंभीरता की कमी के आरोप लगाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिल पास हो या न हो, लेकिन इसे पेश कर कांग्रेस को अपनी नीयत साफ करनी चाहिए। हनुमंत राव ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में मल्लिकार्जुन खड़गे, ए. रेवंत रेड्डी और के.सी. वेणुगोपाल को भी पत्र लिखा है, ताकि राहुल गांधी से संसद में यह बिल पेश करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि संविधान की 9वीं अनुसूची में संशोधन के बिना बीसी आरक्षण संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी स्वयं बीसी वर्ग से होने के बावजूद इस वर्ग के लिए न्याय नहीं कर पा रहे हैं। हनुमंत राव ने बताया कि जंतर-मंतर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में इस मुद्दे को लेकर धरना भी किया गया था। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जब भद्राचलम तेलंगाना में है, तो दिल्ली स्थित तेलंगाना भवन में श्रीराम कल्याणम का आयोजन नहीं किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि दिल्ली में भी भगवान श्रीराम के कल्याणम का आयोजन किया जाए।

# आरटीसी समस्याओं का समाधान होगा : पोन्नम

## तीसरे दिन भी जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने आरटीसी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए तीसरे दिन भी संयुक्त जिलों के जनप्रतिनिधियों के साथ आमने-सामने बैठक की। इस बैठक में आदिलाबाद, करीमनगर और खम्मम जिलों के विधायक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नई बसों की व्यवस्था, नए रूट, बस स्टेशनों के विकास, बसों के ठहराव, डिपो की जरूरत और शौचालय निर्माण जैसी समस्याओं पर विस्तार से ज्ञापन सौंपे। मंत्री ने कहा कि 'महालक्ष्मी योजना' के तहत राज्यभर में आरटीसी बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ी है, इसलिए बुनियादी सुविधाओं और बस सेवाओं का विस्तार जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर काम करें और आरटीसी की छवि को बेहतर बनाएं। करीमनगर, आदिलाबाद और खम्मम के विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखते हुए बस स्टेशनों के आधुनिकीकरण, नए डिपो, अतिरिक्त बसों और विशेष रूट्स की मांग की। खास तौर पर धार्मिक स्थलों और दूरदराज क्षेत्रों के लिए बस सेवाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने आश्वासन दिया कि सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से आरटीसी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बस स्टेशनों में शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि नई बसों को जरूरत के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में भेजा जाएगा और राज्यभर में नए रूट्स शुरू करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अंत में मंत्री ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कुत्तों के हमले में आंखों की रोशनी गंवाने वाले बच्चे को सांसद का सहारा



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भुवनगिरी में आवारा कुत्तों के हमले में गंभीर रूप से घायल होकर दृष्टि खो चुके छोटे बच्चे प्रियांश की स्थिति पर भुवनगिरी के सांसद चामला किरण कुमार रेड्डी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। हैदराबाद स्थित एल.वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट में उपचार के बाद छुट्टी पाए बच्चे से सांसद ने स्वयं मिलकर उसका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों से बातचीत कर बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद सांसद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यादाद्री भुवनगिरी जिले के कलेक्टर अनुराग जयंती तथा एम्स बीबीनगर के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चे को भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उसे अत्याधुनिक एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सांसद ने कहा कि खेलने-कूदने की उम्र में इस तरह की घटना अत्यंत दुखद है और पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# कांग्रेस सरकार जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : महेश कुमार गौड़

## निजामाबाद नगर निगम बजट बैठक में भाग लिया



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष व एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने निजामाबाद नगर निगम के वर्ष 2026-27 के बजट बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने शहर के विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में सड़कों, ड्रेनेज, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाए। साथ ही, जनता को उपलब्ध सेवाओं को तेज और सुगम बनाने तथा प्रत्येक वार्ड को समान प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को शहर स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कर निजामाबाद को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सरकार जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और बजट में जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। महेश कुमार गौड़ ने यह भी कहा कि शहर के विकास के लिए उपलब्ध निधियों का सही और प्रभावी उपयोग किया जाए तथा सभी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखी जाए।

# कंटेनर की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

आदिलाबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गुडीहाथनूर मंडल के बाहरी इलाके में शनिवार को एक कंटेनर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति को मामूली चोटें आईं। पुलिस के अनुसार, उत्नर निवासी अफसर खान अपनी पत्नी रुयाना बेगम को डॉक्टर से परामर्श के लिए आदिलाबाद ले जा रहे थे। इसी दौरान कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे रुयाना गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत आरआईएमएस-आदिलाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में अफसर खान को हल्की चोटें आई हैं। गुडीहाथनूर के एसआई श्रीकांत ने बताया कि अफसर की शिकायत पर कंटेनर चालक प्रेमपाल (उत्तर प्रदेश निवासी) के खिलाफ हिट-एंड-रन का मामला दर्ज किया गया है।

# निर्मल जिले की 'पुलिस अक्का' को 'स्कॉच' पुरस्कार मिला

## डीजीपी ने सराहना की, एसपी और पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल जिले की 'पुलिस अक्का' को जिले पुलिस विभाग द्वारा नवाचार के रूप में शुरू किया गया 'पुलिस अक्का' कार्यक्रम अब देशव्यापी मान्यता प्राप्त कर चुका है। इस कार्यक्रम को 'स्कॉच' पुरस्कार प्रदान किया गया और शनिवार को जिला एसपी डॉ.जी. जानकी शर्मिला ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। तेलंगाना राज्य के पुलिस महानिदेशक बी. शिवधर रेड्डी ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि 'पुलिस अक्का' कार्यक्रम करुणामय और संवेदनशील पुलिसिंग का प्रतीक है। यह कार्यक्रम न केवल सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास और साहस पैदा कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। डीजीपी ने आगे कहा कि जिला एसपी जी. जानकी शर्मिला के नेतृत्व में यह पहल सफलतापूर्वक लागू होना गर्व का विषय है। जिला की महिला पुलिस कर्मचारी छात्राओं के लिए बड़ी बहन की तरह मार्गदर्शन प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी समाज में रोल मॉडल बनकर सामाजिक बदलाव की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यह पहल सुरक्षित और मजबूत समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जिला एसपी डॉ.जी. जानकी शर्मिला ने स्वयं भाग लेकर पुरस्कार ग्रहण किया। यह कम्युनिटी पुलिसिंग मॉडल तेलंगाना में पहली बार निरमल जिले में शुरू हुआ था और बेहद कम समय में देशभर में प्रशंसा प्राप्त कर चुका है। 'पुलिस अक्का' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को एक भरोसेमंद मार्गदर्शक के रूप में समर्थन देना है, ताकि वे पुलिस से जुड़ी समस्याओं के समाधान में संकोच न करें। इसके तहत महिला पुलिस अधिकारी केजीवीनी स्कूलों में रात बिताकर छात्राओं की समस्याएं सुनती हैं और उन्हें गुड टच-बैड टच, पॉक्सो कानून, बाल विवाह की रोकथाम जैसी जानकारियां देकर आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। अब तक लगभग 7,000 छात्राओं और महिलाओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ मिला है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के दौरान और डायल 100 कॉल्स का तुरंत जवाब देकर पुलिस ने पीड़ितों को न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। एसपी डॉ.जी. जानकी शर्मिला ने कहा कि एक छोटी सोच से शुरू हुआ यह कार्यक्रम आज राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने के योग्य बन गया है। यह पुरस्कार जिले की महिला पुलिस कर्मियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि छात्राओं में भय दूर कर उनकी समस्याओं को खुलकर साझा करने की हिम्मत पैदा करना ही इस कार्यक्रम की असली सफलता है। डॉ. जानकी शर्मिला ने स्पष्ट किया कि स्कॉच पुरस्कार मिलने से जिम्मेदारी और बढ़ गई है और भविष्य में इन सेवाओं को और विस्तारित कर हर छात्रा को सुरक्षा और आत्मविश्वास देना उनका लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि निरमल जिले की यह उपलब्धि पूरे तेलंगाना पुलिस विभाग के लिए गर्व का विषय है।

# गांजा बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। निषेध एवं उत्पाद शुल्क विभाग की राज्य कार्य बल टीम ने शुक्रवार को उप्पुगुडा इलाके में कार्रवाई करते हुए गांजा बेच रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने उनके पास से 2.1 किलोग्राम गांजा और दो मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद अरबाज (25), निवासी जलपल्ली और सैयद इसरारुद्दीन (18), निवासी मुगलपुरा के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों आरोपी नागपुर के जावेद नामक व्यक्ति से गांजा लाकर स्थानीय ग्राहकों को बेचते थे। इस मामले में पांच अन्य आरोपी- जुनैद, ओमर, मोहम्मद आमेर कुरेशी, आसिया बेगम (सभी तेर्गलकुंटा और फलकनुमा क्षेत्र के निवासी) तथा नागपुर का जावेद फरार हैं। अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# पुलिस ने 30 मिनट में 4 लाख रुपये के गहने बरामद कर लौटाए



हैदराबाद, 28 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में सैफाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 30 मिनट में लगभग 4 लाख रुपये मूल्य के गहने और नकदी बरामद कर एक तीर्थयात्री महिला को सौंप दिए। 27 मार्च की रात करीब 9:30 बजे तमिलनाडु निवासी मणिमेगला पत्नी दोरास्वामी शेट्टी ने सैफाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह लकड़ीकापुल मेट्रो स्टेशन बस स्टॉप पर रैपिडो ऑटो में अपना हैंडबैग भूल गई थीं। बैग में 25 ग्राम सोने की चूड़ियां, 2 ग्राम सोने के कान के टॉप्स, 30 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ए. सीतैय्या ने तुरंत क्राइम टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और रैपिडो सेवा के डेटा की मदद से वाहन और चालक का पता लगाया। कुछ ही समय में ऑटो को चादरघाट इलाके में ट्रेस कर लिया गया। चालक को रोककर बैग बरामद किया गया, जिसमें सभी सामान सुरक्षित मिला।

इसके बाद बैग को थाने लाकर आवश्यक सत्यापन के बाद महिला को सौंप दिया गया। पूरी कार्रवाई मात्र 30 मिनट में पूरी होने पर मणिमेगला ने सैफाबाद पुलिस की तत्परता और ईमानदारी के लिए आभार व्यक्त किया।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.